अंग्रेज़ जासूस के ऐतराफात
और
अंग्रेज़ो की इस्लाम के खिलाफ़ दुश्मनी
मौ० सिद्दिक गूमूश

हकीकत किताबेवी प्रकाशन न० : 14

अंग्रेज़ जासूस के ऐतराफात

और

अंग्रेज़ो की इस्लाम के खिलाफ़ दुश्मनी

मौ० सिद्दिक गूमूश

14वाँ ऐडिशन

हकीकत बुकस्टोर

दारूश्शफ़ेका कैड. **57** पी.के : **35 34083**
फोन: **90.212.523 4556 - 532 5843** फैक्स: **90.212.523 3693**

फातिह-इस्तानबुल/तुर्की

http://www.hakikatkitabevi.com
e-mail: info@hakikatkitabevi.com

हुसैन हिल्मी इशिक
‘रहमतुल्लाही अलैहि’

हुसैन हिल्मी इशिक ‘रहमतुल्लाही अलैहि’ हकीकत किताबेवी की इशाअतों के नाशिर, अय्युब सुल्तान, इस्तानबुल **1329** (**1911** ए.डी) में पैदा हुए थे।

उनकी इशाअत करदा **140** किताबों मे से, **60** अरबी मे, **25** फ़ारसी मे, **14** तुर्की में, और बाकी दूसरी किताबों को अंग्रेज़ी, फ्रेन्च, जर्मन, रशिया और दूसरी ज़ुबानों मे इशाअत किया।

हुसैन हिल्मी इशिक 'रहमतुल्लाही अलैहि' सय्यद अब्बदुल हकीम अरवासी के ज़रिए सिखाए गए इस्लाम के एक अच्छे आलिम और तस्व्वुफ़ के फ़ज़ाइल के बहतर और मुरीदों को पक्के तरीके से राह दिखाने के काबिल शौहरत और अकलमंदी के हाकिम ऐसे मिजाज़ के थे, इस्लाम के महान आलिम खुशियों की राह दिखाने के काबिल थे, और वे **25** अक्तूबर सन **2001** की बीच रात के दौरान (**8** शाबान **1422**) मे वफ़ात पा गए। जहाँ वे पैदा हुए थे, अय्युब सुल्तान मे उन्हे दफ़नाया गया।

पब्लिशर नोट

हमारी यह इलतिजा है कि अगर कोई इस किताब को छपवाऐ तो इसके सफ़हों की क्वालीटी अच्छी हो, बिल्कुल सही तरीके से और बग़ैर गलती के छपवाया जाए।

एक अहम नोट: ईसाई मिशनरी अपनी बातों को फ़ैलाने की कोशिश कर रहे हैं, यहूदी लोग भी अपनी बातों को फ़ैलाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हकीकत किताबेवी (बुकस्टोर) जोकि इस्तानबुल में है। इस्लाम को फ़ैलाने की जद्दोजहद कर रहे हैं जबकि बहुत लोग इस्लाम को नुकसान पहुँचाने मे लगे हुए हैं। जो इन्सान अक्ल रखता है जानकारी रखता है और दिल से सही रास्ते की तलब करता है तो वह यकीनन सीधी राह को पा लेगा। जितनी भी राहें उसे मिलें वह उनमें से वे राह चुनेगा जो इन्सानियत की निजात के लिए हो। इससे ज़्यादा अच्छा या कीमती और कुछ नहीं हो सकता के इन्सानियत की भलाई के लिए काम करते रहना यही हमारा मकसद है।

तुर्की मे छापा और इशाअत किया गया:

ILHAS GAGETECILIK A.S.

मर्कज़ माह. 29 एकिम जद्र. इहलास प्लाज़ा नः 11A.]41

34197 येनिबोसना-इस्तानबुल फोनः 90 .212 .454 3000

दिबाचा

अल्लाह तआला ने कुरआन अल करीम की **सूरह माएदा** की बयासीवीं आयत में फरमाया, "इस्लाम के सबसे बड़े दुश्मन यहूदी और मुश्रिकीन हैं।" इस्लाम को अंदर से खत्म करने के लिए भड़काया गया पहला फसाद यमन के एक यहूदी, जिसका नाम अब्दुल्लाह बिन सेबे की तदबीर से था। उसने **अहल अस-सुन्ना** एक सच्ची मुस्लिम जमात के खिलाफ़ शिया उल्मा के लिबादे में हर सदी में इस फिरके को मज़बूत करते आए हैं। 'ईसा अलैहिस्सलाम' के इरतफ़ाह/उठाए लिए जाने के बाद कई खराब बाएबलें लिखी गई। ज़्यादातर ईसाई **मुशिरक** (वो जो एक से ज़्यादा खुदा को मानें) बन गए। दूसरे **काफिर** (कुफ़्र करने वाले) बन गए क्योंकि वे मुहम्मद अलैहिस्सलाम पर यकीन नहीं रखते। इन्ही यहूदीयों को **अहल-ए किताब** (आसमानी किताब के साथ वाले लोग) कहा जाता था। जब इस्लाम कायम हुआ, तो पादरियों की हुकमारानी, जैसे कि सियाह ज़माने में थी, उसे खत्म कर दिया गया। उन्होने इस्लाम को खत्म करने के लिए मिशनरी तनज़ीमों की बुनियादी रखी। फिरंगी इस सिलसिले में नकीब थे। इस्लाम के खिलाफ़ लड़ने के नुकत ए-नज़र से दौलत मुशरका की एक वज़ारत लंदन में कायम की गई। लोग जो इसमें काम करते थे उन्हें यहूदी दाओ पैच सिखाए गए। बगैर सोचे समझे शैतानी मंसूबो की तदबीर की गई। इस्लाम पर हमला करने के लिए उन्होंने सारी दस्तायब फौजी और सियाही ताकतों का इस्तेमाल किया ।

हज़ारों मर्द और औरत एजंट वुज़ारत के ज़रिए नौकरी पर रखें गए और सारे मुल्कों मे भेजे गए उन्ही मे एक हेमफर था। जिसने एक शख्स जिसका नाम मुहम्मद था नजद का को बसरा मे, फँसाया, और कई साल उसे गुमराह

किया, और **1125** [**1713** ए. डी] में **वहाबी** फ़िरका कायम करने का सबब बना। उन्होने **1150** में इस फिरके का एलान किया।

हेमफर एक ब्रिटिश/अंग्रेज़ है जिसे अंग्रेज़ी मुशतरका दौलत की वज़ारत के ज़रिए मिस्र, इराक, हिजाज़ और इस्तानबुल, (इस्लामी) खिलाफत क मर्कज़ में जासूसी सरगर्मियों को चलाने का, मुसलमानों को गुमराह करने और ईसाईयत की खिदमत करने का काम सौंपा गया था। ।कोई बात नहीं चाहे कितना ही इस्लाम के दुश्मन मेहनत कोशिश करलें इस्लाम का सफ़ाया करने की, फिर भी वो कभी अल्लाह तआला की रोशनी को बुझाने मे कामयाब नहीं हो सकते। इसलिए अल्लाह तआला ने मंदरजाज़ेल फरमाया, जैसे के सूरह यूसुफ़ की बारहवीं और तिरसठवीं आयतों और सूरह हिजर की नवीं आयत में कुरआन अल करीम में वाज़ेह हैः **"मैंने ये कुरआन तुम पर नाज़िल किया। हकीकत में मैं इसका मुहाफ़िज़ हूँ।"** काफ़िर इसकी बेहुरमती, तबदील या इसे नापाक नहीं कर सकेंगे। वो कभी रोशनी को नहीं बुझा सकते। अल्लाह तआला ने कुरआन अल करीम को अपने महबूब नबी मुहम्मद 'अलैहिस्सलाम' पर अपने फरिश्ते जिबरईल के ज़रिए थोडा-थोडा तेईस साल में उतारा। अबू बक्र "रज़ीअल्लाहु तआला अन्ह," पहले खलीफ़ा, के पास **6236** आयतें थीं जो अल्लाह तआला के ज़रिए भेजी गई, उन्हें मिलाया/मरतब किया गया, और इस तरह एक आला किताब **मसहफ़** तशकील की गई। मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने अपने असहाब-ए किराम को पूरा कुरआन अल करीम वाज़ेह किया। इस्लामी आलिमो ने जो कुछ असहाब-ए किराम से सुना उसे लिख लिया। इस तरह हज़ारों तफ़सीर (वज़ाहत) की किताबें कायम हुई और हर मुल्क में उन्हें छापा गया। सारी जो कुरआन अल करीम की कॉपियाँ जो आज दुनिया में मौजूद हैं वो सब एक जैसी हैं। उनमें से एक में भी कोई वाहिद लग़वी या तफ़रीकी निशान की अलामत नहीं मिलती। चौदह सादियों से मुसलमान कुरआन अल करीम के ज़रिए सिखाए गए बराईट तरीके से काम कर रहें हैं और इल्म में,

अखलाकियात में, साईंस, फ़नून, तिजारत और सियासत में तरक्की कर रहें हैं। उन्होंने बड़ी रियास्तें कायम कीं। फ्रांसीसी इंकलाब के बाद **1204** [सी.ई **.1789**] में, यूरोपीय जवानों ने बेहयाई, मज़ालिमों, डकैतियों और झूठ को गिरजा घरों और पादरियों के ज़रिए बढ़ावा देते हुए देखा, और, जिसके नतीजे में, उनमें से कुछ मुसलमान बन गए, जबकि दूसरे मुलहिद बन गए। ईसाई मज़हब से दूर, उन्होंने साईन्स और टेक्नॉलोजी में ज़्यादा तरक्की की। ईसाईयत दुनियावी कोशिशों और तरक्की के लिए रूकावट थी। और कुछ मुसलमान, ईसाईयत पर तंकीद करने के लिए इन नौजावान लोगों के ज़रिए लिखी गई किताबों को पढ़ते हैं, और अंग्रेज़ मिशनारियों के ज़रिए इस्लाम के खिलाफ़ झूठ और तोहमतों की हिदायत पर यकीन रखते हैं, वो इस्लाम से बिल्कुल गाफ़िल हो जाते हैं। जैसे के वो इस्लाम से परे होते हैं, वो साईन्स में कम होने लगते हैं। इस्लाम के खास अहकाम में से एक में दुनियावी तरक्की के लिए काम करना है।

अंग्रेज़ी सरकार की पॉलिसी बुनियादी तोर पर दुनिया की कुदरती दौलत, खासतौर से जो अफ्रिका और भारत में हैं उसको इस्तेहासील करने और वहाँ के रहने वालों को जानवरों की तरह काम पर लगाकर और सारी बरामद आमदनी ब्रिटेन में भेजने पर मुबनी है। लोग जिनको इस्लाम पाने की खुशकिस्मती हासिल हैं, वो मज़हब जो इंसाफ़, आपसी प्यार और ज़कात का हुकूम देता है, वो अंग्रेज़ी मज़ालिम और झूठ के लिए एक बड़ी रूकावट बनें।

हमने अपनी इस किताब को तीन हिस्सों में तैयार किया हैः

पहला हिस्सा, जिसके सात हिस्से हैं, जो अंग्रेज़ जासूसों की गिवतों पर मुशतमिल है। इन्हे इस्लाम का सफ़ाया करने के लिए अंग्रेज़ों के ज़रिए डिज़ाइन किया गया।

दूसरा हिस्सा अंग्रेज़ी कपट के बारे में है के किस तरह उन्होंने मुस्लिम मुल्कों में अपनी गददार मंसूबावदी को डाला, किस तरह उन्होंने सियासतदानों को धोखा दिया, किस तरह उन्होंने नाकाबिले गौर तलब अज़ाब मुसलमानों पर नाज़िल किया, और किस तरह उन्होंने हिंदुस्तानी और उसमानिया रियास्तों को खत्म किया। किस तरह यहूदी और अंग्रेज़ों ने इस्लाम पर हमला किया ये **हकीकत-उल यहूद** से कोटेशन के साथ बताया गया, जिसे फौद बिन अबर्दु रहमान रूफ़ाई के ज़रिए लिखा गया और मकतबातुसहाबेतुज इस्लामिया कुवैत-सफ़ात-सनिमिया में छापा गया। हमारी किताब के इस हिस्से को ऐसी दस्ताविज़ात के साथ तसदीक किया गया है जो उन गरीब मुसलमानों को जगा देंगे जो वहावियों के जाल में फँस गए हैं और अहल अस सुन्नत के आलिमों की तहरीरों की हिमायत करेंगे।

मिलादी	हिजरी शमसी	हिजरी कमरी
2001	**1380**	**1422**

सेकशन एक
पहला हिस्सा

हेमफर का कहना हैः

हमारा ग्रेट ब्रिटेन बहुत वसीअ है। सूरज इसके समुंद्रों के ऊपर उगता है, और दोबारा, इसके समुंद्रो में गुरूब होता है। अभी तक हमारी रियास्त भारत, चीन और मशरिक बस्ती में इसकी कालोनियों के नसबतन कमज़ोर है। ये मुल्क पूरी तरह हमारे कबज़े में नहीं है। ताहम, हम इन जगाहों पर फआन और कामयाब पॉलिसी चला रहें हैं। हम बहुत जल्दी इन सब पर अपना पूरा काबू कर लेंगे। दो बातें अहमियत की हामिल हैंः

1- जो जगहें हम पहले ही हासिल कर चुके हैं उन्हे बरकारार रखनें के लिए कोशिश करना;

2- जो जगहें हमने अभी तक हासिल नहीं की हैं उनको हा[सिल करने के लिए कोशिश करना।

मुशतरका दौलत की विज़ारत ने हर कालोनी से इन सब कामों को करने के लिए एक कमीशन की तफ़वीज़ की। जैसे ही मैं मुशतरका दौलत की विज़ारत में शामिल हुआ, वज़ीर ने मुझ पर भरोसा कर लिया और मुझे मशरीकी भारत में हमारी कम्पनी का मुनतज़िम बना दिया। देख़ने मे ये एक तिजारती कम्पनी थी। लेकिन इसका असली मक़सद भारत की बड़ी ज़मीनों पर काबू हासिल करने के तरीकों को ढूँढने का था।

हमारी सरकार भारत के बारें में बिल्कुल परेशान नहीं थी। भारत एक ऐसा मुल्क था जहाँ मुखतलिफ़ कौमों के लोग, मुखतलिफ़ ज़बानें बोलने वाले,

और मुखतलिफ़ मफ़ादात रखने वाले लोग एक साथ रहते थे।नाही हम चीन से भयभीत थे।चीन में बौद्ध और कन्फयूशीवाद मज़हब थे, जिनमें से कोई एक भी ज़्यादा खतरे वाला नहीं था।वो दोनो मुरदा मज़हब थे जो सिवाए बुतों की शक्लों के कुछ और नहीं थें।इस वजह से, इन दोंनो मुल्कों में रहने वाले लोगों में मुश्किल से ही वतन परस्ती की भावनाएँ थी।ये दोनों मुल्कों से हमें, अंग्रेज़ी सरकार को कोई परेशानी नहीं थी।फिर भी जो वाक्यात बाद में हुए वो हमारी सोच से बाहर नहीं थे।इसलिए, इन मुल्कों में झगड़े, जहालत, गरीबी, और बीमारियों को भी छेड़ने का हमारा लम्बा मंसूबा था।हम इन दोंनो मुल्कों के रस्मों रिवाज की नकल करते थे, इस तरह आसानी से अपनी नीयतों को छुपा लेते थे।

हमारे असाब पर जो भारी था वो था इस्लामी मुमालिक।हम कुछ इकरारनामें पहले से ही कर चुके थे, वो सारे ही हमारी तरक्की के लिए थे,

sich man (उसमानिया सल्तनत) के साथ।मुश्तरका दौलत की विज़ारत के तर्जुबेकार रूकन का अंदाज़ा था के ये sich man एक सदी से भी कम अरसे में खत्म हो जाएगी।इसके साथ, हमने कुछ खुफ़िया करारदादें ईरान सरकार के साथ भी कीं और इन दोंनो मुल्कों में सियासतदान भेजे जिन्हें हमने मेअमार बनाया।रिश्वतखोरी, नाकाबिल मुनतज़िम और थोडी मज़हबी तालीम जैसी बुराइयाँ पनपी, जो बदले में खुबसूरत औरतों और लगातार अपने फराईज को नज़रअंदाज़ करने में तबदील हो गई, जिसने इन दोंनो मुल्कों की रीढ़ की हडडी तोड़ दी।इन सबके बावजूद, हम परेशान थे के हमारी सरगरमीया हमारी उम्मीद के मुताबीक नतीजा नहीं दे पा रहीं थी।जिनकी वजाहों का में नीचे हवाला देने जा रहा हूँ।

1- मुसलमान पूरे तरीके से इस्लाम पर कुर्बान थे।हर वाहिद मुसलमान इस्लाम से इतनी मज़बूती से जुड़ा है जैसे के एक पादरी या दरवेश ईसाईयत से,

जैसे के जाना जाता है, पादरी और दरवेश ईसाईयत को छोड़ने के बाजाए मरना पसंद करेंगे।इनमें सबसे ज़्यादा खतरनाक लोग ईरान में शियाअ हैं।इसलिए वो जो शियाअ नहीं होते उन लोंगो को काफ़िर और गंदा मानते हैं और नीचे रखते हैं।शियाओं के मुताबिक ईसाई नुकसानदह गंदगी हैं।ज़ाहिर है, एक शख्स अपने आपको गदंगी से बचाने के लिए अपना अच्छा ही करेगा।एक बार मैंने एक शियाअ से ये पूछाः तुम ईसाईयों को इस तरह क्यों देखते हो? मुझे जो जवाब दिया गया वो ये थाः "इस्लाम के नबी बहुत दाना शख्स थे।उन्होंने ईसाईयों को रूहानी जबर में रखा ताकि उनको अल्लाह के मज़हब, इस्लाम में शामिल होने के लिए सही रास्ता ढूँढने की वजह मिले।दरअसल, ये एक रियास्ती पॉलिसी है के ऐसे शख्स को जिसे खतरनाक पाया जाए उसे रूहानी जबर में रखाना जब तक के वो फरमाबरदारी की कसम न खाले।मैं जो गंदगी की बात कर रहा हूँ वो माली नहीं है; ये रूहानी जबर है जो सिर्फ़ अकेले इसाईयों पर नहीं है।ये सारे सुन्नियों और सारे काफ़िरों को भी शामिल करता है।हमारे कदीमी magian ईरानी बुर्जुग भी शियाओं के मुताबिक गंदगी थे।"मैंने उससे कहाः" ठीक है।सुन्नी और ईसाई अल्लाह में, नाबियों में, और आखिरत के दिन, में भी यकीन रखते हैं; फिर क्यों वो, गंदगी हुए? उसने जवाब दिया, "वो दो सबब की वजह से मैले हैंः वो हमारे नबी, हज़रत मुहम्मद-पर झूठा होने की तोहमत लगाते हैं-अल्लाह हमें ऐसे किसी भी काम को करने से बचाए।" और हम, इस वहशियाना तोहमत के जवाब में, इस कानून को मानते हैं जो इस में कहा गया है, अगर एक शख्स तुम पर अज़ाब करता है, 'तुम बदले में उस पर अज़ाब करो, और उनसे कहोः तुम गंदे हो।' दूसरी बात; ईसाई अल्लाह के नबियों पर गलत तोहमतें लगाते हैं।मिसाल के तौर पर, वो कहते हें ः "ईसा(जिस्स) अलैहिस्सलाम शराब पीते थे क्योंकि वो लानती थे, उन्हें सूली पर चढ़ाया गया।"

नोट ः असलियत, जो हमारे नबी पर झूठ की तोहमत लगाते हैं वो शियाअ और ईसाई हैं। भटके हुए ईमान, हुरूफ़ और गंदे काम शियाओं के जो हमारे नबी और कुरआन अल-करीम के साथ नहीं मिलते वो लिखे गए हैं और हर एक गलत सावित किया गया है। अहल-ए-सुन्नत की किताबों में जैसे के **अस सवाइक उल-मुहरिका, तोहफा-ए इस्ना अशारिया, तेयईद-ए किराम, हुजाज-ए कतिये, और मिलान व निहाल। सवाइक** के लिखने वाले अहमद इवनि हजर मक्की **974** [**1566** ए.डी.] ने मक्का में वफ़ात पाई; **तोहफ़ा** के लिखने वाले अब्दुल अज़ीज़ ने **1239** [**1834** ए.डी.] में दिल्ली में वफ़ात पाई ; **तेयईद** के लिखने वाले इमाम-ए रब्बानी अहमद फारूकी ने **1034** [**1624**ए.डी.] में सरहिंद में वफ़ात पाई, **नाहिये** के लिखने वाले अबदुल अज़ीज़ फरहारवाी ने **1239** [**1824** ए.डी.] में वफ़ात पाई; **असहाब-ए किराम** के लिखने वाले अब्दुलहकिम अरवासी ने **1362** [**1945** ए.डी.] में अकांरा में वफ़ात पाई; **हुजाज** के लिखने वाले अबदुल्लाह सुवेदी ने **1174** [**1760**ए.डी.] में बग़दाद में वफ़ात पाई; **मिलाल** के लिखने वाले मुहम्मद शिहरिस्तानी ने **548** [**1154** ए.डी.]में बग़दाद में वफ़ात पाई]

सहम में, मैंने आदमी से कहा के ईसाईयों ने ऐसा कुछ नहीं कहा। “हाँ, उन्होंने किया,” उसका जवाब था,” और तुम नहीं जानते। ऐसा पाक बाएवल में भी लिखा है।” मैं चुप हो गया। आदमी पहले मामले में सहीं था, लेकिन दूसरे मामले में सहीं नहीं था। मैं झगडें को जारी नहीं रखना चाहता था। वरना, वो मेरे बारे में शक में पड़ जाते मैं इस्लामी कपडों में था। इसलिए मैं ऐसे झगडें नज़र-अंदाज़ करता था।

2- इस्लाम हुकूम और मुनतज़िम का मज़हब था। और मुसलमानों को इज़्जत दी जाती थी। इन इज़्जतदार लोगों को ये बताना बहुत मुश्किल था के अब वो गुलाम हैं। नाही ये मुमकिन था के इस्लामी तारीख को झूठा करार दिया जाएः इज़्जत और मरतबा जो तुमने एक बार हासिल किया वो कुछ (हिमायत)

शर्तो का नतीजा थी। वो दिन अब जा चुके हैं, और वो कभी वापिस नहीं आएंगे।

3- हम बहुत परेशान थे के उसमानिया सल्तनत और ईरानी हमारे मसूंबे को समझ जाएंगे और उसे नाकाम करेंगे। इस हकीकत के बावजूद के यें दोंनो रियास्तें काबिले और गौर कमज़ोर हो चुकी थीं, हम फिर भी मुतमईन नहीं थें क्यांकि उनके पास माल, हथियार, और ताकत के साथ मरकज़ी हुकूमत थी।

4 हम इस्लामी आलिमों के बारे में बिल्कुल बेसुकून थे। क्योंकि इस्तानबुल, अल-अज़हर, ईराकी और दमीकश के आलिम हमारे मकासिद में कभी पार न की जाने वाली रूकावटे थे। वो इस तरह के थे जो कभी अपने उसूलों को छोटी सी हद से भी सुलह नहीं कर सकते क्योंकि वो दुनियावी नापाएदार खुशियों और चाहतों से परे कर चुके हैं और अपनी आँखे जन्नत की तरफ लगा दी हैं और जिसका कुरआन अल करीम ने वादा किया है। लोग उनकी तकलीद करते थे। यहाँ तक के सुल्तान भी उनसे ड़रता था। सुन्नी शियाओं की तरह आलिमों से जुड़ें हुए नहीं थें। शियाअ कितावें नहीं पढ़ते थे; वो सिर्फ़ आलिमों को पहचानते थे, और सुल्तान को कोई इज़्ज़त नहीं देते थें। दूसरी तरह, सुन्नी, किताबे पड़ते थे, और आलिमों और सुल्तान की इज़्जत करते थे।

इसलिए हमने मजलिसों का एक सिलसिला तैयार किया। फिर भी हर बार जब हम कोशिश करते हमें नाकामी के साथ देखना पड़ता के हमारे लिए रास्ता बंद था। जों खबरें हमें अपने जासूसों से मिलतीं वो हमेशा महरूमी वाली होंती औार यें मजलिसों सिफ़र पर आ जातीं। फिर भी, हमने उम्मीद नहीं छोड़ी। क्योंकि हम ऐसे लोग थे जो एक गहरी सांस लेने के आदी थे और इतमिनान सें काम करने वाले थे।

खुद वज़ीर, आला पादरियों के हुकूम, और कुछ माहिरीन ने हमारी मजलिसों में से एक में शिरकत की। हम वहाँ पर बीस लोग थे। हमारी मुलाकात तीन घंटे तक चली, और आखिरी बैठक बग़ैर किसी फाएदेमंद नतीजे पर पहुँच बंद हो गई। फिर भी एक पादरी ने कहा," परेशान मत हों! मसिहा और उसके साथियों ने हुकूमत कष्टों के बाद ही हासिल की जो तीन सौ सालों तक कायम रहीं। ये उम्मीद है के, अनजानी दुनिया से, वो हम पर अपनी नज़र करे और हमें काफ़िरों (उसका मतलब था मुसलमान) को बेदखल करने की खुशकिस्मती बख्शे, उनको मरकज़ों से, चाहें वो तीन सौ साल बाद हो। मज़बूत यकीन और लम्बे सबर के साथ, हमें अपने आपको मुसललह करना चाहिए! ताकत हासिल करने के लिए, हमें सारी तरह के ज़रिए पर काबू करना होगा, हर मुमकिन तरीका इस्तेमाल करना होगा। हमें मुसलमानों के दरमियान ई-साईयत को फैलाने की कोशिश करनी चाहिए। ये हमारे लिए अच्छा है के हम अपने मकसद को पहचाने, चाहे वो सदियों बाद ही क्यों न हो। इसलिए के बाप अपने बच्चों के लिए काम करते हैं। "एक मजलिस रखी गई, और रूस और फ्रांस यहां तक के इंग्लैण्ड़ से सफ़ीरों और मज़हबी आदमियों ने शिरकत की। मैं बहुत खुशकिस्मत था। मैंने, भी, इसमें शिरकत की क्योंकि मेरे और वज़ीर के अच्छे तअल्लुकात थे। मजलिस में, मुसलमानों को गुपों में तोड़ने और उन्हें अपने ईमान को छोड़ने और उन्हें घेर कर (ईसाईयत) के ईमान पर लाया जाए स्पेन की तरह ये सब मंसूबे इसमें बनाए गए। अभी तक नतीजे वहाँ तक नहीं पहुँचे जैसे के मैंने अपनी किताब "इला मलाकूत-इल-मसीह" में इस मजलिस में हुई सारी बातें लिख दी हैं। ये बहुत मुश्किल होता है के अचानक एक ऐसे पेड़ को जड़ से उखाड़ फैंकना जिसने अपनी जड़े ज़मीन की गहराइयों में पहुँचाई हुई हों। लेकिन हमें अपनी मुश्किलों को आसान बनाना होगा और उन पर काबू पाना होगा। ईसाईयत फैलेगी। हमारे आका मसीह ने इसका हमसे वादा किया हैं। बुरे हालात जो मशरिक और मग़रिब में हैं वो मुहम्मद की मदद कर रहें हैं। वो हालात चले जाएंगे, इस रूकावट (उसका मतलब हैं इस्लाम) को साथ

ले जाएगी जो उनके साथ हैं। हम आज खुशी से देखते हैं के हालात पूरे तौर पर तबदील हो चुकी हैं। हमारी विज़ारत और दूसरी ईसाई हुकूमतों के आला कामों और कोशिशें की वजह से अब मुसलमान तरक्की ज़वाल पर हैं। दूसरी तरफ़, ईसाई ऊरूज पा रहें हैं। ये वक्त हैं हमें उन जगहों को दोबारा हासिल कर लेना चाहिए जो हम सादियां से खो चुके हैं। ग्रेट ब्रिटेन की ताकतवर रियास्त ने इस मुबारक काम [इस्लाम को पामाल करने की] की रहनुमाई की।

सेकशन एक
दूसरा हिस्सा

हिजरी साल **1122**, सी.ई. **1710** में, मुशतरका दौलत की विज़ारत ने मुझे मुसलमानों को तोड़ने के लिए ज़रूरी और काफ़ी जानकारी हासिल करने के लिए जासूस बनाकर मिस्र, ईराक, हिदजाज़ और इस्तानबुल भेजा। इसी मिशन के लिए और इसी वक्त विज़ारत ने नौ और लोंगों का तकरूर किया, जो जोशिले/फुरतिले और बहादुरी से भरे थे। पैसे के साथ, हमें इतलाआत और नक्शे चाहिए थे, हमें एक फ़हरिस्त दी गई जिसमें सियास्तदानों, आलिमों, और कबिलों के सरदारों के नाम थे। मैं कभी भूल नहीं पाऊँगा! जब मैने सैकरेटरी को विदाई दी, उसने कहा, "हमारी रियास्त का मसतकबिल तुम्हारी कामयाबी पर मुबनी हैं। इसलिए तुम अपनी सबसे ज़्यादा ताकत लगा देना।"

मैं इस्तानबुल, इस्लामी खिलाफ़त के मरकज़ के लिए जहाज़ से रवाना हुआ। मेरे बुनियादी फर्ज़ के अलावा, मुझे तुर्की ज़बान भी बहुत अच्छी तरह सीखनी थी,जो वहाँ के मुसलमानों की वो मादरी ज़बान थी। मैंने लंदन में तुर्की की अरबी (कुरआन की ज़बान) और फ़ारसी, ईरानियों की जुबान की अच्छी खासी मिकदार सीख ली थी। फिर भी एक ज़बान को सीखना उसे बोलने से ज़्यादा मुश्किल है वहाँ के रहने वाले बोलने वालों की तरह। जबकि महारत कुछ सालों में हासिल की जा सकती हैं, बाद वालो के लिए इसे वक्त से कई गुना ज़्यादा वक्त दरकार होता है इसे पाने के लिए। मुझे तुर्की उसकी पूरी बारिकियों के साथ सीखनी थी ताकि लोग मुझ पर शक न करें।

मैं परेशान नहीं था के वो मुझ पर शक करेंगे। इसलिए के मुसलमान बरदाशत वाले खुले दिल के,रहमदिल थे, जैसे के उन्होंने अपने नबी मुहम्मद अलैहिस्सलाम से सीखा था। वो हमारी तरह वहमी नहीं थे। फिर भी, उस वक्त में तुर्की हुकूमत के पास जासूसों को पकड़ने की कोई तंज़ीम नहीं थी।

बहुत थाकाने वाले समुंदरी सफ़र के बाद मैं इस्तानबुल आ गया। मैंने कहा मेरा नाम मुहम्मद था और मस्जिद, जाना शुरू कर दिया। मुझे मुसलमानों का नज़्मों खबत, सफ़ाई और फरमबरदारी को अपनाने का तरीका पसंद आया। एक लम्हें के लिए मैंने अपने आपसे कहाः हम क्यों इन मासूम लोंगो से लड़ रहे हैं? क्या इसकी हमारे आका ईसा मसीह ने सलाह दी थी? लेकिन मैं फौरन ही इस शैतानी [!] सोच से बाहर निकल गया, और अपने फ़र्ज़ को पूरे अच्छे तरीके से करने का फ़ैसला किया। इस्तानबुल में मैं एक बुढ़े आलिम जिनका नाम "अहमद एफ़ंदी" था उनसे मिला। खुबसूरत अतवार, खुले दिल, रूहानी हमवारी और रहमदिली के साथ, मैंने अपने किसी भी मज़हबी आदमी को उनके बराबर नहीं पाया। ये शख्स दिन और रात अपने आपको नबी मुहम्मद के जेसा बनाने की कोशिश मे थे। इनके मुताबीक नबी सबसे मुकम्मल, आला आदमी थे। जब भी वो उनका नाम लेते उनकी आँखे गिली हो जाती थीं। मैं बहुत ज़्यादा खुशकिस्मत था के, उन्होंने कभी मुझ से ये नहीं पूछा के मैं कौन हूँ या मैं कहा से आया हूँ। वो मुझे "मुहम्मद एफ़ंदी" कहकर बुलाते। वो मेरे सवालों के जवाब देते और मुझे ध्यान और शफ़कत के साथ सुलूक करतें। क्योंकि उन्होने माना की मे इस्तानबुल तुर्की में काम के लिए आया हूँ और ख़लिफा के साए में रहना चाहता हूँ। नबी मुहम्मद के नुमाइंदा। दरअसल, यही बहाना मेने इस्तानबुल मे टहरने के लिए किया था। एक दिन मैने अहमद एफ़ंदी से कहाः "मेरे वालदेन मर गए। मेरे कोई भाई और जाएदाद भी नहीं है। मैं इस्लाम के मरकज़ में आया हूँ रोज़ी कमाने और कुरआन अल-करीम और सुन्नत को सीखने, यानी, दुनियावी ज़रूरयात और आखिरत में मेरी

ज़िंदगी को सवारने के लिए कमाने के लिए। वो मेरी ये बातें सुनकर वहुत खुश हुए, और कहा, "तुम इन तीन चीज़ों की वजह से इज़्जत के लायक हों।" इन्होंने जो कहा था मैं बिल्कुल वहीं नीचे लिख रहा हूँः

"**1**- तुम एक मुसलमान हो। सारे मुसलमान भाई हैं।

"**2**- तुम एक मेहमान हो। रसूलुल्लाह 'सल्लल्लाहु आलैहि वसल्लम' ने फरमायाः

"अपने मेहमान के साथ अच्छी मेहमनदारी करों!"

"**3**- तुम काम करना चाहते हो। यहाँ एक अहदीस-ए शरीफ़ से ये बयान है "एक शख्स जो काम करता है वो अल्लाह का मुवारक हो जाता है।"

इन बातों ने मुझे बहुत ज़्यादा खुश किया। मैंने खुद से कहा, क्या ईसाईयत में भी ऐसी चमकदार सच्चाइयाँ हैं! ये एक शर्म की बात है के इसमे ऐसा कुछ नहीं। मुझे जिस बात से हैरानी हुई वो हकीकत थी के इस्लाम एक महान मज़हब हे। जैसे के ये इन बादज़ात लोगो की साज़िश के हाथो रज़ील हो रहा था जो ज़िंदगी में क्या चल रहा हे उस्से बिल्कुल वाबस्ता नही थे।

मैने अहमद एफ़ंदी से कहा मैं कुरआन अल-करीम सीखना चाहता हूँ। उन्होंने जवाब दिया के वो मुझे खुशी से सिखा देंगे, और मुझे (फ़ातिहा सूरह) पढानी शुरू की। जैसे हम पढ़ते वो मआनी बताते जाते। मुझे कुछ लफ़्ज़ कहने में बहुत मुश्किल थी। दो साल के वक्त में मैंने पूरा कुरआन अल-करीम पढ़ लिया। हर सबक से पहले वो वुज़ू करते थे और मुझे भी हुकूम देते थे वुज़ू करने के लिए। वो किब्ले (काबा) की तरफ़ बैठते थे और फिर पढ़ाते थे।

मुसलमान जिसे वुज़ू कहते हैं वो धुलाई का एक सिलसिला हैं, मंदरजाज़ेलः

1) मुँह को धोने;

2) सीधे हाथ को धोना उँगलियों से कोहनियों तक;

3) उल्टे हाथ को धोना उँगलियों से कोहनियों तक;

4) मसह करना (दोनों हाथों को गिला करना और आराम से रगड़ना) सिर का, कानों के पीछे, (पीछे से) गर्दन को;

5) दोनो पैरों को धोना।

मिस्वाक का इस्तेमाल करना मुझे बहुत ज़्यादा परेशान करता था। "मिस्वाक" एक टहनी हैं जिस के साथ वो अपने मुहँ और दाँतों को साफ करते हैं।मैं सोचता था ये लकड़ी का टुकड़ा मेरे मुहँ और दाँतों को नुकसान पहुँचाएगा।कभी-कभी ये मेरे मुहँ में लग जाती थी और खून निकलने का सबब बनती थी।फिर भी मुझे इसे इस्तेमाल करना पड़ता था।इसलिए, उनके मुताबिक, "मिस्वाक" का इस्तेमाल करना नबी की मुअक्कद सुन्नत हे।वो कहते थे ये लकड़ी बहुत फ़ाएदेमंद हैं।वाकई में, मेरे दाँतों से खून निकलना बंद हो गया।और गंदी सांस जो उस वक्त तक मेरे में थी, और जो ज़्यादातर अंग्रेज़ लोगों में होती है, वो चली गई।

1- इस्तानबुल में रूकने के दौरान मैं एक कमरे में रातें गुज़ारता था मैंने एक आदमी से किराए पर लिया था जो एक मस्ज़िद में काम करने की ज़िम्मेदारी पर था।इस नौकर का नाम "मरवन एफ़ंदी" था।मरवान नबी मुहम्मद के सहाबा (साथियों) में एक का नाम था।नौकर बहुत बैचन आदमी था।वो अपने नाम के बारे में मग़रूर था और मुझ से कहता के अगर आगे उसका कोई बेटा हुआ तो वो उसका "नाम मारवान, रखेगा, क्योंकि मारवान इस्लाम के आला जंगजुओं में से एक थे।" "मरवान एफंदी" शाम का खाना तैयार

करता। मैं जुमे में काम पर नहीं जाता, मुसलमानों के लिए छुट्टी होती हैं। हफ़्ते के बाकी दिन मैं एक बढ़ई जिसका नाम खालिद था उसके लिए काम करता, हफ़्ते के हिसाब से पैसा मिलता, क्योंकि मैं आधा वक्त करता था, यानी सुबह से दोपहर तक, वो मुझे दूसरे मुलाज़िमों के मुकाबले आधी आमदनी देता। ये बढ़ई अपना ज़्यादातर खाली वक्त "खालिद बिन वालीद" की नेकियों को बताने में गुज़रता था। खालिद बिन वालीद, नबी मुहम्मद के सहाबाओं में से एक, एक आला मुजाहिद (इस्लाम के लिए एक सिपाही) थे। उन्होंने बहुत सारी इस्लामी जंगे पूरी की। फिर भी (खालिद बिन वालीद को) उमर बिन खत्ताब की ख़िलाफत के दौरान बरख़ास्त कर दिया गया जो बात बढ़ई के दिल को गुस्सा दिलाती थी। ([1] जब अबू उबैदा बिन जर्राह, जिन्हें खालिद बिन वालीद की जगह रखा गया था, लगातार फतूहात दिलाते रहे, तो ये समझ आया के फतूहात की वजह अल्लाह तआला की थी, न की खुद खालिद की।] "खालिद", बढ़ई जिसके लिए मैं काम करता था, वो एक बदअख़लाक और इंतेहाई कमज़ोर शख्स था। लेकिन किसी तरह वो मुझ पर बहुत भरोसा करता था। मैं नहीं जानता के क्यों, लेकिन शायद इसलिए क्योंकि मैं हमेशा उसकी तावेदारी करता था। वो अपने खुफ़िया तरीके से शरीअत (इस्लाम के एहकाम) को नज़रअंदाज़ कर देता था। जब वो अपने दोस्तो के साथ होता तो शरियत के हुकमो की बुहत एहमीयत दिख़ता वो जुमे की नमाज़े अदा करता था, लेकिन मैं दूसरी (रोज़ाना) नमाज़ों के बारे में पुरा यकीन नहीं हूँ।

मैं दुकान में नश्ता करता था। काम करने के बाद मैं दोपहर की नमाज़ के लिए मस्जिद चला जाता और अस्र की नमाज़ के बाद मैं अहमद एफ़ंदी पढ़ाते जैसे के कुरआन अल करीम (किरअत), अरबी और तुर्की ज़बानों को दो घंटों तक पढ़ाते। हर जुमा मैं उनको अपनी हफ़्ते की कमाई देता क्योंकि वो मुझे बहुत अच्छी तरह पढ़ाते थे। वाकई मुझे सिखाया कुरआन अल-करीम किस तरह इस्लामी मज़हब की ज़रूरयात और अरबी और तुर्की ज़बानों की बारिकियाँ

अच्छे से पढ़ते हैं। जब "अहमद एफ़ंदी" को पता चला के मैं अकेला हूँ, वो चाहते थे के अपनी लड़कियों में से एक की शादी मुझ से करदें। मैंने उनकी पेशकश से इंकार कर दिया। लेकिन वो बज़िद थे, ये कहकर के शादी नबी की सुन्नत हैं और ये के नबी ने फरमाया हैं के "एक शख्स जो मेरी सुन्नत से परे हो जाए वो मेरा नहीं हैं।" आशंका होते हुए के ये वाक्या कहीं हमारी निजी तअलुकात वो खत्म न करदें, मुझे उनसे झूठ बोलना पड़ा, ये कहते हुए के मेरे पास जन्सी ताकत की कमी हैं इस तरह मेने हमारी दोस्ती जान पहचान को बरकरार रखा। जब मेरा दो साल का वक्फ़ा इस्तानबुल में पूरा हो गया, मैंने कहा "अहमद एफ़ंदी" मैं घर वापिस जाना चाहता हूँ। इन्होंने कहा, "नहीं, मत जाओ। तुम क्यों जा रहें हों? तुम कुछ भी पा सकते हो जो तुम चाहते हो इस्तानबुल में। अल्लाह तआला ने एक वक्त में मज़हब और दुनिया दोनो ही इस शहर में रख दी हैं। तुमने कहा था तुम्हारे माँ बाप मर चुके हैं और तुम्हारे कोई भाई और बहने नहीं हैं। तुम इस्तानबुल में क्यों नहीं मुकिम हो जाते?... "अहमद एफ़ंदी" मेरी संगत में लाज़मी मुनहसिर से अलग नहीं होना चाहते थे और इसरार कर रहें थे के मैं अपना घर इस्तानबुल में बना लूँ। लेकिन मेरी कौम परस्ती का फर्ज़ मुझे वापिस लंदन जाने पर मजबूर कर रहा था, एक लम्बी खबर देने के लिए खिलाफत के मरकज़ के बारे में, और नए एहकाम लेने के लिए।

इस्तानबुल में रूकने के दौरान मैं अपनी जाँच की खबरें मुश्तरका दौलत की विज़ारत को भेजता था। मुझे याद हैं अपनी एक खबर में मैंने उनसे पूछा था के मैं उस वक्त क्या करूँ जबकि वो मुझ से लौड़ेबाज़ी करने को कहें। जबाब ये थाः तुम ऐसा कर सकते हो अगर ये तुम्हारे मकसद को हासिल करने में मदद करे। मैं इस जबाब पर बहुत नाराज़ हुआ। मुझे लगा जैसे पूरी दुनिया मेरे सर पर गिर गई हो। मैं पहले से जनता था के ये बुरा काम इग्लैंड़ में बहुत आम हैं। फिर भी ऐसा मेरे साथ कभी ना हुआ था के मेरे बड़े मुझे इस काम को करने का हुकम दे देंगे। में क्या कर सकता था। मेरे पास कोई और रास्ता नहीं था

सिवाए मेल को खाली कर दावा करने के।इसलिए मैं खामोश हो गया और अपने फर्ज़ को अदा करता रहा।जब मैं "अहमद एफ़ंदी" से विदाई ले रहा था, उनकी आँखे नम थीं और उन्होंने मुझ से कहा, "मेरे बेटे! अल्लाह तआला तुम्हारे साथ हो! अगर तुम इस्तानबुल वापिस आओ और देखो के में मर गया, मुझे याद करना।मेरी रूह के लिए (सूरह) फातिहा पढ़ना! हम इंसाफ़ वाले दिल 'रसलुल्लाह' के सामने मिलेंगे।" वाकई, मुझे वहुत सदमा हुआ; इतना ज़्यादा के गरम आँसू निकल पड़े।ताहाम, मेरी फर्ज़ की तरफ़ ज़िम्मेदारी कुदरती मज़वूत थी।

सेकशन एक

तीसरा हिस्सा

मेरे दोस्त मुझसे पहले लंदन पहुँच चुके थे, और वो पहले से ही विज़ारत से नई हिदायत ले चुके थे। मुझे, भी वापिस पहुँचने पर नई हिदायत मिलीं। बदनसीबी से,हम सिर्फ़ छः ही वापिस आए थे।

चार लोंगो में से एक मुसलमान बन गया, सैक्रेटरी ने बताया और मिस्र में रह गया। फिर भी सैक्रेटरी बहुत खुश था क्योंकि, उसने कहा, उसने (वो शख्स जो मिस्र में रूक गया) कोई राज़ से गद्दारी नहीं की। दूसरा शख्स रूस गया था वो वहीं रूक गया। वो असल में रूसी था। सैक्रेटरी को उसका बड़ा अफसोस था, इसलिए नहीं के वो अपने घर वापिस चला गया बल्कि शायद इसलिए क्योंकि वो मुश्तरका दौलत की विज़ारत की रूस के लिए जासूसी कर रहा हो और वापिस इसलिए चला गया के उसका मिशन पूरा हो गया था। तीसरा शख्स, जैसे के सैक्रेटरी ने बताया, के "इमारा" नाम के एक शहर में जो कि बग़दाद के पड़ोस में हैं उसमें ताऊन से मर गया। चौथा शख्स विज़ारत के ज़रिए यमन के आहर सनाअ में पाया गया, और एक साल तक उन्हें उसकी खबरें हासिल होती रहीं, और, उसके बाद उसकी खबरें आनी बंद हों गई और सारी कोशिशों के बाद भी उसकी कोई खोज नहीं लग पाई। विज़ारत ने इन चारों के गायब होने को एक आसमानी आफत समझ कर बंद कर दिया। इसलिए हम एक कौम हैं बड़े फराईज़ के साथ एक छोटी सी आबादी के मुकाबले। इसलिए हमने हर एक आदमी पर अच्छा हिसाब लगाया।

चारों के ज़रिए दी गई खबरों को जाँचने के लिए। जब मेरे दोस्तों ने अपने कामों के बारे में खबरें दीं, तो मैंने भी, अपनी खबर दे दी। उन्होंने मेरी

खबर में से कुछ नोटस निकालें। वज़ीर, सैकेटरी, और दूसरे कुछ और जिन्होंने उस बैठक में शिरकत की थी मेरे काम की तारीफ़ की। इसपर भी, मैं तीसरा अच्छा था। पहला ग्रड़े मेरे दोस्त "George selcons" ने जीता, और "henry fans" दूसरे शुमार पर था।

मैं बिलाशक तुर्की, अरबी, कुरआन और शरीअत को सीखने में कामयाब रहा। फिर भी मैं विज़ारत के लिए एक खबर नहीं बना सका जो उस्मानिया सल्तनत की कमज़ोरियों को उजागर करती। दो घंटे की बैठक के बाद, सैकेटरी, ने मेरी नाकामी का सबब पूछा। मैंने कहा, "मेरी ज़रूरी फर्ज़ ज़बानों और कुरआन और शरीअत को सीखना था। मैं किसी भी इज़ाफ़ी चीज़ के लिए फालतू वक्त नहीं दे सकता था। लेकिन इस बार मैं आपको खुश कर सकता हूँ अगर आप मुझ पर भरोसा करें।" सैकेटरी ने कहा के तुम बेशक कामयाब होंगे लेकिन वो चाहते ये के मैं पहला ग्रेड़ हासिल करूँ। (और वो कहता रहा); " ए हेमफ़र/hempher, तुम्हारा अगला मिशन इन दों कामों पर मुश्तमिल हैं;

1- मुसलमानों के कमज़ोर नुक्तों को पकड़ो और ऐसे नुक्तें जिनके ज़रिए हम उनके जिस्मों में घुस जाएँ और उनके अज़ू को तोड़ दें। दरअसल, दुश्मन को हराने का यही तरीका हैं।

2- जिस वक्त तुम इन नुक्तों को खोज लेंगे और जैसा मेने बताया वैसा करोगे, [दूसरे लफ़्ज़ो में, जब तुम मुसलमानों के बीच में झगड़ा ड़ालने में कामयाब हो जाओगे और उन्हें एक दूसरे के सामने करने को खड़ा कर दोगे], तो तुम सबसे ज़्यादा कामयाब एजेंट बन जाओंगे और विज़ारत से एक तमगा़ पाओगे।"

मैं लंदन में छ: महीने रहा। मेरी शादी पहली चाचेरी वहन मरिया शेवी से हो गई, उस वक्त मेरी उमर **22** साल थी, और उसकी **23** साल। "मरिया शेवी बहुत खुबसूरत लड़की थी, आम समझ और मामूली मज़वी पसमंज़र के साथ। मेरी ज़िंदगी के सबसे खुशी और मस्ती वाले दिन वो थे जो मैंने उसके साथ गुज़ारे। मेरी वीवी हामला थी। हम अपने नए मेहमान की उम्मीद लगा रहें थे जब मुझे ये इतलाअ मिली के मुझे ईराक के लिए जाना है। इस खबर का उस वक्त मिलना जबकि में अपने बेटे की पैदाइश का इंतेज़ार कर रहा था मुझे उदास कर गया। ताहम, जो अहमियत मैंने अपने मुल्क को दे रखी थी, वो उस इच्छा के साथ मिल गई थी के मैं अपने साथियों में सबसे अच्छा चुना जाऊँ और शौहरत हासिल करूँ, ये सब मेरे शौहर और एक बाप होने के जज़बात से ऊपर थे। इसलिए मेने ये काम बग़ैर किसी हिचकिचाहट के कबूल कर लिया। मेरी बीवी इस मिशन को हमारे बच्चें के जन्म तक मुल्तवी कराना चाहती थी। फिर भी जो वो कह रहीं थी मैंने उसे नज़रअंदाज़ किया। जब हम एक दूसरे को विदाई दे रहे थे तो हम दोंनो ही रो रहें थे। मेरी बीवी ने कहा, "मुझे लिखना बंद मत करना। मैं तम्हें अपने नए घर के बारें में खत लिखूँगी, जोकि सोने की तरह कीमती होंगे।" उसके इन अलफ़ाज़ ने मेरे दिल में तूफ़ान मचा दिया। मैं बिल्कुल अपना सफ़र मंसूख कर चुका था। फिर मैंने अपने जज़बात पर काबू पाया। मैंने उसे अलविदा कहा, मैं विज़ारत से आखिरी हुकूम लेने के लिए चला गया।

छ: महीने बाद मैंने अपने आपको बसरा शहर, ईराक में पाया। इस शहर में आधे सुन्नी और आधे शियाअ थे। बसरा कविलों का शहर था जिसमें मिली जुली अरवी, फारसी और बहुत थोड़ी तादाद में ईसाई आवादी थी। ये मेरी ज़िंदगी में पहली बार था के मैं फ़ारसियों से मिला। वैसे, मैं शियाअ और सुन्नियों को भी छू लूँ। शियाओं का कहना था के वो अली बिन अबू तालिब, जोकि मुहम्मद अलैहिस्सलाम की बेटी फातिमा के शौहर थे और उसी वक्त

मुहम्मद अलैहिस्सलाम के चचेरे भाई भी थे, की तकलीद करते हैं। वो कहते हैं के मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने अली और बारह इमामों की तकर्रूरी की, अली की औलादें जो खलीफ़ा के तौर पर उनकी जानशीन बनेंगी। मेरी राए में, अली, हसन, और हुसैन की खिलाफ़त के बारे में शियाअ लोग सही हैं। इसलिए, जैसा के मैंने इस्लामी तारीख से समझा हैं, अली मुम्ताज़ और आला तालीमात वाले शख्स थे जो खिलाफ़त के लिए चाहिए होती हैं। ना ही मुहम्मद अलैहिस्सलाम के लिए ग़ैर लगा के हसन और हुसैन को खलीफ़ा के तौर पर तकर्रूर करना। मुझे किसी ने शक में डाला के, तो भी मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने हुसैन के बेटे और उनके आठ पोतो को खलीफ़ा मुकर्रर किया। इसलिए के हुसैन मुहम्मद अलैहिस्सलाम की वफ़ात पर बच्चे थे उनको कैसे पता के उनके आठ पोते होंगे। अगर मुहम्मद अलैहिस्सलाम असल में नबी थे, तो ये मुमकिन है उनके लिए के अल्लाह तआला के ज़रिए इतलाअ दिए जाने पर मुस्तकबिल को जान लेना, जैसे के जिजस/ईसा मसीह को मुस्तकबिल के बारे में वही आती थी। फिर भी मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुवत हम ईसाइयों के लिए शक का मामला हैं।

मुसलमानों का कहना हैं " के यहाँ पर बहुत सारे सबूत हैं मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुवत के। उनमें से एक कुरआन (कोरान) है।" मैंने कुरआन पढ़ा है। वाकई, ये एक आला किताब हैं। ये तोरह (तौरह) और बाएबल से भी ज़्यादा आला हैं। इसलिए के इस में उसूल, कवानीन, अखलाफी कानून वग़ैरह सब हैं।

ये मेरे लिए हैरानी की बात है के किस तरह एक अनपढ़ शख्स मुहम्मद अलैहिस्सलाम इतनी ऊँची किताब को ला पाएं, और किस तरह वो सारी अखलाकी, दानिशराना और ज़ाती काबलियत रखते थे जो किसी एक आदमी जोकि बहुत पढ़ता हो और बहुत ज़्यादा घूमता हो उसके पास भी

नहीं। मैं हैरान हूँ अगर य हकीकतें मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुवत के सबूत हैं?

मैं हमेशा गोर और खोज करता रहता हुँ मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बूवत की हकीकत सच्चाई जानने के लिए। एक बार मैंने अपनी दिलचस्पी लंदन में एक पादरी को बताई। उसका जवाब मज़हबी और सख्त था, और राज़ी करने वाला बिल्कुल भी नहीं था। जब मैं तुर्की में था तब मैंने कई बार अहमद एफ़ंदी से पूछा, उनसे भी मुझे कोई मुतमाईन जवाब नहीं मिला। हकीकत में, मैं अहमद एफ़ंदी से इस मामले में डायरेकट सवाल करने से बचता था के ऐसा न हो मेरी जासूसी के बारे में शक में पड़ जाएँ। मैं मुहम्मद अलैहिस्सलाम के बारे में बहुत सोचता था। इसमें कोई शक नहीं, के वो अल्लाह के नबियों में से एक हैं जिनके बारे में हम किताबों में पढ़ते हैं। फिर भी अभी तक एक ईसाई होने के नाते, मैं उनकी नब्बुवत में अभी तक यकीन नहीं रखता।

ये ज़रूर है के वो सब आकिलों से आला थे। दूसरी तरफ़, सुन्नियों का कहना हैं के, नबी की वफ़ात के बाद मुसलमान अबू बकर,उमर,उस्मान और अली को खिलाफ़त को लायक समझते हैं।" इस तरह की तकरारें सब मज़ाहिब में चलती हैं, ईसाईयत सब से ज़्यादा। क्योंकि उमर और अली आज दोनो फ़ौत हो चुके हैं इस तरह की बहसें करना किसी मकसद को हल नहीं करतीं। मेरे मुताबिक,अगर मुसलमान साहिबे अकल हैं, तो उन्हें आज के बारे में सोचना चाहिए, न की उन बहुत पुराने दिनों के बारे में।

[1] शियाओं में ये ज़रूरी हैं के खिलाफ़त के मामले में एक खास यकीन पर बात करना। सुन्नी ईमान के मुताबिक ये ज़रूरी नहीं है।

[जवान अंग्रेज़ आदमी मज़हबी इतलाआत को दुनियावी से तअल्लुक रखने वाली इतलाआत मे अस्तव्यस्त हो जाता हैं। मुसलमानों की , दुनियांवी

जानकारी उन्की सलाहीयतें, हमेशा अनोखेपन और हमेशा साईंस फन, रियांज़ी, इमरत का हुनर और बरतरी। जब मशहूर इटली के माहिरे फलकियात गलिलिओ ने कहा के दुनिया घूम रहीं थी-कोई शक नहीं के उसने ये हकीकत मुसलमानों से सीखी-न सिर्फ़ उसे पादरियों के ज़रिए बददुआएँ दी गई, बल्कि उसे जेल में भी ड़ाल दिया गया। ये सिर्फ़ तब हुआ जब उसने तपस्सिया की, और अपने पहले हवाले को तर्क किया और कहा "नहीं, वो नहीं घूम रही है," इस तरह उसने अपने आपको पादरियों के हाथों से बचाया। मुसलमान इस्लाम और ईमान की तालीम हासिल करने के लिए कुरआन अल करीम और अहदीस-ए शरीफ़ की तकलीद करतें हैं। ईसाइयों की तरह वो, इस इल्म को शामिल नहीं करते, जोकि दिमाग़ की हरकत की हद से बाहर हो।]

एक दिन मुश्तरका दौलत की विज़ारत में मैंने सुन्नियों और शियाओं के बीच के फर्क का हवाला दिया, ये कहते हुए, "अगर मुसलमान ज़िंदगी के बारे में कुछ जान जाएँ वो अपने बीच इस शियाअ और सुन्नी फर्क को हल करलें और एक साथ हो जाएँ।" किसी ने बीच में मुझे टोका और संगदिली से कहा, "तुम्हारा काम इस फर्क को बढ़ाना हैं, न की इस बात को सोचना के मुसलमानों को एक साथ कैसे लाया जाए।"

मेरे ईराक के सफ़र पर जाने से पहले, सैक्रेटरी ने कहा, "ए hempher, तुम्हें जानना चाहिए के जब ईश्वर ने हाबिल और काबिल को बनाया था तब से ही इंसानो के बीच कुदरती तफ़रके हैं। ये बहसें चलती रहेंगी जब तक के ईसा मसीह वापिस न आ जाएं। यही हालत नसल परस्ती, कबाइली, इलाकाई, कौमी, और मज़हबी बहसों के साथ हैं। इस बार तुम्हारा काम हैं के इन बहसों को अच्छी तरह जाँचना और विज़ारत को खबर करना। जितने ज़्यादा तुम मुसलमानों के बीच तनाज़ो को हवा दोगे उससे ज़्यादा बड़ी कारकरदगी तुम इंग्लैंण्ड़ के लिए करोगे।"

हम, अंग्रेज़ लोग, बुराई और फूट जगाते हैं अपनी सारी कालोनियों में ताकि हम भलाई और आराम से रह सकें। इस तरह फितनों के ज़रिए हम उस्मानिया सल्तनत को खत्म करने के काबिल हो सकते हैं। वरना, किस तरह एक छोटी आबादी वाली कौम किस तरह एक बड़ी आबादी को अपने हाथ में ले सकती है? अपनी पूरी ताकत के साथ उस शग़ाफ़ के मंह को देखो, और जैसे ही तुम उचे ढूँढ लो उसके अंदर घुस जाओ। तुम्हें पता होना चाहिए के उसमानिया और ईरानी सलतनतें अपने वजूद की नीचले नुकते तक पहुँच चुकी हैं। इसलिए, तुम्हारा पहली फर्ज़ हैं के लोगों को इंतेज़ामिया के खिलाफ़ भड़काओ! तारीख ने दिखाया हैं के 'सारे इंकालाबात का ज़ारिया आवामी बड़ावतें हैं। जब मुसलमानों की एकता टूटेगी और उनके बीच आम हमदर्दी बदतर हो जाएगी, उनकी ताकते खत्म हो जाएंगी और इस तरह हम उन्हें आसानी से खत्म कर सकते हैं।"

सेकशन एक

चौथा हिस्सा

मैं जब बस्रा आया, तो मैं मस्जिद में मुकिम हो गया। उस मस्जिद का इमाम एक सुन्नी शख्स था अरबी नसब का जिनका नाम शैख उमर ताई था। जब मैं उनसे मिला मैंने उनसे बातचीत शुरू करदी। फिर भी शुरू में वो मुझ पर शक करता रहा और मुझ पर सवालों की बोछार करदी। मैं मंदरजाज़ेल तरीके से इस खतरनाक बातचीत से बचा "मैं तुर्की के इगदिर इलाके से हूँ। मैं इस्तानबुल के अहमद एफ़ंदी का शर्गिद हूँ। मैं एक बढ़ई जिसका नाम खालिद (हालिद) था उसका काम करता था। मैंने उसे तुर्की के बारे में जानकारी दी, जो मैंने वहाँ रूकने के दौरान हासिल की थीं। मैंने उसे तुर्की में कुछ जुमले कहे। ईमाम ने वहाँ लोंगो में से एक को आँख का इशारा किया और उससे पूछा के क्या मैं सही तुर्की बोल रहा हूँ उसका जवाब पोज़ीटीव था। ईमाम को मुतमईन करने के बाद, मैं बहुत खुश था। फिर भी मैं गलत था। इसलिए के कुछ दिनों बाद, मुझे बड़ी मायूसी हुई के इमाम ने मुझ पे तुर्की जासूस होने का शक किया। मेने पता लगाया के इमाम और गर्वनर के बीच जिसे (उस्मानिया) सुल्तान ने तकर्रुर किया था कुछ नारज़ामंदी और दुश्मनी थी।

शैख उमर एफ़ंदी की मस्जिद को छोड़ने की ज़बरदस्ती पर, मैंने एक मुसाफ़िरों और गैरमुल्कियों की सराए में कमरा किराए पर लिया और वहाँ चला गया। सराए का मालिक मुर्शिद एफ़ंदी नाम का एक बेवकूफ़ था। हर सुबह वो मेरे दरवाज़े पर ज़ोर ज़ोर से दस्तक देता जैसे ही सुबह की नमाज़ की अज़ान दी जाती। मुझे उसकी ताबेदारी करनी पड़ती। इसलिए, मैं उठता और सुबह की नमाज़ पढ़ता। उसके बाद वो कहता, "तुम्हें सुबह की नमाज़ के बाद कुरआन

अल करीम पढ़ना चाहिए।" जब मैं उससे कहता के ये फर्ज़ (इस्लाम के ज़रिए बताया गया एक हुकूम) नहीं के कुरआन अल करीम पढ़ा जाए और उससे पूछता के वो इतना ज़्यादा क्यों ज़ोर देता हैं, तो वो जवाब देता, "दिन के इस वक्त मे सोना उसकी सराए पे और उसमे रहने वालो पर गरीबी और बदकिस्मती ला सकता है।" मुझे उसके इस हुकूम को मानना पड़ता।इसलिए के वो कहता वरना मैं तुम्हें सराए से निकाल दूँगा।जैसे ही अज़ान होती, मैं सुबह की नमाज़ अदा करता और फिर एक घंटे तक कुरआन अली-करीम पढ़ता।एक दिन मुर्शिद मेरे पास आया और बोला, "जब से तुमने ये कमरा किराए पर लिया हैं मेरे ऊपर बदनसीबी आ गई हैं।मैं इसे तुम्हारें अशुभ होने पर ड़ालता हूँ।इसलिए के तुम अकेले हो।अकेले (कुवांरा) होना बुरा शगुन होता हैं।तुम या तो शादी करलो या फिर सराए छोड़ दो।" मैंने उससे कहा मेरे पास इतना माल नहीं हैं के मैं शादी कर सकूँ।मैं उसे वो नहीं बता सकता था जो मैंने अहमद एफ़ंदी को बताया था।इसलिए के मुर्शिद एफ़ंदी इस तरह का शख्स था के वो मुझे नंगा करके मेरे जन्नांगो/पेिशिदा हिस्सें को जाँचता ये देखने के लिए के क्या मैं सही कह रहा हूँ।मैंने जब ऐसा कहा तो, मुर्शिद एफ़ंदी ने कहा कमज़ोर ईमान हैं तुम्हारा! क्या तुमने अल्लाह की वो आयत नहीं पढ़ी जिसका मतलब हैं, **'अगर वो गरीब हैं, अल्लाह तआला उन्हें अपनी रहमत से अमीर बना देगा,** (**[1]** सूरह नूर, आयतः **32**)

में हैरान था ।कमसकम में ये कह पाया के में कर लुंगा लेकिन तुम मुझे ज़रूरत के मुतीबक पैसे दोगे या ऐसी लड़की ढुडंने मे मदद करोगे जो मेरा कम ख़र्चा कराये।

ये सुनने के बाद, मुर्शिद एफ़ंदी ने कहा मुझे परवाह नहीं ।या तो रजब महीने की शुरआत तक शादी करो या सराए छोड़ दो।रजब महीने की शुरआत में केवल **25** दिन ही बाक़ी थे।

इततेफाक से में अरबी कलेंडर का भी ज़िकर करुंगा, मुहररम , सफ़र , रबी उल अव्वल , रबी उल आख़िर , जेमाज़ीया उल अव्वल , जेमाज़ीया उल आख़िर , रजब , शाबान , रमज़ान , शव्वाल, ज़िलकादा , ज़िलहीज्जा। ये महीने न तो तीस दिनों से उपर होते हैं , ना ही उन्नतीस से नीचे।वो कमरी कलेंडर पर मुबनी होते हैं।

मेने एक बढ़ई के यहाँ हेल्परी का काम ले लिया, और मुर्शिद की सराए छोड़ दी।हमने बहुत कम मज़दूरी पर मुआहिदा किया, लेकिन मेरा रहना और खाना मालिक के खर्चे पर था।मैं अपना सारा सामान रजब के महीने से पहले ही बढ़ई की दुकान में ले आया।बढ़ई एक दिलेर शख्स था।वो अपने बेटे की तरह सुलूक करता था।वो खुरासन, ईरान का एक शिया था।और उसका नाम अब्दुर-रिदा था।उसके साथ का फाएदा उठाते हुए, मैंने फारसी सीखना शुरू कर दिया।रोज़ दोपहर ईरानी शिया उसकी जगह पर मिलते और सियासत से लेकर मआशियत तक के सारे मज़मूनों पर बात करते।ज़्यादा कसरत से नहीं, वो अपनी सरकार के बारे में और इस्तानबुल के खलीफ़ा के बारे में भी गलत बोलते थे।जब कभी कोई अजनबी अंदर आ जाता तो वो अपना मज़मून बदल देते और ज़ाती मामलों पर बातचीत शुरू कर देते।वो मुझ पर बहुत भरोसा करते थे।ताहम, बाद में मुझे पता चला, वो सोचते थे के में एक अज़रबाएजानी हूँ क्योंकि मैं तुर्की बोलता था।वकतन फवकतन एक जवान लड़का हमारे बढ़ई की दुकान में आता था।उसके लिबास तालिबे इल्म जैसे होता हे जो साईन्सी खोजबीन कर रहा हो, और वो अरबी, फारसी और तुर्की समझता था।उसका नाम **मुहम्मद बिन अबद-उल-वहाव नजदी** था।ये जवान बहुत खुश्क और बहुत असाबी शख्स था।उस्मानिया सरकार को बहुत बुरा कहते हुए, वो कभी ईरानी सरकार की बुराई नहीं करता था।एक आम बात जो उसे और दुकान के मालिक अबद उर-रिदा को इतना दोस्त बनाती थी वो भी दोंनो ही इस्तानबुल में खलीफ़ा की तरफ़ नाइतेफ़ाकी रखते थे।लेकिन ये कैसे मुमकिन था के ये

जवान आदमी, जो एक सुन्नी था, फारसी समझता था और अबद-उर-रिदा के साथ दोस्त था, जोकि एक शिया था? इस शहर में सुन्नी शियाओं के साथ दोस्ती बल्कि भाईचारा का बहाने भी बनाते थे। ज़्यादातर इस शहर के रहने वाले अरबी और फारसी दोंनो समझते थे। और बहुत लोग तुर्की भीं समझते थे। बाहर से नजद का नजदी मुहम्मद सुन्नी था। हालांकि ज़्यादातर सुन्नी शियाओं पर इल्ज़ाम लगाते थे, -दरअसल, वो कहते थे के शिया काफ़िर हैं- ये आदमी कभी शियाओं को गाली नहीं देता था। नजद के मुहम्मद के मुताबिक, सुन्नियों के लिए कोई सबब नहीं हैं के चारों मसलों में से किसी एक को अपनाएँ; उसका कहना था, "अल्लाह की किताब में इन मसालिक का कोई सबूत नहीं हैं।" वो जानबुझकर इस मज़मून पर आयत ए करीम को नज़रअंदाज़ करता था और अहदीस-ए शरीफ़ को हल्का समझता था।

चारों मसलकों के मामलों के मुतअलिकः उनके नबी मुहम्मद अलैहिस्सलाम की वफ़ात की एक सदी बाद, सुन्नी मुसलमानों में से चार आलिम आगे आएः अबू हनीफ़ा, अहमद बिन हंबल, मालिक बिन अनस, और मुहम्मद बिन इदरि शाफ़ी-ई कुछ खलीफ़ाओ ने सुन्नीयों पर ज़ोर डाला इन चारों आलिमों में एक की तकलीद करने के लिए। उन्होंने कहा कोई और नहीं इन चारों के अलावा जिन्होंने कुरआन अल करीम में या सुन्नत के साथ इजतिहाद अदा किया। इस तहरीक ने इल्म और समझ के दरवाज़े मुसलमानों के लिए बंद कर दिए। ये इजतिहाद की मुमनिअत इस्लाम के लिए रूकावट का सबब बनी। शियाओं ने इस गलत बयानी का इस्तेहसाल किया अपने फिरके को मशहूर करने के लिए। शियाओं की तादाद सुन्नियों के दस गुना से भी कम/छोटी थी। लेकिन अब वो बढ़ गए थे और वो तादाद में सुन्नियों के बराबर हो गए। ये नतीजा कुदरती था। इजतेहाद एक हथिार की तरह हें। जो इस्लाम के फिकह को सुधारेगा और कुरआन अल-करीम और सुन्नत की समझ को बेहतर करेगा। दूसरी तरफ, इजतिहाद की मुमनिअत, एक ज़ंग लगे औज़ार

की तरह हैं। ये मसलकों को एक खास दाएरे में बाँध देगी। और ये, बदले में इसका मतलब हैं के मफ़हूम के दरवाज़े बंद करदे और वक्त की ज़रूरयात की तरफ़ बेपरवाही करना। अगर तुम्हारा औज़ार ज़ंग आलूद हैं और तुम्हारा दुश्मन मुकम्मल, तो तुम अपने दुश्मन के ज़रिए जल्दी या देर में मर के खत्म कर दिए जाओगे। मैं समझता हूँ, सुन्नियों में चलाक लोग मुस्तकबिल इजतिहाद के दरवाज़े खोज लेंगे। अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो, वो अल्पसंखयक बन जाएंगे, और शिया कुछ ही सदियों में बहुमत बन जाएंगे। [ताहम, चारों मसलकों के इमाम (रहनुमा) एक ही मज़हब, एक ही ईमान के थे। उनमें कोई फर्क नहीं था। उनका फर्क सिर्फ़ इबादात में था। और इसके नतीजे में ये मुसलमानों के लिए एक सहुलियत हैं। दूसरी तरफ़, शिया, बारह फिरकों में बंट गए, इस तरह एक ज़ंगी औज़ार बन गया। इस सिलसिले में **मिलाल व निहाल** में तफ़सीली जानकारी हैं।] घमंड़ी नौजावान, नजद का नजदी मुहम्मद और सुन्नत को समझने में अपने नफ़स (निफ़सानी इच्छाओं) की तकलीद करता था। वो पूरे तौर पर आलिमों की राए को नज़रअंदाज़ करता था, न सिर्फ़ अपने वक्त के आलिमों और चारों मसलकों के रहनुमाओं, बल्कि नाम वर सहाबी जैसे के अबू बकर और उमर की भी राए को नज़रअंदाज़ करता था। जब भी वो किसी (कुरआन) की आयत पर आया था जिसे वो समझता था के उन लोगो की राए के बऱखिलाफ़ हैं, तो वो कहता, "नबी ने कहाः '**मैंने कुरआन और सुन्नत तुम्हारें लिए छोड़ा हैं।**" **उन्होंने** ये नहीं कहा, "मैंने कुरआन, सुन्नत, सहाबा और मसलकों के इमामों को तुम्हारें लिए छोड़ा है।

नोट ः[1] उसका ये बयान इस अहदीस-शरीफ़ में इंकार करता है जो हमें सहाबा की तकलीद करने का हुकूम देती हैं।) इसलिए, चीज़े जो फर्ज़ हैं वो हैं कुरआन और सुन्नत की तकलीद करना चाहे वो मसालिक की राए या सहाबा और आलिमों के बयानात के कितने ही बरखिलाफ़ ज़ाहिर हों।"

नोट ः[**2**] आज सारी इस्लामी मुल्कों में जाहिल और धोखेबाज़ लोग मज़हबी लोगों के रूप में अहल-अस सुन्नत के आलिमों पर हमला कर रहे हैं। वो सऊदी अरब से बड़ी रकम हासिल कर रहें हैं। वो सब नजद के मुहम्मद के ऊपर बताए गए हवालों को हर मौके पर एक औज़ार की तरह इस्तेमाल करते हैं। हकीकत ये हैं के कोई भी हवाला जो अहले अस-सुन्नत या चार इमामों के ज़रिए दिया गया वो कुरआन अल करीम और अहदीस-ए शरीफ़ के मुखतलिफ़ नहीं। उन्होंने इन ज़राए में कोई इज़ाफ़ा नहीं किया, बल्कि उन्होंने उन्हें वाज़ेह किया। वहावी, अपने अंग्रेज़ नमूनों की तरह, झूठ बनाते थे और मुसलमानों को गुमराह करते थे।) अबद-उर रिदा के घर पर एक रात के खाने की बातचीत के दौरान, नजद के नजदी मुहम्मद और कुम से आए एक शियाअ आलिम मेहमान जिसका नाम शैख जवाद था मंदरजाज़ेल झगड़ा हो गयाः शैख जवाद -जबकि तुम ये मानते हो के अली एक मुजतहिद थे, तो क्यों नहीं तुम उनकी एक शिया की तरह तकलीद करते? नजद का नजदी मुहम्मद-अली उमर या दूसरे सहाबा से मुखतलिफ़ नहीं हैं। उनके हवाले सनदी अहलियत नहीं रखते। सिर्फ़ कुरआन और सुन्नत खरी शहादतें हैं। [दरहकीकत असहाब-ए किराम के ज़रिए दिए गए हवाले बयानात खरी शहादतें हैं। हमारे नबी ने उनमें से किसी एक की तकलीद करने को कहा है।] ([1] एक मुसलमान जिसने मुहम्मद अलैहिस्सलाम के खुबसूरत, मुबारक चेहरे को देखा उन्हें **सहाबी** कहते हैं। **सहाबी** की जमा **सहाबा है , या अस-हाब,**

शैख जवाद-हमारे नबी ने फरमाया, "**मैं इल्म का शहर हूँ, और अली उसका दरवाज़ा हैं,**" क्या अली और दूसरे सहाबा के बीच फर्क नहीं हैं? नजद का मुहम्मद-अगर अली के बयानात खरी शहादते होते, तो क्या नबी ये नहीं कहते, "मैं तुम्हारे लिए कुरआन, सुन्नत, और अली को छोड़ गया"? शैख जवाद-हाँ, हम ऐसा मान सकते हैं के उन्होंने (नबी ने) ऐसा कहा होगा। इसलिए आपने एक अहदीस-ए शरीफ़ में फरमाया, '**मैं (अपने पीछे**)

अल्लाह की किताब और अपने अहल-ए-बैत छोड़ गया।" नजद के नजदी मुहम्मद ने इस बात से इंकार किया के नबी ने ऐसा कुछ कहा होगा। शैख जवाद ने नजद के मुहम्मद को पक्के सबूतों के साथ गलत साबित कर दिया। ताहम, नजद के मुहम्मद ने इस पर एतराज़ किया और कहा, "तुम दावा कर रहे हो के नबी ने कहा," **"मैंने अल्लाह की किताब और अपने अहल-ए बैत तुम्हें छोड़े।"** फिर, नबी की सुन्नत का क्या हुआ? शैख जवाद-अल्लाह के नबी की सुन्नत कुरआन की वज़ाहत हैं। अल्लाह के नबी ने कहा, **"मैंने छोड़ा** (तुम्हें) **अल्लाह की किताब और अपने अहल-ए-बैत को।**" फिकरा 'अल्लाह की किताब' सुन्नत को भी शामिल करता हैं, जोकि साबका वाले की वज़ारत हैं। नजद का नजदी मुहम्मद-क्योंकि अहल-ए-बैत के बयानात कुरआन की वज़ारतें हैं, तो ये क्यों ज़रूरी हैं के इसी अहदीस से वाज़ेह किया जाए? शैख जवाद - जब हज़रत नबी रहलत फरमा गए, तो उनकी उम्मत (मुसलमानों) ने सोचा के वहाँ पर कुरआन की वज़ारत होनी चाहिए जोकि वक्त की ज़रूरयात को मुतमईन करे। इसलिए कुरआन की तकलीद करने का हुकूम दिया, जोकि असली है , और उनकी अहल-ए बैत, जो कुरआन की इस तरीके से वाज़ेह करेगी के वक्त की ज़रूरयात मुतमईन हो सके। मुझे ये झगड़ा बहुत पसंद आया। नजद का मुहम्मद शैख जवाद के सामने बिल्कुल चुप था, एक शिकारी के हाथों में घर की चिड़िया की तरह। नजद का नजदी मुहम्मद बिल्कुल उसी तरीके का था जैसा मैं ढूँढ रहा था। उसकी वक्त के आलिमों के लिए नफ़रत, यहाँ तक के (कदीम तरीन) चार खालिफाओं को मामूली मानना कुरआन फहमी और सुन्नत में आज़ाद नुकता नज़र रखना उसका शिकार करने और उसे हासिल करने के लिए सबसे कमज़ोर इशारे थे। ये मग़रूर नौजावान अहमद एफ़ंदी जिन्होंने मुझे इस्तानबुल में पढ़ाया था उनसे बहुत मुखतलिफ़ था। वो आलिम, अपने बुज़ुर्गों की तरह, एक पहाड़ की याद ताज़ा कराते थे। कोई ताकत उनको हिला नहीं सकती थी। जब भी वो अबू हनीफ़ा का नाम लेते थे, वो खड़े होते थे, और जाकर वुज़ू करके आते थे। जब कभी उनका

4- इस्लाम दुनिया के लिए काम करने की भी हिदायत करता हैं। ये कुरआन में वाज़ेह हैं, "**उन में से कुछः ए हमारे अल्लाह! जो कुछ भी इस दुनिया और आखिरत में हमारे लिए दिलकश हैं हमें अता फरमाया।** ([6] सूरह बकरा, आयतः 201)।

5- इस्लाम सलाह करने का हुकूम देता हैं। ये कुरआन में फरमान हैं, "**वो सारे काम वाहमी मश्वरे से करते हैं।**" (**[6]** सूरह शूरा, आयतः 38।)

6- इस्लाम सड़को के बनाने की हिदायत करता है। कुरआन में फरमान हैं। "**ज़मीन पर चलो।**" ([7] मुल्कः 15)

7- इस्लाम मुसलमानों को अपनी सहत बनाने का हुकूम देता है। ये अहदीस में बयान हैं, "**इल्म की बुनियाद चार हिस्सों पर हैंः।) ईमान की हिफ़ाज़त के लिए फ़िकह का इल्म; 2) सहत की हिफ़ाज़त के लिए तिब्ब का**

इल्म; 3) ज़बान की हिफ़ाज़त के लिए सर्फ़ और नहूब (अरबी ग्रामर) का इल्म; 4) वक्त के बारे में खबर रखने के लिए फलकियात का इल्म।"

8- इस्लाम तरक्की का हुकूम देता हैं।कुरआन में बयान हैं, "**अल्लाह ने ज़मीन पर हर चीज़ तुम्हारें लिए पैदा की है।**" ([1] सूरह बकरा, आयतः **29**)।

9- इस्लाम हसने तरतीब पर ज़ोर देता हैं।कुरआन में फरमाया हैं, "**हर चीज़ की बुनियाद गिनने, बाकाएदगी पर मुबनी हैं।**"([2] हिजरः **19**)।

10- इस्लाम मज़बूत मआशियत का हुकूम देता है।ये अहदीस में बयान हैं, "**अपनी दुनिया के लिए ऐसे काम करो के तुम कभी नहीं मरोगे।और अपनी आखिरत के लिए ऐसे काम करो के जैसे तुम कल ही मर जाओगे।**"

11- इस्लाम एक ताकतवर असलहों के साथ मसलह फौज को कायम करने का हुकूम देता हैं।कुरआन में फरमान हैं, "**उनके खिलाफ जितनी फौजे तैयार कर सकते हो करलो।**" ([3] सूरह इंफाल, आयतः **60**)।

12- इस्लाम औरतों के हुकूम का ध्यान और उन्हें अहमियत देने का हुकूम देता हैं।कुरआन में ये बयान किया गया है, "**जैसे के मर्दो को कानूनी (हुकूमत) हासिल हैं औरतों पर, ऐसे ही औरतों को भी मर्दो पर हुकूक हासिल हैं।**" ([4] सूरह बक़रा, आयतः **228**)।

13- इस्लाम सफ़ाई का हुकूम देता हैं।ये एक अहदीस में बयान हैं," **सफ़ाई ईमान से आती हैं।**" किताब मंदराजाज़ेल कुव्वती वसाईल में इंहेतात और बिगाड़ पैदा करने की हिदायत करती हैंः

1- इस्लाम नस्ली, इंसानी, सखाफ़ती, रिवाजी और कौमी हसद की नफ़ी करता है।

2- सूद, हद से ज़्यादा नफ़अ, ज़िना, शराबें और खिंज़िर का गौश्त ममनुअ हैं।

3- मुसलमान अपने आलिमों (मज़हवी आलिमों में) में बहुत गहरा लगाओ रखते हैं।

4- ज़्यादातर सुन्नी मुसलमान खलीफ़ा को नवी का नुमाएंदा मानते हैं। वो मानते हैं के जितनी इज़्ज़त अल्लाह और नवी को दी जाती हैं उसी तरह इनको देना फर्ज़ हैं।

5- जिहाद फर्ज़ है।

6- शियाअ मुसलमानों के मुताविक, सारे ग़ैर-मुसलिम और सुन्नी गंदे लोग हैं।

7- सारे मुसलमानों का ये मानना हैं के इस्लाम ही वाहिद सच्चा मज़हव हैं।

8- ज़्यादातर मुसलमानों का ये मानना हैं के यहूदियों और ईसाइयों को अरवी जज़ीरे से वाहर निकालना फर्ज़ हैं।

9- वो अपनी इवादत, (जैसे के नमाज़, रोज़ा, हज...), बहुत खुवसूरत तरीके से अदा करते हैं।

10- शियाअ मुसलमानों का मानना हैं के मुसलमान मुल्कों में गिरजा घरों को वनाना हराम (ममनुअ) हैं।

11- मुसलमान इस्लामी ईमान के उसूलों पर मज़बूती से कायम हैं।

12- शियाअ ये मानते हैं के खमस-यानी जंग में हासिल होने वाला सामान का पाँचवा हिस्सा आलिमों को देना फर्ज़ है।

13- मुसलमान अपने बच्चों की तरबीयत ऐसी तालीम से करते हैं के वो कभी भी अपने आवा ओ अजदाद के तकलीद किए गए रास्ते से नहीं हार सकते।

14- मुसलमान औरतें अपने आपको इस तरीके से ढाँपती हैं के किसी भी तरीके से उनके साथ कोई शरारत नहीं की जा सकती।

15- मुसलमान जमाअत में नमाज़ अदा करते हैं, जो उन्हें रोज़ाना पाँच वार एक साथ मिलाती हैं।

16- क्योंकि नवी की कब्र और अली और दूसरे पाक मुसलमानों की कब्रें मुकददस हैं, तो इन जगहों पर जमा होते हैं।

17- नवी की नसल से [जिन्हें सय्यद और शरीफ़ बुलाते हैं] बहुत से लोग मौजूद हैं; ये लोग नवी की याद दिलाते हैं और मुसलमानों की आँखो में आप हमेशा ज़िंदा रहते हैं।

18- जब मुसलमान इकठठे होते हैं, मुबलिंग/आलिम उनके ईमान को मज़वूत करते हैं और उन्हें नेक काम करने की तरफ़ माएल करते हैं।

19- अमर-ए-वि-ल-मारूफ़ [परहेज़गारी की सलाह] और नहीं-ए-अल-ल-मुंकर [गलत काम से मना करना] करना फर्ज़ हैं।

20- मुस्लिम आवादी को बढ़ाने के लिए एक से ज़्यादा शादी करना सुन्नत हैं।

21- एक मुसलमान के लिए एक शख्स को मुसलमान बनाना उससे ज़्यादा बहतर हैं के पूरी दुनिया पर कब्ज़ा करना।

22- एक अहदीस मुसलमानों में बहुत मश्हूर हैं, "**अगर एक शख्स कोई नेक रास्ता खोलेगा तो न सिर्फ़ खुद उस रास्ते पर चलने का सवाब हासिल करेगा बल्कि बाद में जो लोग उस रास्ते पर चलेंगे उसका भी सवाब हासिल करेगा।**"

23- मुसलमान कुरआन और अहदीस को बहुत ताअज़ीम से रखते हैं। उनका मानना हैं के इनकी इताअत ही जन्नत हासिल करने का ज़रिया हैं।

किताब इस बात की भी नसीहत करती थी के मुसलमानों के मज़बूत अमाल के पहलूओं को बिगाड़ा जाए और उनकी कमज़ोरियों को उजागर किया जाए, और इसने इन तरीकों को पूरा करने के लिर ये इकदामात किए।

उसने उनकी कमज़ोरियों को आम करने के लिए मंदरजाज़ेल इकदामात की सलाह दीः

1- लड़ने वाले ग्रुपों के बीच बहस कायम करना उनमें दुश्मनी ड़ालना, गलतफ़हमियों को पैदा किया जाए, और बहस को ओर बढ़ाने के लिए ऐसा इल्म फैलाया जाए।

2- स्कूलों के कायम और इशाअत को रोका जाए, और अदब को जला दिया जाए, जब भी मुमकिन हो। इस बात को यकीनी बनाया जाए के मुसलमान बच्चें जाहिल रहें ओर इस मकसद के लिए उन्होंने मज़हबी इंतेज़ामिया पर बहुत सारी तोहमतें लगाई और इस तरह मुसलमान वालदेन को अपने बच्चों को स्कूल भेजने से बाज़ रखा (अंग्रेज़ो का ये तरीका इस्लाम के लिए बहुत नुकसानदह रहा।)

उनके सामने जन्नत की तारीफ़ की जाए और उन्हें इस बात पर आमादा किया जाए।के उन्हें दुनियावी ज़िंदगी के लिए काम करने की ज़रूरत नहीं।तसव्वुफ़ का हलका बढ़ा किया जाए।**जुहद** की किताबें, जैसे के **अहसा-उल-उल्लूम-इद-दीन** ग़ज़ाली के ज़रिए, **मसनबी** मोलाना के ज़रिए और मुहिउददीन अरबी के ज़रिए लिखी बहुत सारी किताबें, ये पढ़ने की सलाह देके उन्हें ग़फ़लत की हालत में रखा जाए।

नोट ः[1] **जुहद**, जो तसव्वुफ़ की किताबों के ज़रिए हुकूम किया गया, इसका मतलब ये नहीं के दुनियावी कामों को रोक दिया जाए।इसका मतलब हैं दुनिया का रसिया न होना।दूसरे लफ़्ज़ो में, दुनिया के लिए काम करना, दुनियावी ज़रूरतों को कमाना, और उन्हें शरीअत के मुताविक इस्तेमाल करना वो उतना ही सवाब दिलाएगा जितना के दूसरे इबादत के कामों को करके।)

5- हाकिमों को मंदरजाज़ेल चापलूसियों के ज़रिए जुल्म और तानाशाही के लिए उकसानाः तुम ज़मीन पर अल्लाह की परछाई हो।दरहकीकत, अवू बकर, उमर, उस्मान, अली, अमवी और अव्वासी सब के सब ताकत और तलवार के ज़ोर पर हुकूमत में आए थे, ओर उनमें से हर एक सुल्तान बना।मिसाल के तौर पर, अवू बकर ने उमर की तलवार के बल पर ताकत हासिल की थी और जो उनकी बात नहीं मान रहे थे उनके घरों को आग लगाकर, जैसे के फातिमा के घर को। फिर उमय्यद के वक्त में हुकूमत को वाय की तरफ़ से विसारत में तबदील कर दिया गया।अव्वासियों के साथ भी यही मामला हुआ।ये तमाम बातें इस बात का सवूत हैं के इस्लामी हुकूमत तानशाही की एक शक्ल है।

नोट ः[**2**] अहदीस-ए-शरीफ़ में इस बात के इशारे हैं के अवू वकर, उमर उस्मान और अली खलीफ़ा वनेंगे।ताहम इनके औकात के बारे में कोई

वाज़ेह बयान नहीं मिलता। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने ये मामला अपने सहाबा की मरज़ी पर छोड़ा। सहाब तीन मुखतलिफ़ इजतिहाद रखते थे खलीफ़ा को चुनने के लिए। खिलाफ़त कोई जाएदाद नहीं के किसी शख्स के रिश्तेदारों की वारिस हो। अबू बकर जो सबसे पहले मुसलमान शख्स हुए, जिन्होंने दूसरों को ईमान वाला बनाया, जिनके पीछे हमारे नबी ने नमाज़ अदा की ये कहकर के वो इमाम बनकर नमाज़ अदा कराएँ, और जिनके साथ नबी ने (मदीना को) हिजरत की, सबसे बहतरीन उम्मीदवार थे। कुछ (सहाबा) हज़रत अली के घर गए। उनमें से एक जिनका नाम अबू सुफ़यान था ने कहा, "अपना हाथ ऊपर उठाओं! मैं तुम्हारें हाथ पर बैअत करना चाहता हूँ। अगर तुम चाहो तो मैं ये सारी जगह घुड़ सवार और मसलह फौन से भर दूँ।" हज़रत अली ने मना कर दिया, जवाब दिया, "क्या तुम मुसलमानों को ग्रप में तोड़ना चाहते हो? मेरे घर में रहने से ये मतलब नहीं के मैं खलीफ़ा बनना चाहता हूँ। रसूलुल्लाह से महरूमी मुझे सदमा पहुँचाएगी। मैं पागलों सा महसूस कर रहा हूँ। वो मस्जिद चले गए। सबकी मौजूदगी मैं उन्होंने अबू बकर से बैअत की। इस पर अबु बकर ने कहा, "मैं खलीफ़ा नहीं बनना चाहता। गलत चीज़ से बचाने के लिए मैं इसे मरज़ी से क़ुबुल करता हूँ।" अली ने जवाब दिया, "तुम खलीफ़ा बनने के ज़्यादा लायक हो।" ये बयान हज़रत अली का अबू बकर की तारीफ़ में हमारी (तुर्की) किताब **सआदत-ए-एबादत** में भी रकम है। हज़रत उमर हज़रत अली के साथ उनके घर चले गए। हज़रत अली ने कहा, "रसूलुल्लाह के बाद, अबू बकर और उमर इस उम्मत (मुसलमानों) में सबसे ऊँचे हैं।" लोग जो शियाओं के झूठ और तोहमतों पर यकीन रखते हैं वो आज मुसलमानों की इस खराब हालत के ज़िम्मेदार हैं। अभी तक अंग्रेज़ इस तरग़ीव को बढ़ाने में लगे हुए हैं।) और उमर अबू बकर की सिफ़ारिश पर खलीफ़ा बन गए। दूसरी तरफ। उमर के हुकूम से उस्मान सदर बन गए। अली के लिए, वो लुटेरों के ज़रिए इंतेखाब करने पर रियास्त के सरबराह बने। मअविया ने तलवार के ज़रिए ताकत हासिल की।

नोट ः[1]हज़रत मआविया हज़रत हसन की मशरूत बैअत के बाद खलीफ़ा बने।बराए महरबानी **documints of the right word** किताव को पढ़िए।)

6- कानून से इंसानों के कत्ल के लिए सज़ाए मौत खत्म करदी जाए।[इंसानों के कत्ल और अकाज़नी को रोकने का वाहिद ज़ारिया सज़ाए मौत हैं।गद्दारी और ड़ाकज़ानी सजाए मौत के बग़ैर रोके नहीं जा सकती।) रहज़नों और डाकूओं को सजा देने में इंतेज़ामिया को रोका जाए।उनको मसलह करके और मदद करके सफर को गैरमहफूज़ बनाया जाए।

7- हम मंदरजाज़ेल मंसूबे के ज़रिए उनको ग़ैर सहतमंद ज़िदगी गुज़रवा सकते हैः हर चीज़ अल्लाह के पहले से तरतीब दिए गए मुकदद पर मुनहसिद हैं।तिब्बी इलाज सहत को बहाल करने में कोइ किरदार अदा नही कर सकता।क्या अल्लाह ने कुरआन में नहीं कहा, **"मेरा रब (अल्लाह) मुझे खिलाता और पिलाता है।जब मैं बीमार होता हूँ वो मेरा इलाज करता है।वो अकेला ही मुझे मारेगा और फिर दोबारा मुझे ज़िंदा करेगा।"** ([2] सूरह शूरा, आयतः **79-80-81**)।फिर, न तो कोई शख्स, अपनी कोशिश से सहतमंद हो सकता हैं और न ही अल्लाह की मरज़ी के बग़ैर मौत से बच सकता है।

[3] अंग्रेज़ी एजेंटो ने मुसलमानों को गुमराह करने के लिए आयत-ए-करीमा और अहदीस-ए शरीफ के मआनी मसख कर दिए। (नबी के ज़रिए कुछ किया गया, सलाह, हुकूम, पसंद किया गया सुन्नत है) के तिब्बी इलाज कराया जाए।अल्लाह तआला ने इलाज में शिफ़ा का असर पैदा किया है।हमारे नबी ने दवाई लेने का हुकूम दिया है।अल्लाह तआला, हर चीज़ का बनाने वाला है, शिफ़ा देने वाला है।ताहम उसने असहाव का एक कानून बनाया है और हमें हुकूम दिया है के इन असवाव को इस्तेमाल करके इस कानून की इताअत करें हमें सख्त मेहनत करनी चाहिए।ये कहना, **"वो मुझे**

शिफ़ा देता है," का मतलब हैं, "वो मुझे ज़राए देता है जो शिफ़ा का सबब बनता है।" ये एक अहकाम (इस्लाम का) है के असबाब जानने के लिए तहकीक की जाए। हमारे नबी ने फरमाया, "**मर्द और औरतों दोनो के लिए पढ़ना और इल्म हासिल करना फर्ज़ है।**" और ये भी इरशाद फरमाया, "**अल्लाह तआला काम करके कमाने वालों को पसंद करता है।**"

जुल्म को बढ़ाने के लिए मंदरजाज़ेल बयानत दिए जाएँः इस्लाम इबादत का मज़हब है। इस्मे मुल्की मामलात व खलिफाओं के कोई वज़ीर या कानून नहीं थे।

नोट ः[1] इबादत सिर्फ़ नमाज़, ज़कात, रोज़ा और हज पर मुबनी नहीं हैं बल्कि दुनियावी काम करना भी इबादत हैं क्योंकि अल्लाह तआला ने इसका हुकूम दिया हैं लेकिन शरिअत के मुताबिक करने चाहिए। कारआमद चीज़ों के लिए काम करना सवाब (आखिरत में ईनाम पाना) हैं।

मआशी ज़वाल अब तक की फैलाई हुई मिज़र नुकसानदह सरगरमियों का नतीजा हैं। हमने इस पस्ती में मज़ीद इज़ाफ़ा कर दिया उनकी फसलों को उजाड़ इज़ाफ़ा कर दिया, तिजारती जहाज़ डूबोकर, मार्किट वाली जगहों को आग लगाकर, बांधो और बैराजों को खत्म करके इस तरह खेती बाढ़ी के इलाकों और तिजारती मरकज़ों को पानी में कर दिया जाए और आखिरकार उनका पीने का पानी का निज़ाम भी गंदा कर दिया जाए। ([2] अंग्रेज़ों का ये जुल्म और सफ़ाकी देंखे। ये अंग्रेज़ अपने आपको मोहज़्ज़ब करार देते हैं और इंसानी हुकूम का ज़मला बार बार इस्तेमाल करते हैं।

सियास्तदानों को ऐसे मशग़लो जैसे के (जिन्स, खेल) शराब, जुआ, बदउनवानी का आदी बना दिया जाए जो बग़ावत और सरकशी का सबब बने, और मुल्की/रियास्त की दौलत को अपनी ज़ाती ज़रूरत पर खर्च करने का

बाइस बनें।इस सिलसिलें में सरकारी मुलाज़मीन की होसला अफ़ज़ाई की जाए।के वो इस तरीके के काम करें और जो हमारे लिए इस तरीके पर काम करें उन्हें इनाम दिया जाए।फिर किताव ने मंदरजाज़ेल सलाह शामिल कीः इस काम पर लगे हुए अंग्रेज़ जासूसों की खुले आम या खुफ़िया पूरी हिफ़ाज़त की जाए और मुसलमानों के हाथ पकड़े जाने वाले जासूसों को बचाने के लिए खर्चे में कोई कमी नहीं की जानी चाहिए।

हर तरह के सूद को आम किया जाए।इसलिए के सूद न सिर्फ़ कौमी मआशियत को बरबाद करता है बल्कि मुसलमानों को कुरआन के उसूलों की नाफ़रमानी का आदी बनाएगा।एक बार अगर एक शख्स किसी कानून की दफ़अ की खिलाफ़ वरज़ी तो उसके लिए दूसरी दफ़आत की ना फरमानी करना काफ़ी आसान हो जाएगा।उन्हें बताना चाहिए के "सूद जब मुक्र्कब/मिला जुला हो तो हराम हैं, **"सूद को मुक्र्कब में मत लो।** ([3]सूरह आल-ए-इकराम, आयतः **130**)।इसलिए, सूद की हर किस्म हराम नहीं हैं।" [कर्ज़े की वापसी का वक्त पहले से हरगिज़ मुर्करर नहीं होना चाहिए।कोई भी ज़ाइद अदाएगी पर राज़ी होना(कर्ज़ा देने के वक्त) सूद हैं।सूद की ये किस्म गुनाहे कबीरा हैं चाहे इज़ाफ़ी अदाएगी की रकम सिर्फ़ एक दरहम ही क्यों न हों।अगर ये मुर्करर कर लिया जाए के कर्ज़ की रकम (उधार ली गई) एक खास मुददत तक अदा करदी जाएगी तो हन्फ़ी मसलक के मुताबिक ये सूद हैं।उधार की खरीद और फरोखत में अदाएगी का वक्त लाज़मन मुर्करर कर लेना चाहिए; ताहम अगर मकरूज़ मुर्करर वक्त में आएगी न कर सकें और वक्त ज़्यादा हो चुका हो और उस पर एक इजाफ़ी अदाएगी मुर्करर कर दी जाए तो इस किस्म का सूद **मदाअफ़** कहलाता है।ऊपर बताई आयत-ए-करीमा तिजारत में इस किस्म के सूद को बयान करती हैं।] आलिमों के खिलाफ़ खबासत के झूठे इलज़ामात फैलाएँ जाएँ और उनके खिलाफ़ गलीज़ तौहमतें लगाकर मुसलमानों के उनसे बदज़न किया जाए।हम अपने कुछ जासूसों को उनका भेस देंगे।फिर

उनसे गलीज़ और हकीर हरकतें करवाएंगे। इस तरह वो आलिमों के बारे में उलझन का शिकार हो जाएंगे और उनकी तरफ़ शक की निगाह से देंखेंगे। ये बहुत ज़रूरी हैं के इन जासूसों को अल-अज़हर, इस्तानबुल, नजफ़ और करबला भेजा जाए। मुसलमानों को आलिमों से बेगाना करने के लिए हमें स्कूल और कॉलेजो को खोलना चाहिए। इन स्कूलों में by zantine, रोमी और आरमिनयाई बच्चों को पढ़ाया जाए और उन्हें मुसलमानों के दुश्मनों के तौर पर उठाया जाए। जबकि मुसलमान बच्चों के लिए; हम उन्हें ये मुजरमाना अहसास देंगे के उनके दादा परदादा जाहिल थे। इन बच्चों को खलीफ़ाओं, आलिमों और मुदव्बिरों का मुखालिफ़ बनाने के लिए, हमें उनकों उनकी गलतियों के बारे में बताना होगा और उन्हें कायल करना होगा के वो अपनी ऐशी इशरत में मसरूफ़ थे, और ये के खलीफ़ा अपना वक्त लोंडियो के साथ हँसी मज़ाक में गुज़ारते थे, और उन्होंने अपने किसी भी अमल में नबी की इताअत नहीं की।

ये तोहमत लगाने के लिए के इस्लाम औंरतों से नफ़रत करता हे इस आयत का हवाला हम देंगे, "**मर्द औरतों पर हुकूमरान हैं,**" [1] सूरह निसा, आयतः **34**)। और इस अहदीस का भी हवाला दिया जाएगा, "**औरतें मजमूई तौर पर बुराई हैं।**"

नोट ः([2] एक अहदीस में बयान किया गया हैं के, "**एक औरत** (बीवी) **जो शरिअत की ताबेदारी करे वो जन्नत की एक नएमत में से हैं। एक औरत जो अपने जज़बात को माने और शरियत की नाफरमानी करे वो बुराई है।**" एक गरीब औरत के बाप को उसकी कफ़ालत करनी होगी, चाहे वो ग़ैर शादी शुदा हो या बेवा। अगर वो ऐसा नहीं करता, तो उसे कैद में डाला जाए। अगर उसका बाप नहीं हैं, या उसका बाप (इतना ज़्यादा) गरीब़ हैं (उसकी कफ़ालत के लिए), तो उसके महरम रिश्तेदारों को उसका खयाल रखना होगा। अगर उसके ऐसे कोई रिश्तेदार नहीं हैं, तो हुकूमत को उसके लिए वज़ीफ़ा मुर्करर करना होगा। एक मुसलमान औरत को अपनी रोज़ी कमाने

के लिए कभी भी काम नहीं करना होगा। इस्लामी मज़हब ने मर्द पे उसकी औरत की ज़रूरयात की पूरी ज़िम्मेदारी डाली हैं। इस भारी बोझ के बदले में मर्द को बाप दादा की विरासत के इंतेज़ाम की पूरी ज़िम्मेदारी दी गई हैं; ताहम, औरतों की तरफ़ एक और इनाअत की गई है, अल्लाह तआला ने हुकूम दिया है के उनके भाइयों के ज़रिए विरासत की जाएदाद में उनको आधा हिस्सा दिया जाए। एक शोहर अपनी बीवी को घर में या घर के बाहर काम करने पर मजबूर नहीं कर सकता। अगर एक औरत काम करना चाहती है, तो वो ऐसा अपने शोहर की इजाज़त से कर सकती है, इस शर्त के साथ के वो पूरी परदे में हो और जहाँ वो काम कर रही हैं वहाँ कोई मर्द न हो; और इसमें सारी कमाई उस औरत की होगी। कोई भी एक औरत को मजबूर नहीं कर सकता के वो अपनी इस तरह कमाई या जाएदाद जो विरासत में मिली हैं या महर (निकाह के तहत मुस्तहिक) को छोड़ दे। न ही उसे मजबूर किया जा सकता के वो इस कमाई, महर या विरासत को अपनी या अपने बच्चों की ज़रूरयात या अपने घर की किसी भी ज़रूरयात पर खर्च करे। शोहर पर फर्ज़ है के वो इस किस्म की ज़रूरयात पूरी करे। आज के इश्तराकी निज़ाम में औरतों और मर्दों को खाने के लिए, जानवरों की तरह भारी से भारी काम करने पड़ते हैं। ईसाई मल्कों, आज़ाद दुनिया के मुल्क, और कुछ अरबी मुल्कों में जिन्हें मुस्लिम मुमालिक कहा जाता है , खेतों में, तिजारती कारेबार में "ज़िंदगी यकसाँ के लिए"सच के अभास पे काम कर रहीं हैं। जैसा के अकसर अखबारात में छपता हैं के, वो इनमें से अकसर शादीशुदा होने पर अफसोस करते हैं और इसी वजह से अदालतों तलाक की अरज़ियों की फाइलों से भारी रहती हैं। अल्लाह के नबी के मुबारक मुँह से निकलने वाले जुमले तीन किस्म के हैंः पहली किस्म उन जुमलों पर मुश्तमिल हैं जो अल्लाह तआला की तरफ़ से मुरकब और अजज़ा की सूरतों में आती हैं। ये जुमले **आयत-ए-करीमा** कहलाते हैं, जो मुकम्मल तौर पर जमा होकर **कुरआन अल-करीम** बनाते हैं। ये जुमला, "**तुम्हारे पास आने वाली हर कारआमद और अच्छी चीज़ अल्लाह तआला का फरमान हैं**

और उसी के ज़रिए भेजी जाती हैं। हर बुरी और नुकसानदह चीज़ की खुवाहिश तुम्हारा नफ़स करती है। ये सारी चीज़ें अल्लाह तआला के ज़रिए तखलीक की गई और भेजी गई" ये सूरह **निसा** की 78वीं आयत है। दूसरी किस्म में वो जुमले शामिल हैं जिनके अलफ़ाज़ तो हमारे नबी के हैं जबकि उनके मआनी अल्लाह तआला की तरफ़ से इलहाम किए गए हैं। इन जुमलों को **अहदीस-ए-कुदसी** कहते हैं। ये जुमला, "**अपने नफ़स की तरफ मुखालिफ़ रहो। इसलिए के ये मेरी दुश्मन है,**" ये एक अहदीस-ए-कुदसी है। तीसरी किस्म उन जुमलों की हैं जो अलफ़ाज़ और मआनी दोनों में हमारे नबी के हैं। उनको **अहदीस-ए-शरीफ़** कहते हैं। ये जुमला, "**एक औरत जो शरिअत की फरमाबरदारी करे जन्नत की नएमतों में से एक है। एक औरत जो अपने नफ़स की तकलीद करे बुराई है,**" ये अहदीस-ए-शरीफ़ है। हज़रत मुहिइददी-ए-अरबी ने अपनी किताब **मुसामरात** की पहली जिल्द में इस अहदीस-ए-शरीफ़ की तशरीह की है। अंग्रेज़ी जासूस इस अहदीस का पहला हिस्सा छुपा कर सिर्फ़ बाद का हिस्सा बयान कर रहा हे। अगर दुनिया की सारी औरतें इस अहमियत, सुकून, तहफ्फ़ुज़, आज़ादी और तलाक के हक से आगाह हो जाएँ जो इस्लाम ने उन पर इनायत की हैं तो वो सब फौरन मुसलमान बन जाएँगी और पूरी दुनिया में इस्लाम की इशाअत के लिए जददो जहद करेंगी। ये शर्म की बात हैं के वो अभी तक इन हकाईक से वाकिफ़ नहीं हैं। अल्लाह तआला से दुआ है के वो तमाम इंसानियत को ऐसी किस्मत से सरफराज़ करे जिस के ज़रिए वो इस्लाम के बसीरत अफ़रोज़ रास्ते को सही तरीके से सीख सकें।)

गंदगी पानी की कमी का नतीजा है। इसलिए मुखतलिफ मंसूबो के तहत पानी की फराहमी को रोका जाए। किताब मुसलमानों के मज़बूत पलूओं को तबाह करने के लिए मंदरजाज़ेल इकदामात तजवीज़ करती हैंः मुसलमानों को नसलों और कौमियत जैसी जारहाना वतन परस्त रस्मों की तरफ़ लगाया

जाए ताकि उनका ध्यान ग़ैर इस्लामी हिरोइस्म/herosims की तरफ़ हो जाए। मिस्र में फिरओन का ज़माना, इरान में मजूसी, ईराक में babylonion ज़माना, उसमानिया में अतीला और चंगेज़ का [वहशतों] ज़माना। [उन्होने इस ज़माने में तवील फहरिस्त दी थी।] मदरंजाज़ेल बुराइयाँ खुफ़िया तौर पर या खुले आम फैलाई जाएँः नशीली शराबें, जुआ, ज़िना, खिंज़िर का गौश्त, [और खेलों के क्लब के बीच में लड़ाइयाँ।] ऐसा करने के लिए, मुस्लिम मुल्कों में रहने वाले ईसाइयों, यहूदियों, मजूसियों और दूसरे ग़ैर मुसलमानों का भरपूर इस्तेमाल किया जाए, और जो लोग इस मकसद के लिए काम कर रहें हों उन्हें मुश्तरका दौलत की विज़ारत के खज़ाने के महकमें से आला तंखवाहें दी जाएँ उनके अंदर जिहाद के बारे में शकूक डाले जाएँ; उन्हें इस बात का यकीन दिलाया जाए के जिहाद एक आरज़ी हुकूम था और अब इसका वक्त खत्म हो चुका। शियाओं के दिल से ये नज़रया के "काफ़िर गंदे हैं" इसे हटाया जाए। कुरआन की इस आयत का हवाला दिया जाए, "**जैसा के उन चिज़ो का खाना जिन्हें** (आसमानी) **किताब मे दिया गया है तुम्हारे लिए हलाल हैं, इसी तरह तुम्हारा खाना उनके लिए हलाल है।**" ([1] सूरह माएदाः आयत ः **5**) और उन्हें बता दो के नबी की एक बीवी यहूदी थीं जिनका नाम सफ़िया था और एक ईसाई नबी की बीवियाँ गंदी/नजस नहीं हो सकती।

नोट([2] हज़रत सफ़िया, जिन्हें अंग्रेज़ एक यहूदी कहते थे, वो पहले ही मुसलमान हो चुकी थी(जब उनकी हमारे नबी से शादी हुई)। मारिया के लिए, जोकि एक मिस्री थीं, वो अल्लाह के नबी की सबसे मुबारक बीवियों में से नहीं थीं। वो एक जारिया थीं। वो, भी एक मुसलमान थीं। (जब वो फ़ौत हुई), उमर रज़ी-अल्लाहु अनह, जो उस वक्त के खलीफ़ा थे ने नमाज़े जनाज़ा अदा कराई (जब एक मुसलमान मर जाता है तो नमज़े जनाज़ा अदा की जाती है)। अहल-अस-सुन्नत के मुताबिक, एक ईसाई औरत जारिया हो सकती है और साथ ही बीवी भी हो सकती है (एक मुसलमान आदमी के लिए)। ये

अकीदा (इस सिलसिले में) शियाओं के इस अकीदे के बरअकस हे के काफ़िर अपने आप नजस नहीं होते। बल्कि क्या चीज़ नजस/नापाक होती हैं वो हैं जो ईमान वो रखते हैं वो नापाक होता हैं।) मुसलमानों के दिलों में ये यकीन डाला जाए के "नबी का इस्लाम से मतलब था एक मुकम्मल मज़हब और इसलिए ये मज़हब यहूदियों या ईसाइयत या इस्लाम भी हो सकता हैं।" इस बात को मंदरजाज़ेल असबाब से साबित किया जाएः कुरआन तमाम मज़ाहिब के अराकीन को मुसलमान का नाम देता है। मिसाल के तौर पर ये हवाला दिया गया के हज़रत जोज़ेफ़ (युसूफ़ अलैहिस्सलाम) ने दुआ की, "**मुझे एक मुसलमान की मौत देना।**" ([3] अल्लाह तआला की तरफ़ से नबी के ज़रिए इतलाआत पर यकीन करने को **ईमान** कहते हैं। जिन मालूमात पर यकीन किया जाए वो दो किस्म की हैंः (1) मालूमात जिन पर सिर्फ़ यकीन किया जाए; (2) मालूमात जिन पर यकीन करना और अमल करना दोंनो लाज़मी हों। पहली की मालूमात, जोकि ईमान की बुनियादी हैं, छः अकाइद पर मुशतमिल हैं। सारे नबियों ने ईमान के इन बुनियादी उसूलों की तालीम दी हैं। आज, सारे यहूदी, ईसाई, साईंसदाँ, मुदाब्बिर, सारी दुनिया के कमाण्ड़र, और ये सारे नाम निहाद मॉड़रन लोग आखिरत पर यकीन रखते हैं, यानी, मौत के बाद डराए जाने पर। वो जो अपने आपको मॅाडरन लोग कहलाते हैं उन्हें, इन लोंगो की तरह ईमान रखना होगा। दूसरी तरफ़, नाबियों की शरिअत, यानी, उनके मज़ाहिब में दिए जाने वाले अहकामात और मुमानिअतें एक जैसी नहीं हैं। ईमान रखना और शारियत की पैरवी करना **इस्लाम** कहलाता हैं। चुँकि हर नबी की अलग शरियत हैं, हर नबी का इस्लाम भी एक दूसरे से मुख्तलिफ़ है। अल्लाह का हर नबी एक नया इस्लाम लाया अपने से पहले वाले नबी का इस्लाम रद्ध करते हुए। आखिरी नबी मुहम्मद अलैहि-सलाम के ज़रिए लाया गया इस्लाम दुनिया के आखिर तक जाइज़ और सही रहेगा। सूरह **आल-ए-इमरान** की 19 वीं और 85 वीं आयत में अल्लाह तआला ने यहूदियों और ईसाइयों को हुकूम दिया के वो अपना पिछला इस्लाम छोड़ दें। उसने

एलान किया के जो मुहम्मद अलैहिस्सलाम की पैरवी नहीं करेंगे वो जन्नत में दाखिल नहीं होंगे और हमेशा दोज़ख में जलते रहेंगे। ऊपर मज़कूरा नबी यानी इब्राहिम, इसमाईल और युसूफ़ ने उस इस्लाम की दुआ की जो उनके वक्त में जाइज़ था। वो इस्लाम, मसलन गिरजों में जाना, आज जाइज़ नहीं हैं।) और नबी इब्राहिम और इसमाईल ने दुआ की, "**ए हमारे रब (अल्लाह)। अपने लिए हमें मुस्लिम बना और हमारी नसल के लोंगो को भी मुस्लिम बना।**" ([1] सूरह बकराह, आयतः **128**) और नबी याकूब ने जबकि अपने बेटों से कहा, "**सिर्फ़ और सिर्फ़ मुसलमान ही मरना।**" ([2] सूरह बकराह, आयतः **132**) बार बार इस बात को बताया जाए के गिरजों की तामीर हराम नहीं, क्योंकि नबी और उनके खलीफ़ाओं ने गिरजे मसमार नहीं किए बल्कि उनका अहतराम भी किया, कुरआन मे फरमाया हैं, "**अगर अल्लाह ने कुछ लोगों को तबाह नहीं किया, तो ये सिर्फ़ खानकाहों, गिरजों, यहूदियों की इबादत गाहों और मस्ज़िदों के वसीले से हैं क्योंकि इन जगहों में अल्लाह का ज़िकर बहुत किया जाता हैं वरना ये लोग** (अब तक) **तबाह कर दिए जाते**, ([3] सूरह हज, आयतः **40**) और ये के इस्लामी मसाजिद का भी अहतराम करता हैं, और उनको तुड़वाता/मसमार नहीं करवाता, और जो इन्हें मसमार करना चाहते हैं उनसे उन्हें बचाता हैं।

मुसलमानों को अहदीसों के बारे में उलझन में डाल दिया जाए, "**यहूदियों को जज़ीर-ए अरब से निकाल दो,**" और, "**दो मज़ाहिब जज़ीर-ए अरब में इकठठे नहीं रह सकते।**" ये कहा जाए के "अगर ये दोनों अहदीसें सच्ची हैं, तो नबी की एक यहूदी बीवी और एक ईसाई बीवी न होती। ना ही आप नज़रान के ईसाइयों से कोई मुहिदा करते।" ([4] सफ़हा नः **79** का फुट नोट नः **2** देंखे।)

मुसलमानों को उनकी इबादत से रोका जाए और इन इबादात के कारआमद होने के बारे में उनमें उलझने पैदा की जाएँ और ये कहा जाए के "अल्लाह को इंसानों/आदमियों की इबादत की ज़रूरत नहीं।

([**5**] इबादत अल्ला तआला के हुकूम से अदाकी जाती हैं। हाँ, अल्लाह तआला को उसके बंदे की इबादत की ज़रूरत नहीं। बल्कि बंदों को खुद इबादत की ज़रूरत हैं। ये लोग (ईसाई) खुद तो भीड़ में गिरजा जाते हैं। दूसरी तरफ़ ये मुसलमानों को मस्जिदों में जाने से रोकते हैं।)

उन्हें हज और ऐसी किसी भी इबादत से रोका जाए उन्हें इकट्ठा करे। इसी तरह उन्हें मस्ज़िदों, मकबरों और मदरसों की तामीर से रोका जाए और काबे की मरम्मत से भी रोका जाए। शियाओं में इस उसूल के बारे में उलझने पैदा की जाएँ के में हासिल होने वाले माले ग़नीमत का पाँचवा हिस्सा आलिमों को देना लाज़मी हैं और इसकी वज़ाहत यूँ की जाए के इस पाँचवे हिस्से का सबंध उस माले ग़नीमत से हैं जो (दार-उल-हरब) से हासिल किया गया और ये के तिजारती कमाई से इसका कोई लेना देना नहीं। फिर इसमें इस बात का इज़ाफ़ा किया जाए के "खमस, (ऊपर बताया गया पाँचवा हिस्सा) नबी या खलीफ़ा को देने के लिए हैं, ना की आलिमों कों। इसलिए, के आलिमों को घर, महल, जानवर और बाग़ावत दिए जाते हैं। इसलिए, इस बात की इजाज़त नहीं हैं के उन्हें (खमस) दिया जाए।" मुसलमानों के अकीदों के उसूलों में बिदअती शामिल कर दिया जाए और फिर इस्लाम को एक दहशत वाला मज़हब करार दिया जाए। इस बात का दावा किया जाए के मुसलमान मुल्कों में दरारें पड़ चुकी हैं वो ज़वाल पज़ीर हो गए हैं और इस तरह उनकी इस्लाम से वाबस्तगी में खलल डाला जाए। [दूसरी तरफ़, मुसलमानों ने दुनिया की सब से अज़ीम और मज़हब सलतनत कायम की। वो जब ज़वाल पज़ीर हए जिस वक्त इस्लाम से वाबस्तगी में उनकी कमी आई।] बहुत अहम! बच्चों को उनके बापों से मुतनफ़िर/नफ़रत दिलाई जाए, इस तरह उन्हें उनके बुजुर्गो की तालीम से महरूम रखा जाए। हम उन बच्चों को पढ़ाएंगे। लिहाज़ा जिस वक्त बच्चें अपने आबाओ की तालीम से जुदा होंगे तो उनके लिए ये मुमकिन नहीं रहेगा के वो अपने ईमान, यकीन, ख़ाफत या मज़हबी आलिमों से तअल्लुक

बरकरार रख़ सकें। औरतों को उनके रिवाएती परदे से निजात पाने के लिए उकसाया जाए। ऐसी झूठी बातें घड़ी जाएँ जैसे के "परदा हकीकी इस्लामी हुकूम नहीं हैं। ये एक रसम है जो अब्बासी खलीफ़ाओं के दौर में कायम की गई। पहले तो, दूसरे लोग भी नवियों की बीवीयों को देखा करते थे और औरतें हर किस्म की समाजी सरगरमियों में हिस्सा लिया करती थीं।" औरतों को उनके परदे से निकाल कर नौजवानों को उनकी तरफ़ राग़िब किया जाए उन दोनों के बीच बेहयाई पैदा की जाए। इस्लाम को तबाह करने के लिए ये इंतेहाई पुरतासिर तरीका है। पहले ग़ैर मुस्लिम औरतों को इस मकसद के लिए इस्तेमाल किया जाए। वक्त के साथ साथ मुसलमान औरत अपने आप रज़ील हो जाएंगी और उनकी तकलीद करने लगेगी।

नोट ः[1] हिजाब (परदे) की आयत के नुज़ूल से पहले औरतें अपने आपको ढँपा नहीं करती थीं, वो अल्लाह के नबी के पास आकर, आप से सवालात पूछा करती थीं, और जो नहीं जानती थीं वो आपसे सीखा करती थीं। जब भी अल्लाह के नबी उनमें से किसी के घर जाते, दूसरी औरतें भी वहाँ आ जातीं, बेठतीं, सुनती और सींखती। हिजरत के छः साल बाद सुरह नूर नाज़िल हुई जिस में औरतों को मुमानिअत की गई के वो गैर मरदों के साथ न बैंठे और नाहीं उनसे बात करें (शौहर या दूसरे करिबी रिश्तेदारों के अलावा) उसके बाद से, अल्लाह के नबी ने औरतों को हुकूम दिया के वो जो कुछ सीखना चाहती हैं उसे आपकी मुबारक बीवीयों से सीखें। ये कफफ़ार मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं इस हकीकत को छुपाकर के हिजाब की आयत के नुज़ूल के बाद औरतें अपने आपको ढँपती थीं।

उम्म-ए-सलमा रज़ी अल्लाहु अन्ह, रसूलुल्लाह की मुबारक बीवी से रिवायत हैंः एक दिन में और मएमूना रज़ी अल्लाहु अन्ह, रसूलल्लाह 'सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम' की बीवी, अल्लाह के नबी 'सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम' के साथ थीं, जव इबनि उम्म-ए मकतूम ने अंदर आने की इजाज़त

मांगी और घर में दाखिल हुए अल्लाह के नबी 'सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम' ने उनको देखा तो हमसे कहा, "**परदे के पीछे छुप जाओ।**" जब मैंने कहा, "क्या वो अंधे नहीं हैं? वो हमें नहीं देख सकते," अल्लाह के नबी ने जवाब दिया, "**क्या तुम भी अंधी हो? तुम उसे नहीं देख सकतीं?**" इससे आपका मतलब था, "वो अंधा हैं तुम नहीं।" ये अहदीस-ए शरीफ़ इमाम-ए अहमद और तिमज़ी ओर अबू दाऊद रहीमाहुल्लाही तआला से नकल की गई।इस अहदीस-ए शरीफ़ के मुताबिक, जैसा के एक आदमी के लिए अपनी बीवी और इंतेहाई करीबी रिश्तेदारों के अलावा किसी और औरत को देखना हराम हैं, इसी तरह औरत के लिए अपने शौहर और इंतेहाई करीबी रिश्तेदारों के अलावा किसी ओर मर्द को देखना।

अहदीस-ए शरीफ़ पर ग़ैर और फ़िकर करने के बाद नतीजा निकाला के "एक औरत के लिए किसी नमहरम आदमी के **अवरत** हिस्सों को देखना हराम हैं।ऐसा करना आसान हैं।ये आसान मुमानियतें और अहकामात रूखसत कहलाती हैं।एक औरत के लिए ये **अज़ीमत** हैं के किसी नामहरम आदमी को सिर और बालों को न दिखायें।औरत के लिए मर्द का अवरत हिस्सा (वो हिस्सा जो एक औरत के लिए देखना मना हैं) उसकी नाफ़ और घुटनों के बीच का हिस्सा हैं।और (फरमाबरदारी) करना इस (सिर्फ़ उसूल की, अज़ीमत की तरफ़ ध्यान दिए बग़ैर), वो **रूखसत** हैं। (कहलाता हैं) जैसा के देखा गया हैं के अज़वाज-ए-ताहिरत (अल्लाहु तआला के नबी की पाक बीवीयाँ) रज़ी-अल्लाहु अन्हुम हमेशा अज़ीमत पर अमल करती थीं और रूखसत से परहेज़ करते थीं।**ज़िंदिक** जो इस्लाम को अंदरूनी तबाह करने की कोशिश कर रहे हैं।इस हकीकत को आगे बयान करते हैं के हिजाब की आयत के नज़ूल से पहले औरतें परदा नहीं करती थीं और कहते हैं के "औरतें नबी के वक्त में अपने आपको ढाँपती नहीं थीं।औरतों का चुड़ेलों की तरह परदा करना, एक अमल जो आज बहुत आम हैं, उस वक्त मौजूद नहीं

था। हज़रत आएशा, एक बार नंगे सिर बाहर चली गई थीं। आजकल परदा करने का अमल बाद में आने वाले फ़िकह के तअसुबी लोगों का एजाद किया हुआ हैं।" ऊपर बताई गई अहदीस वाज़ेह तौर पर बयान करती हैं के इन लोगों के ये बयानात सरासर झूठ और बोहतान हैं चार सही मसलक, जो अल्लाह तआला के अहकामात और मुमानियतों को वाज़ेह करते हैं, मर्द के **अवरत** हिस्सों के बारे में मुखतलिफ़ तशरीहात देते हैं, यानी ये हिस्से ऐसे हैं के किसी और का उनको देखना या खुद ये हिस्से किसी को दिखाना हराम हैं। हर शख्स पर फ़र्ज़ हैं के वो अपने मसलक में बयान करदह हराम हिस्सों को देखना। **एशआत-उल-लेमाआत** किताब में मंदरजाज़ेल अहदीस-ए शरीफ़ लिखी हुई हैंः

"**मर्दो और औरतों को अपने हम जिनसों के अवरत हिस्सों को देखना मना हैं।**" हनफ़ी मसलक में, एक मर्द के लिए दूसरे मर्द के अवतरत हिस्से वही हैं जो एक औरत के लिए दूसरी औरत के हिस्से हैः ये हिस्से घुटने और नाफ़ के दरमियानी हिस्से हैं। दूसरी तरफ़ एक नामहरम मर्द के लिए औरत के अवतरत के हिस्सों में औरत के चहरे और हाथों के अलावा तमाम जिस्म शामिल हैं। (मुख़ालिफ़ जिनस का कोई ऐसा शख्स जो महरम न हो वो नामहरम कहलाता हैं। इस्लाम ने एक शख्स के महरम रिशतेदारों के नाम रखें हैं। वो अठारह हैं)। औरत के बाल भी उसके अवरत हिस्सों में आते हैं। किसी के अवतरत हिस्सों को बग़ैर किसी नफ़सानी इच्छा के भी देखना हराम हैं। "**अगर तुम एक औरत को देखो, उसकी तरफ़ से अपना चेहरा हटा लो। अगरचे किसी को अचानक देखना गुनाह नहीं हैं, लेकिन उसे दोबारा देखना गुनाह हैं।** "**ए अली अपनी रान नंगी न करो! किसी दूसरे की रान को भी मत देखो, चाहे वो एक मुरदा हो या एक शख्स जो ज़िंदा हो।**"

"**अल्लाह की उन पर लानत हो जो अपने हिस्सों को खोलते हैं और जो उनको देखते हैं।**"

“**एक शख्स जो अपने आपको एक कौम की तरह बना लेता हैं वो उनमें से एक बन जाता हैं।**” ये अहदीस-ए शरीफ़ बताती हैं के एक शख्स जो अखलाक**,** बरताओ या कपड़े पहनने के तरीके में इस्लाम के दुश्मनों को अपनाता हैं, वो उन्हीं में से एक बन जाता हैं। वो जो अपने आपको काफ़िरों के बुरे फैशन को अपनाते हैं, जो हराम का ‘फाईन आर्टस’ का नाम देते हैं, और जो लोंगो को जो हराम करते हैं ‘फ़नकार’ बुलाते हैं, उन्हें इस अहदीस-ए-शरीफ़ को एक तनवीह/वार्निंग की तरह लेनी चाहिए।**किमया-ए-सआदत** में मंदरजाज़ेल लिखा हैंः “औरतों और लड़कियों का बग़ैर अपने सिरों, बालों, बाज़ू और रांगो को ढँपे हुए या पतले, सजे हुए, चुस्त, खुशबूदार लिवास पहनकर बाहर जाना हराम हैं।अगर एक औरत के वालदेन, शौहर या भाई उसे इस तरह बाहर जाने देते हैं, तो वो भी उसके साथ गुनाह और अज़ाब सहेंगे (वो अपने इस गुनाह के लिए आखिरत मे सज़ा भुगतेंगी)।” अगर वो तौबा करलें तो उन्हें माफ़ किया जा सकता हैं।अल्लाह तआला उनको पसंद करता हैं जो तौबा करते हैं।

बजमाअत नमाज़ की अदाएगी के खात्में के लिए हर मौका इस्तेमाल किया जाए, मस्जिदों के इमामों पर बोहतान लगाए जाएँ, उनकी खामियों को उजागर करके, और उनके और जमाअत (मुसलमानों का गुप) के बीच जो रोज़ाना की नमाज़े उनके पीछे पढ़ते हैं उनमें नाइतेफ़ाकी और दुश्मनी पैदा करके।तमाम मकबरों को मसमार कर दिया जाए ये कहते हुए, के नबी के वक्त में ये मौजूद नहीं थे।मज़ीद ये के, मुसलमानों को नबियों, खलीफ़ाओं और पाक मुसलमानों की कबरों पर जाने से बाज़ रखा जाए उनको ज़ियारत की कबरों के बारे में शकूक में डालकर।मिसाल के तौर पर, ये कहा जाए, “के नबी अपनी वालदा के करीब दफ़न हैं और अबू बकर और उमर को बाकी नामी कब्रिस्तान में दफ़न किया गया।उस्मान की कबर का कुछ पता नहीं।हुसैन के सिर को (एक जगह) **हनाना** में दफ़न किया गया।उनके जिस्म का पता

नहीं के वो कहाँ दफ़न हैं। **काज़मिया** में कबरों दो खलीफ़ाओं की हैं। ये कबरें काज़िम और जवाद की नहीं हैं जो नबी की नसल से थे। जहाँ तक के तुस (शहर) में मोजूद, कबर हारून की हैं ना के अहल-ए-बएत (नबी का खानदान) के एक रूकन रज़ा की। समरा में मोजूद कबरें अब्बासियों की हैं ना की अहल-ए बएत के हादी, असकरी और महंदी की। चुँकि ये फ़र्ज़ हैं के मुस्लिम मुल्कों में मोजूद गुम्बदों और मकबरों को मसमार कर दिया जाए इसी लिए बाकी नामी कब्रिस्तान भी मसमार करना लाज़मी हैं।

लोगों को इस हकीकत पर शक करने पर मजबूर किया जाए के नबी की नसल से हैं। सय्यदों को दूसरों लोगों के साथ मिला दिया जाए ग़ैर सय्यदों को काली और हरी पगड़ियाँ पहना कर। इस तरह लोग इस मामले में उलझन की वजह से सय्यदों से बे एतमाद हो जाएंगे। सय्यदों और मज़हबी शखसियात को पगड़ियाँ पहनने से बाज़ रखा जाए ताकि उनकी पहचान मुमकिन न रहे और उनकी इज़्ज़त खत्म हो जाए।

नोट ः सय्यद अब्दुलहकीम अरवासी रहमतल्लाही अलैहि, एक बड़े आलिम ने अपनी किताब **(अस-हाब-ए-किराम)**, जोकि उन्होंने इस्तंबुल में लिखी थी में बयान कियाः "हज़रत फातिमा, अल्लाह के नबी की मुबारक बेटी, और दुनिया के आखिर तक उनकी आने वाली नसल अहले बैअत के अराकिन हैं। उनसे मुहब्बत करना ज़रूरी हैं चाहे वो नाफरमान मुसलमान ही क्यों न हों। उनसे मुहब्बत करना, अपने दिल, जिस्म, और/या माल से उनकी मदद करना, उनकी इज़्ज़त करना और उनके हुकूम की बजाआवरी करना एक शख्स के लिए एक ईमान वाले की तरह मरने का सबब बनता हैं। शाम/सिरिया के एक शहर, हम्मास में सय्यदों के लिए एक कानूनी अदालत बनाई। अब्बास खुलफ़ाअ के वक्त में मिस्र में हसन रज़ी-अल्लाहु अन्ह की नसल को **शरीफ** नाम दिया गया और ये फ़ैसला किया गया के वो सफ़ेद पगड़ियाँ पहनेंगे, और हुसैन रज़ी अल्लाहु अन्ह के बेटों को **सय्यद** का नाम दिया गया, जो हरी

पगड़ियाँ पहनेंगे। इन दो खानदानों में पैदा होने वाले बच्चों का इंदराज एक जज और दो गवाहों की मोजूगी में किया जाता था। सुलतान अबदुल माजीद खान रहमतुल्लाही अलैह रासिएद पाशा के दौर मे अंग्रेज़ आकाओं की हिदायत पर इन शरअी/कानूनी अदालतों को खत्म कर दिया गया। लोग बग़ैर किसी नसब के या मज़हबी मसलक के सय्यद कहलाए जाने लगे। नकली ईरानी सय्यद तूल ओ अरज़ में फ़ैल गए। **फतवाअ हदीसिया** में बयान किया गया हैं के, इस्लाम के शरू के दिनों में कोई भी जो अहले बैअत की नसल से होता था वो शरीफ़ कहलाता था, मिसाल के तौर पर, शरीफ़-ए-अब्बासी, शरीफ़-ए ज़िनाली। फातिमी हुकूमरान शियाअ थे, वो सिर्फ़ हसन और हुसैन की नसल को शरीफ़ पुकारते थे। अशरफ़ शावान बिन हुसैन, मिस्र के तुर्कन हुकूमरानों में से एक ने, हुकूम दिया के सय्यद हरी पगड़ियाँ पहनेंगे ताकि उन्हें शरीफ से मुमताज़ किया जा सके। ये अकाइद दूर दूर तक फैल गए जबकि इसकी इस्लामी नुकता निगाह से कोई अहमियत नहीं हैं। इस मज़मून की तफ़सीली वज़ाहत **मिरात-ए-काएनात** में और तुर्की वरसन **मवाहिब-ए लेदुन्निया** में और ज़रकानी नामी तफ़सीर के तीसरे बाब के सातवें सेकशन में हैं।")

इस बात को बताया जाए के शियाओं की मातम की जगहों को मसमार करना फर्ज़ हैं, और ये के ये अमल बिदअत और फ़ितूर दिमाग़ी हैं। लोगो को उन जगहों पर जाने से मना किया जाए, तबलीग़ करने वालों की तादाद कम की जाए, तबलीग करने वालों और मातम की जगहों के मालिकों पर टैक्स लगाया जाए। आज़ादी पसंदी के बहाने तमाम मुसलमानों को यकीन दिलाया जाए के "हर कोई आज़ाद हैं जो चाहे वो करे। अमर-ए-बिल-मारूफ़ और नहीं-ए-अनल-मुनकर अदा करना या इस्लामी उसूलों की तबलीग़ करना फर्ज़ नहीं हैं।"[हकीकत ये हैं, इस्लाम का सीखना और पढ़ाना फर्ज़ हैं। ये एक मुसलमान का पहला फर्ज़ हैं।] मज़ीद ये के, मुसलमानों को इस मायूस कून

एहसास की तवलीग़ की जाएः "ईसाई अपने (ईसाइयत) ईमान में रहेंगे और यहूदी अपनी (यहूदियत) में बंधे हैं।

कोई भी किसी दूसरे शख्स के दिल में नहीं घुस सकता। अमर-ए-मारूफ़ और नहीं-ए अनल-मुंकर खलीफ़ाओं का काम हैं।" मुसलमानों की तादाद को बढ़ने से रोकने के लिए बच्चों की पैदाईश पर रोक लगाई जाए और कसरतें अज़वाज़ पर पाबंदी लगाई जाए। शादियों पर पांबदी लगादी जाए। मसलन, एक अरब एक ईरानी से, ईरानी एक अरब से, एक तुर्की एक अरब से शादी नहीं कर सकता।

ये यकीनी बनाया जाए के इस्लाम की नशरो इशाअत और इस्लाम की कुबूली बंद की जाए। इस गलत तसव्वुर की इशाअत की जाए के इस्लाम सिर्फ़ अरबों के लिए हैं। इस बात के सुबूत के लिए, कुरआन की आयत का हवाला दिया जाए जो इस तरह पढ़ी जाती हैं, "**ये तुम्हारें लिए और तुम्हारें लोगों के लिए ज़िकर हैं।**"

पाक अदारों को महदूद कर दिया जाए और इस हद तक उन्हें हुकूमती अजारादारी में दिया जाए के कोई भी इस काबिल न रहें के इनफ़रादी तौर पर कोई मदरसा या दूसरे इसी तरह के अदारें खोल सकें।

कुरआन की सदाकत के बारे में मुसलमानों के दिमागों में शकूक पैदा कर दिए जाएँ जिन में कतअ व बरीद, इज़ाफ़े और तहरीफ़ात मौजूद हों और फिर ये कहा जाए के, "कुरआन आलूदा हो चुका हैं। उसकी कापियाँ (नकल एक दूसरे से मिलती हुई नहीं हैं। उसकी एक जिल्द में मौजूद आयत दूसरी जिल्द में नहीं पाई जाती।" उन तमाम आयत को कुरआन से निकाल दिया जाए जिन में यहूदियों, ईसाइयों और दूसरे तमाम ग़ैर मुसलमानों की नफ़ी की

गई हो या फिर जिन आयत में जिहाद, अमर-ए-बि-ल-मारूफ़ और नहीं-ए-अनल मंकर का हुकूम दिया गया हो।

नोट : ये अंग्रेज़ो के मंसूबे कामयाब न हो सके।क्योंकि कुरआन अल करीम को तहरीफ़ात से महफ़ूज़ रखने का ज़िम्मा खुद अल्लाह तआला ने ले रखा हैं।उसने इन्जील की (आसमानी किताब जो हज़रत ईसा पर उतारी गई) हिफ़ाज़त का ज़िम्मा नहीं लिया।इसी वजह से बाएबल के नाम पर झूठी किताबें लिखी गईं।यहाँ तक के ये किताबें वक्त के लिहाज़ से भी तबदील की जाती रही हैं।इसमें पहली तहरीफ़ पॉल नामी यहूदी ने की।हर सदी में की जानी वाली तहरीफ़ात में सबसे बड़ी तहरीफ़ **319** पादरियों ने मरतब की जो **325** में पहले इस्तानबुली रोमन बादशाह के हुकूम पर नसा में इकठठे हुए थे।**931** सी.ई [**1524**] में एक जर्मन पादरए मार्टिन लूथर ने **परोटस्टेन्ट** फ़िरका कायम किया।जो लोग रोम की पादरए की तकलीद करते थे वो **कैथोलिक** कहलाते थे।पादरी बारथोलोमियो और स्काटलैंण्ड़ की ख़ूँरेज़ी और कोइस्चन नामी अदालतों के खातमें के बाद होने वाली कतलों ग़ारत ईसाई तारीख का हिस्सा हैं।**446** (**1054** सी.ई) में इस्तानबुल के सरदार माएकल करोलास ने पेतए से इख्तलाफ़ किया और **रूड़ीवाद चर्च** कायम किया।शाम का मोनोफिसाइट फिरका **571** सी.ई में जेकोबस ने कायम किया; शाम का मेरोनाइट फिरका मारो ने **405** ए ड़ी.में; और **जेहोवाह की गवाही मे** चारलेस रसल ने **1872** में कायम किया।)

कुरआन का हिंदी, तुर्की, फारसी और दूसरी ज़बानों में तर्जुमा किया जाए ताकि अरब मुल्कों के अलावा दूसरे मुल्कों को अरबी सीखने और पढ़ने से बाज़ रखा जाए, और इसी तरह (आज़ान), (नमाज़), और (दुआ) को अरब मुल्कों के अलावा अरबी में होने से रोका जाए।इसी तरह मुसलमानों को अहदीसों पर शक करने पर मजबूर किया जाए और उसके लिए जिन तर्जुमा और तहारीफ़ का मंसूबा कुरआन के लिए बनाया गया उनका अमल अहदीसों

पर भी किया जाए। जब मैंने उस किताब को पढ़ा, जिसका नाम था **हम इस्लाम को कैसे तबाह कर सकते हैं**, तो मुझे वो बहुत खूब लगी। जिन तालीमात को मैंने जनना था उसके लिए ये एक बेमिसाल रहनुमा किताब थी, जब मैंने किताब को वापिस किया और सेक्रेटरी को बताया के किताब पढ़ने से मुझे बहुत खुशी हुई हैं तो उसने कहा, "इस बात का यकीन करलो के इस काम में तुम अकेले नहीं हो। ये काम करने वाले तुम्हारी तरह के और भी बहुत से लोग हैं। हमारी विज़ारत ने पाँच हज़ार से ज़ाइद लोगों को ये काम सौंपा हैं। हमारी विज़ारत ऐसे अफराद की तादाद एक लाख तक बढ़ाने के बारे में सोच रही हैं। जब ये तादाद हासिल हो जाएगी तो हम सारे मुसलमानों को अपने नीचे कर लेंगे और सारे मुसलमान मुल्कों पर कब्ज़ा कर लेंगे। "कुछ वक्त बाद सेक्रेटरी ने कहाः तुम्हारें लिए अच्छी खबर हैं। हमारी विज़ारत इस प्रोग्राम की तकमील के लिए ज़्यादा से ज़्यादा एक सदी का वक्त चाहता हैं। उन शानदार दिनों को देखने के लिए शायद हम ज़िंदा न रहें मगर हमारे बच्चें ज़रूर ज़िंदा रहेंगे। ये कहना कितना दिलफरेब हैः 'मैंने दूसरों का बोया हुआ खाया हैं। लिहाज़ा मैं दूसरों के लिए उगा रहा हूँ।' जब अंग्रेज़ ये काम करने में कामयाब हो जाएंगे तो वो सारी ईसाइयत को खुश कर देंगे और उन्हें बारह सौ साल पुराने वबाल से निजात दिला देंगे। "सेक्रेटरी मंदरजाज़ेल बोलता गयाः "सदियों तक जारी रहने वाली सलीबी जंगे किसी काम न आईं। न ही मंगोलियों [चंगेज़ की फ़ौजें] ने इस्लाम की तबाही के लिए कुछ किया। क्योंकि उनका काम फ़ोरी, ग़ैर मुन्ज़म और बेबुनियादी था। उनकी फौजी मुहिमों से इस्लामी दुश्मनी ज़ाहिर हो गई थी। नतीजन, वो थोड़े अरसे में थक गए। लेकिन अब हमारी काबिले फखर इंतेज़ामिया इंतेहाई सबर के साथ बहुत सी गहरी चालों से इस्लाम को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं।

हम फौजी ताकत भी इस्तेमाल करेंगे। ताहम ये आखिरी हरबा होगा, यानी, जब हम इस्लाम को पूरी तरह खत्म कर चुके होंगे, जब हम उसे हर

तरफ़ से कुचल चुके होंगे और नाहीं इस्लाम हम से लड़ने के काबिल रहेगा। "सेक्रेटरी के आखिरी अलफ़ाज़ ये थेः इस्तंबुल में हमारे बढ़े बहुत काबिल और अकलमंद हैं। वो हमारे मंसूबे को बिल्कुल सही अमल कराएंगें। उन्होने किया क्या? वो मुसलमानों के साथ मिल जाएंगें और उनके बच्चों के लिए मदरसे खोलेंगे। उन्होने गिरजे बनाए थे। वो नशीली शरावें, जुए, फहाशी और [और फुटबॉल कलबों] मुखतलिफ़ तरग़ीवात के ज़रिए उन्हें ग्रपों में बाँट दिया। उन्होने जवान मुसलमानों के दिलों में शकूक पैदा किए। उन्होंने उनकी हुकूमतों में इख्तलाफ़ और फ़ितने पैदा किए। उन्होंने हर तरफ़ बदनिज़ामी फ़ैलाई। उन्होंने मुंतज़मीन, रहबरों और आला अफसरान के घरों को ईसाई औरतों से भर दिया। इस किस्म की सरगरमियों से उन्होने मुसलमानों की ताकत का खात्मा कर दिया और उनकी एकता को टुकड़े-टुकड़े कर दिया। अब वक्त आ गया हैं के एक फोरी जंग का आगाज़ किया जाए और इस्लाम को नेस्त व नाबूद किया जाए।"

नोट ः अंग्रज़ों ने इस्लाम के खात्मे के लिए **21** दफ़ात पर मुशतमिल जो मंसूबा बनाया था उसका अमल उन्होने दो बड़ी इस्लामी रियास्तों उस्मानिया और हिंदुस्तान पर किया। उन्होने हिंदुस्तान में काफ़िराना इस्लामी फिरके कायम किए, जैसे के **वहाबी**, **कादियानी**, **तबलीग़-ए-जमाअत**, और **जमाअत-ए-इस्लामिया।** फिर अंग्रेज़ी फौज ने हिंदुस्तान पर हमला किया और पूरी इस्लामी रियास्त को खत्म कर दिया। उन्होने सुल्तान को कैद कर लिया और उसके दो बेटों का कत्ल कर दिया। इंतेहाई कीमती समानों और सदियों से महफूज़ खज़ाने को लूट कर लंदन भिजवा दिया गया। उन्होने **ताज महल** नामी मकबरे की दीवारें से कीमती पत्थर, जैसे के हीरे, याकूत और पन्नों को चुरा लिया, जिसे सुल्तान शाह-ए जहान ने अपनी बैगम अरजुमंद बैगम/मुम्ताज़ महल की कब्र पर **1041** [सी.ई. **1631**] में आगरा में बनवाया था और उनकी जगाहों पर गारे के पेवंद लगवा दिए। आज गारे के ये पैवंद दुनिया को चीख

कर अंग्रज़ों की सफफ़ाकी से आगाह करता हैं। और अंग्रेज़ो से आगाह करता हैं। और अंग्रेज़ ये लूटी हुई दौलत अब तक इस्लाम के खात्में के लिए खर्च कर रहें हैं। जैसा के एक इस्लामी शायर बयान करता हैं, "अगर ज़ालिम के पास हे ज़ुल्म का हाथियार, तो मज़लूम के साथ हैं अल्लाह," अल्लाह का इंसाफ़ जोश में आया और उन्हें उनके किए की सज़ा मिल गई दूसरी जंग-ए-अज़ीम में। ब्रिटिश पर जर्मनों के हमले के खौफ़ से अंग्रेज़ अमीर, अहले कलिसा, मुदब्बिर, सयास्तदल, वज़ीर और आला अफ़सर और लाखों इस्लाम के दुश्मन बहरी जहाज़ों में बैठकर अमेरिका जा रहे थे के दो जर्मन बहरी लड़ाका जहाज़ी की बिछाई हुई मकनातिसी बारूदी सुरंगों और इसी तरह दूसरी दो जहाज़ों की ज़द में आ गए और डूब गए। वो सब बहरे ओकयानूस में गर्क हो गए। न्यूयार्क में अकवामें मुतताहदा के इंसानी हुकूम के अदारे की जानिब से किए जाने वाले एक फ़ैसले के तहत उन्हें अपनी नोअबादियों से निकलना पड़ा जिसकी वजह से उन्हें अपनी आमदनी के अकसर ज़राए से हाथ धोना पड़ा। यही आमदनी मुश्तरका दौलत की विज़ारत कई सदियों तक नाजाईज़ तौर पर इस्तेमाल कर रही थी। वो "ग्रेट ब्रिटेन" नामी जज़ीरे तक महदूद होकर रह गए। खाना और खुराक का समान महदूद कर दिया गया। मुझे याद हैं तुर्की के जनरल स्टाफ़ के चीफ़, जनरल सालेह उमर तक ने **1948** में रात के खाने पर कहा था, "लंदन में एक सरकारी महमान होने के बावजूद में जब भी खाने की मेज़ से उठता तो मेरा पेट पूरा नहीं भरा होता था। अपनी वापसी के दौरान इटली में मैं स्पागतीह/मोटी सेवाइयाँ खाकर अपना पेट भरता था।" इसका हवाला मैं इसलिए दे रहा हूँ क्योंकि मैं ड़िनर/खाने की मेज़ पर जनरल के बमुकाबिल बैठा था और मैने उसके अलफ़ाज़ात अभी भी मेरे कानों में गूंज रहें हैं। सनाअल्लाह-ए दहलवी रहमतुल्लाही अलैहि ने सूरह-ए माएदा की **82** वी आयत-ए-करीमा की अपनी वज़ाहत में मंदरजाज़ेल बतायाः "मुहि-इस-सुन्ना हुसैन बग़वी ने हवाला दिया के सारे ईसाई असनाम परस्त नहीं होते। क्योंकि असनाम परस्ती का मतलब हैं किसी चीज़ को पूजना, यानी उसकी इबादत

करना। यहूदियों की तरह असनाम परस्त, मुसलमानों के खिलाफ़ शदीद दुश्मनी रखते हैं। वो मुसलमानों को कत्ल करते हैं, उनके घरों को बरबाद करते हैं और उनकी मस्जिदों को खत्म करते हैं। वो कुरआन अल करीम की कापियॉ जलाते हैं। "इमाम-ए रब्बानी रहमतुल्लाही अलैह ने (अपनी किताब मकतूबात) अपनी तीसरी जिल्द के तीसरे खत में लिखा हैं," एक शख्स जो अल्लाह तआला के अलावा किसी और की इबादत करता है वो एक असनाम परस्त/बुत परस्त कहलाता हैं, एक शख्स जो अपने आपको नबी की शरीअत के मुताबिक नहीं ढालता वो बुत परस्त कहलाता है। आज दुनिया भर के ईसाई मुहम्मद अलैहिस्सलाम से इंकार करते हैं और इसलिए वो काफ़िर हैं। उनमें से ज़्यादातर बुत परस्त हैं क्योंकि वो कहते हैं के ईसा अलैहिस्सलाम एक देवता हैं, या ये के वो तीन देवताओं में से एक हैं। उनमें से कुछ, जो ये मानते हैं के "ईसा एक पैदाइशी गुलाम थे और अल्लाह के नबी थे,"तो वो अहल-ए-किताब हैं। ये सारे लोगों ने इस्लाम और मुसलमानों की तरफ़ खतरनाक बरताओ अपनाया हुआ हैं। उनके हमले अंग्रेज़ों के ज़रिए मुंतज़िम किए जाते हैं। हमने **1412** [**1992** ए. डी.] में बताया था के हाल ही में ईसाइयों ने दस सवाल तजवीज़ किए और उन्हें मुसलमान मुल्कों में बाँट दिया। बंगलादेश में इस्लामी आलिमों ने इन सवालों के जवाब तैयार करके ईसाई पादरियों को बेइज़्जत कर दिया। इस्तंबुल में **हकीकत किताबवी** ने पूरी दुनिया में इन जवाबों को तकसीम किया **अल एकाज़ीब-उल-सिडीड़-तुल-हरिसतियानिया नाम से।**

सेकशन एक

सातवाँ हिस्सा

पहला राज़ जानकर मुझे बहुत ख़ुशी हुई, अब मैं दूसरा राज़ जानने के लिए बेचैन था। आखिरकार एक दिन सेक्रेटरी ने अपने वादे के मुताबिक दूसरे राज़ की वज़ाहत की। दूसरा राज़ पच्चास सफ़ात पर मुशतमिल एक मंसूबा था जो मुश्तरका दौलत की विज़ारत में काम करने वाले आला अफ्सरान के लिए तैयार किया गया था इस्लाम को एक सदी की मुददत में खत्म करने के लिए। मंसूबा **14** दफ़ात पर मुशतमिल था। मंसूबे की बहुत सख्ती से हिफ़ाज़त की जाती थी क्योंकि ड़र था के कहीं इसे मुसलमान हासिल न करलें। मंसूबे की दफ़ात मंदरजाज़ेल हैंः

एक आला और मुंज़म इत्तेहाद कायम किया जाएगा और रूसी ज़ार/शहनशाह से बाहमी मदद का मुआहिदा किया जाएगा बुखारा, तजाकिस्तान, अरमेनिया, खुरासान और उनके इरदगिरद के इलाकों पर हमला किया जा सके। और फिर रूस के साथ एक और खुफ़िया मुआहिदा किया जाएगा ताकि इसके पड़ोसी मुल्क तुर्की पर हमला किया जा सके।

हम फ्रांस के साथ आपसी इश्तराक कायम करेंगे ताकि इस्लामी दुनिया को अदरूनी और बाहरी तौर पर मुकम्मल तबाह किया जा सके।

हम तुर्की और ईरानी हुकूमतों के बीच जज़बाती और रांजिशों के बीच बोएंगे और दोनो कौमों मे कौमी व नसली जज़बात उभारेंगे। मज़दी ये के तमाम मुसलमान कबिलों, कौमों और पड़ोसी मुस्लिम मुल्कों को एक दूसरे के खिलाफ महाज़ आड़ा किया जाएगा। सारे छोटे मामूली और दबे हुए तफ़रकात

दोबारा पैदा किए जाएंगे ताकि एकता का खात्मा आसान हो जाए। मुसलमान मुल्कों के मखतलिफ़ हिस्सों को ग़ैर कौमों को दिया जाए। मसलन, मदीना को यहूदियों के हवाले, मिस्र ईसाइयों के, अमारात/अमारा साइबा साबियों।) के किरमानशाह नुसरानियों के, जो अली, मुसल को यज़ीदियों को तकसीम कर देंगे, ईरानी खलीज हिंदूओं को, तिर्पोली दरवज़ियों को, फ़्रांस अलवियों को, और मसकत खासिजी ग्रुप के हवाले कर दिया जाएगा। अगला कदम ये होगा के हर ग्रुप को औज़ार दे दिए जाएँ ताकि इनमें से हर एक इस्लाम के जिस्म पर एक काँटा बन जाए। फिर इनके इलाके बढ़ा दिए जाएँ ताकि इस्लाम गिर जाए और उसका खात्मा हो जाए।

एक ऐसा मंसूबा तैयार किया जाएगा इन मुसलमान और उसमानिया रियास्तों को छोटी से छोटी मकामी रियास्तों में तबदील करने का जो हमेशा एक दूसरे से जंग लड़ती रहें। इसकी एक मिसाल आज का हिंदुस्तान हैं। मंदरजाज़ेल आम सोच की वजह सेः "तोड़ो और हुकूमत करो," "तोड़ो, तुम खत्म कर सकोगे।"

ये ज़रूरी हैं के झूठे और खुद साख्ता मसालिक और फिरके इस्लाम में दाखिल कर दिए जाएँ और उनकी रूह में मिलावट की जाए। ये अमल इतनी बारिकी से किया जाए के ये नए फिरके उन लोगों के अहसासात और इच्छाओं के मुताबिक हों जिनके बीच हम इन्हें फैलाने जा रहे हैं। हमने शियाअ मुलकों में चार मुखतलिफ फिरके फैलाएः **1-** एक फिरका जो हज़रत हुसैन की इबादत दे; **2-** एक फिरका जो जाफ़र सादिक का दरस दें;

3- एक फिरका मेहंदी का; **4-** एक फिरका अली रज़ा का दरस देने वाला। पहला फिरका करबला के लिए मौजूँ हैं, दूसरा वाला असफहान के लिए, तीसरा वाला समरा के लिए, और चौथा वाला खुरासान के लिए। इसी दौरान हमें चाहिए के मौजूद मुतहद चार सुन्नी मसालिक को चार खुद पसंद मज़ाहिब में

तबदील कर दिया जाए। ये करने के बाद, हम सब मिलकर नजद में एक नया इस्लामी फिरका तैयार करेंगे, और फिर इन ग्रपों में खुन खराबा कराया जाएगा। हम इन चारों मसालिक की किताबों को नेस्तो नाबूद करेंगे ताकि इनमें से हर गुप ये समझे के वो सिर्फ वाहिद मुसलमान गुप हैं और दुसरें गुपों को काफ़िर समझें के उनका कत्ल वाजिब है।

फ़साद और बेहयाई के बीच, जैसे के ज़िना नाच गाना, शराब और जुआ मुसलमानों में फैलाया जाए। इन मुल्कों में रहने वाले ग़ैर मुसलमानों को इस मकसद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस किस्म के लोगों की एक फौज इस मकसद को हासिल करने के लिए हुकूमती मुतालबे पर दस्तयाब होगी।

हम किना परवर रहनुमाओं और ज़ालिम कमांड़रो को मुसलमानों के खिलाफ़ काम करने की तालीम और तरबीयत देने की कोशिश में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। ताकि हमारे मतलुबा लोग हुकूमत में आ जाएँ और शरिअत पर अमल करने के खिलाफ़ कानून पास करने में मदद मिल सके। हम उन्हें इस हद तक इस्तेमाल करें के जहाँ तक हो सके वो इतने ताबेए फरमान रहें के जिस काम के करने या न करने का उन्हें मुश्तरका दौलत की विज़ारत से करने का हुकूम मिले वो उसे पूरा करें। उनके ज़रिए हम इस काबिल हो जांएगे के इन मंसूबों को इस्तेमाल करते हुए मुसलमानों और मुस्लिम मुल्कों पर अपनी इच्छाएँ आइद कर सकते हैं। हमें एक ऐसा समाजी निज़ामे ज़िंदगी कायम करना होगा जहाँ ऐसा माहोल पैदा किया जाए के शरीअत की इताअत जुर्म खयाल की जाए और इबादत एक अफ़सोसनाक और शर्मनाक अमल खयाल किया जाए। हमें रहनुमा ग़ैर मुसलमानों में से चुने। ऐसा करने के लिए, हमें अपने एजेंटों को इस्लामी आलिमों का भैस देकर उन्हें आला मकमों पर फ़ाइज़ किया जाए ताकि वो हमारी इच्छाओं पर अमल को यकीनी बना सकें।

नोट ः अंग्रेज़ अपनी इन कोशिशों में कामायाब रहे। वो अपने उजरती चैलों जैसे के मुस्तफ़ा रशीद पाशा, अली पाशा, फव्वाद पाशा और, तलत पाशा और इस तरह आरमेनिया की या यहूदी नसल के ज़रिए जो हुकूमत में थे लोगों को ज़लील व खुवार कराया। जबकि अब्दुल्लाह कोदते, मूसा काज़िम, और अब्दुह, को आलिम बनाकर पैश किया गया।)

अरबी की सीखने से रोकने के लिए पूरी कोशिश की जाए। अरबी के अलावा दूसरी ज़बाने जैसे के फारसी, क्रदिश और पश्तु को आम किया जाए। फसीह व बलीग़ अरबी ज़बान के अदब को नेस्तो नाबूद किया जाए क्योंकि अरबी ही कुरआन और सुन्नत की ज़बान हैं।

अपने एजंटों को सियास्तदानो के इरद गिरद किया जाए और आहिस्ताा आहिस्ता इन एजंटों को सेक्रेटरियों का दरजा दिलाया जाएगा और उनके ज़रिए विज़ारत की इच्छाएँ पूरी की जाएंगी। ऐसा करने का सबसे आसान तरीका गुलामों की तिजारत का हैंः सबसे पहले इन जासूसों को मुकम्मल तौर पर तरबीयत याफ़ता किया जाए जिन्हें गुलामों और लौड़ियों के भैस में आगे भिजवाना होगा। फिर उन्हें मुसलमान अफसरों के करीबी रिश्तेदारों को बेच दिया जाएगा मिसाल के तौर पर उनकी बिवियों या बच्चों को या दूसरे ऐसे अफ़सद को जिन को वो पसंद करते हों या उनका अहतराम करते हों। ये गुलाम बिकने के बाद आहिस्ता आहिस्ता इन सियास्तदानों के करीब जाएंगे। उन सियास्तदानों की माँओ और आबाओं के तौर पर वो उन्हें इस तरह घेरे में ले लेंगे जेसे कंगन कलाई घेर लेता है।

ईसाइयत की तबलीग़ के इलाकों को बढ़ाया ताकि वो समाजी तबकात और पैशों में दाखिल हो सकें, खास तौर से ऐसे काम जैसे तिब, इंजिनिअरींग, और लाइब्रेरियों। हमें गिरजों, स्कूलों, अस्पातालों, लाइब्रेरियों और खैराती मदरसों के नाम पर प्रोपॅगेंड़ा और छपाई के मर्कज़ खोलने चाहिए इन

मुसलमान मुल्कों में और उन्हें दूर और पास फैलाना चाहिए। हमें लाखों की तादाद में ईसाई मज़हब की किताबें मुफ़्त बाँटनी चाहिए। हमें ईसाई तारीख और बेनुल हुकूमती कानून को इस्लामी तारीख से बाहम मिलाकर छापना होगा। हमें अपने जासूसों को नन और राहिबों के भैस में गिरजों और ईसाई तहरीक के लद़िरों के तौर पर इस्तेमाल करना चाहिए। ये लोग इसी दौरान इस्लामी दुनिया में मौजूद तमाम तहरीखों और हमें फौरन इतलाह देंगे। ईसाइयों की एक ऐसी फौज कायम की जाएगी जो प्रोफ़सर, साईसदानो और मुहक़िक के भैस में इस्लामी तारीख बिगाड़ कर उसे आलूदा और खराब करके पेश करेगी, जो मुसलमानों के बारे में हकाईक, तरीके, बरताव और मज़हबी उसूलों को सीख कर उनकी तमाम किताबों को तबाह करेंगी और इस तरह इस्लामी तालीम का खात्मा किया जाएगा।

हमें इस्लामी नोजवानों, लड़के और लड़कियों को बराबर उनकी सोच को नापुख्ता किया जाएगा, और इस्लाम के बारे में उनके दिमागो में शकूक ड़ाले जाएंगें। हम उन्हें मुकम्मल तौर पर उनके अखलाकी इकदार से गिरा देंगे स्कूलों, किताबों, रिसालों [खेलों के क्लब, नशरोइशाअत, टेली विज़न और चलती फ़िरती तस्वीरों के ज़रिए, और हमारे अपने एजेंट इस के लिए खसूसी। तरबियत दिए जाएंगे। इसके लिए पहली शर्त ये है के ऐसे खुफ़िया इदारे खोले जाएं जहाँ यहूदी, ईसाई और दूसरे ग़ैर मुस्लिम नौजवानों को खसूसी तालीम व तरबियत दी जाए और फिर उन्हें एक अय्यार शिकारी के तौर पर इस्तेमाल किया जाए ताकि वो मुसलमान जवानो को फ़ाँस सकें।

मआशरती जंगे और बग़ावत पैदा की जाएः ताकि मुसलमान एक दूसरे के साथ भी लड़ते रहें और गैर मुसलमानों के साथ भी ताकि उनकी ताकतें ज़ाया हों और एकता और तरक्की का हुसूल उनके लिए नामुमकिन हो जाए। उनकी ज़हनी और मालयाती ज़रिए तबाह कर दिए जाएँ। जवान और हरकत वाले मुसलमानों का कत्ल आम किया जाए। उनके नज़मो ज़बत को

दहशत गरदी, लाकानियत और बदहुकूमती में तबदील किया जाए और उन्हें तबाह कर दिया जाए।

उनकी मआशियत सारे इलाकों में तबाह करदी जाए, उनके ज़राए आमदनी और ज़रई इलाकों को तबाह किया जाएगा, उनके ज़राए आबपाशी और नदी नालो को उजाड़ा जाएगा जबकि दरयाओं को खुश्क कर दिया जाएगा। लोगों को नमाज़ की अदाएगी और महनत से नफ़रत करने पर मजबूर किया जाएगा और जिस हद तक मुमकिन होगा आलस को आम किया जाएगा। आलसी लोगों के लिए खेलों के मैदान बनाए जाएंगे। मंशियात और शराब आम की जाएगी।

[ऊपर बयान की गई दफ़ात बहुत वाज़ेह तौर पर नकशों, तसवीरों और चार्टस की मदद से वाज़ेह की गई थीं।] मैंने इस शानदार दस्तावेज़ के बारे में इतलाआत फराहम करने पर सेक्रेटरी का शुक्रिया अदा किया।

लंदन में माह कयाम के बाद मुझे एक पैग़ाम मिला जिसमें मुझे विज़ारत की तरफ़ से एक बार फिर ईराक जाकर नजदी मुहम्मद से मिलने का हुकूम मिला। जब मैं अपने मिशन पर रवाना होने वाला था तो सेक्रेटरी ने कहा, "नजदी मुहम्मद से कभी ग़ाफ़िल मत होना! अब तक हमारे जासूसों की जानिब से भिजवाई जाने वाली रिपोर्टस के मुताबिक ये साबित होता हैं के वो बेवकूफ़ी का नामूना हैं और हमारे मकासिद की तकमील के लिए बहुत मौज़ूँ हैं। नजदी मुहम्मद से दोस्ताना माहोल में बात करना। हमारे एजैंटो ने असफ़हान में उससे हमारी ख़ुवाहिशात चंद शर्तो पर कुबूल करलीं। जो शर्ते उसने रखीं वो ये हैंः उसे जाएदाद से नवाज़ा जाए और असलह भी दिया जाए ताकि वो अपनी जान मुसलमान मुदब्बिरों और आलिमों से बचा सके जो उसके खयालात और इरादों के बरमला इज़हार के बाद उस पर हमला कर सकते हैं। उसके मुल्क में उसूल कायम हों चाहे वो छोटा ही क्यों न हो। विज़ारत ने उसकी ये शर्ते कुबूल

करलीं।" ये खुशखबरी सुनने के बाद मुझे महसूस हुआ के मैं उड़ रहा हूँ। फिर मैंने सेक्रेटरी से पूछा के इस बारे में मुझे क्या करना होगा। उसका जवाब था, "विज़ारत ने नजदी मुहम्मद के लिए एक हस्सास मंसूबा तैयार किया हैं, जो ऐसे हैंः

"**1-** उसे इस बात का एलान करना होगा के सारे मुसलमान काफ़िर हैं और ये के उन्हें कत्ल करना हलाल हैं, उनकी जाएदाद पर कब्ज़ा करना, उनकी पाकिज़गी को बरबाद करना, उनकी औरतों , लडकीयौं ,मर्दो को गुलाम बनाना और उन्हें गुलामों के बाज़ार में बेच देना।

"**2-** उसे ये कहना होगा के काबा एक बुत हैं इसलिए उसे मिस्मार कर देना चाहिए । ताकि हज की इबादत खत्म हो जाए। उसे मुखतलिफ़ कबिलों को इस बात पर उकसाना होगा के वो हाजियों के ग्रपों पर हमला करके उनका सामान लूट कर उन्हें कत्ल करे ।

नोट ः ऐसे अफ़राद या मुजस्समें जिनकी इबादत की जाती हो, उन्हें सज्दा किया जाता हो या उन्हें खुवाहिशात पूरा होने का वाहिद ज़रिया समझा जाता हो, बुत कहलाते हैं। मुसलमान काबा के सामने सिर नहीं झुकाते बल्कि काबे की तरफ़ मुँह करके दरहकीकत अल्लाह तआला के सामनें सर झुकाते हैं। नमाज़ की हर रकअत में सजदे के बाद सूरह फातिहा पढ़ी जाती हैं। इस सूरह का मफ़हूम हैं, "**ए मेरे अल्लाह** [सिर्फ़ वाहिद] **सारे आलम** (कायामत) **का रब! जिसकी हम अकेले इबादत करते हैं। और हर काम के लिए तुझ से ही मदद माँगते हैं।")**

"**3-** वो मुसलमानों को खलीफ़ा की अताअत से बाज़ रखने की कोशिश करेगा और उन्हें खलीफ़ा के खिलाफ बग़ावत पर उकसाएगा। उसे इस मकसद के लिए एक फौज तैयार करनी होगी। उसे हर इस मैके से फाएदा

उठाना होगा जिस के ज़रिए ये झूठा यकीन फैलाया जा सके के हज्जाज़ के ज़िम्मेदार लोगों से जंग की जाएं और उन्हें शरमिन्दा व बदनाम किया जाए।

"**4**- उसे ये इल्ज़ाम लगाना होगा के तमाम गुंबद वाली इमारतें, मकबरें और मुकददस मकामात जो मुसलमान मुल्कों में मौजूद हैं वो बुत हैं और मुशरिकाना माहौल पैदा करने के ज़िम्मेदार भी हैं। लिहाज़ा उन्हें मिस्मार किया जाए। उसे भरपूर कोशिश करनी होगी के पैग़म्बर मुहम्मद, आपके खलीफ़ा, और मसलक के सारे मुमताज़ आलिमों की बेइज़्ज़ती के ज़्यादा से ज़्यादा मौके पैदा हों।

"**5**- उसे मुस्लिम मुल्कों में बग़वत, तरदूद और लाकानियत की बेइंतिहा हौसला अफ़ज़ाई करनी होगी।

"**6**-वो कोशिश करेगा के कुरआन की एक नकल छापी जाए जिसे इंदराज न इखराज के ज़रिए से तहरीफ़ शुदा बनाया जाए, जैसा के अहदीसों के साथ किया गया।"

नोट ः ये दावा करना के अहदीस शरीफ़ खसुसन मअरूफ़ व आला किताबों में मौजूद अहदीस शरीफ़ में तहरीफ़ात की गई हैं, एक बदतरीन बोहतान होगा। एक ऐसा शख्स जो जामाती हो के अहादीस के मुहाफ़िज़ आलिमों ने किस तरह से अहादीस की तदवील व तालीफ़ की तो वो न तो कभी ऐसा गंदा बोहतान लगाएगा और न हीं कभी ऐसे बोलनो पे यकीन करेगा।) छः पेराग्राफ पर मुवनी मंसूबे की वज़ाहत के बाद सेक्रेटरी ने मज़ीद कहा, "इस ज़खीम मंसूबें के बारे में खौफ़ज़दा मत हो। क्योंकि हमारा काम सिर्फ़ इस्लाम की तबाही व बरबादी के बीज बौना हैं। आने वाली नसलें इस काम को पूरा करेंगी। वेसे भी ब्रिटिश हुकूमत का तरज़े अमल ये हैं के सबर से काम लो और स्टेप दर स्टेप आगे बढ़ा जाए। क्या पैग़मबर मुहम्मद, एक अज़ीम और हैरान कुन इस्लामी

इंकलाब के बानी, आखिरकार एक इंसान नहीं थे? और हमारे इस नजदी मुहम्मद ने भी वादा किया है के वो अपने पैगम्बर की तरह हमारे इस्लाम मुखालिफ़ इंकलाब को अंजाम तक पहुँचाएगा।" कुछ दिन बाद मैंने वज़ीर और सेक्रेटरी से इजाज़त तलब की और अपने दोस्तों और घर वालों को अलविदा कर दिया, और बसरा के लिए निकल गया। जब मैं घर से रवाना हो रहा था तो मेरे बेटे ने कहा, "डेडी जल्दी, वापिस आइएगा!" मेरी आँखे भीग गई। मैं अपनी बीवी से अपना ग़म छुपा नहीं पाया। थका देने वाले सफ़र के बाद मैं रात में बसरा पहुँचा। मैं अब्दुल रज़ा के घर गया। वो सो रहा था। जब वो जागा तो मुझे देखकर बहुत खुश हुआ। उसने गरमजोशी से भरी महमान नवाज़ी की। मैंने रात वहीं बसर की। अगली सुबह उसने मुझ से कहा "नजदी मुहम्मद मुझ से मिलने आया था। उसने तुम्हारें लिए ये खत दिया और चला गया। मैंने खत खोला। उसने लिखा था वो अपने मुल्क जा रहा है, नजद, और वहाँ का पता उसने दिया था। मैं भी फौरन वहाँ जाने के लिए तैयार हो गया। एक बहुत ही तकलीफ़ दह सफ़र के बाद मैं वहाँ पहुँचा। नजदी मुहम्मद मुझे अपने घर में मिला। उसने अपना वज़न काफ़ी खो दिया था। मैंने इस बारे में उससे कोई बात नहीं की।

उसके बाद, पता चला के वो शादी कर चुका था। हमने आपस में फ़ैसला किया के वो मेरा तआरूफ़ अपने गुलाम की हैसियत से कराएगा जो उस जगह से वापिस आया था जहाँ नजदी मुहम्मद उसे एक काम से भेजा था। उसने बिल्कुल उसी तरह मेरा तआरूफ़ कराया। मैं नजदी मुहम्मद के साथ दो साल तक रहा। हमने उसके एलान के लिए एक प्रोग्राम बनाया। आखिरकार **1143** हिजरी [ए .डी. **1730**] मैंने उसके अज़ाइम की मुकम्मल तशहीर करदी। और फिर अपने इरद गिरद हामी जमा करने के बाद उसने अपने करीबी लोगों के सामने धमकी भरे बयानात देकर इंतेहाई चालाकी से अपने मंसूबें की तकमील की और रोज़ बरोज़ अपने प्रोग्राम को आगे बढ़ाता रहा। मैंने उसे दुश्मनों से

बचाने के लिए उसके आस पास गार्ड़ लगा दिए और जितनी जाएदाद दौलत वो चाहते थे उन्हें पाराहम की। जब कभी नजदी मुहम्मद के दुश्मनों ने उस पर हमला करना चाहा हमले नाकाम कर दिया बल्कि उन्हें जख्मी भी किया। जैसे जैसे उसका बुलावा बढ़ता गया उसके मुख़ालिफ़ों की गिनती बढ़ती गई। कई मरतबा उसने मायूस होकर अपने प्रोग्राम को छोड़ देने की कोशिश भी की, खासतौर उस वक्त जब उस पर होने वाले हमलों की तादाद में इज़ाफ़े की वजह से उसका सबर टूट गया। फिर भी मैंने उसे कभी तंहा नहीं छोड़ा और हमेशा उसकी हिम्मत बंधाई। मैं उससे कहा करता था, "ए मुहम्मद! तुम्हारे पेग़म्बर ने इससे कहीं ज़्यादा तकलीफ़ उठाई थीं जितनी तुमने अब तक उठाई हैं। तुम जानते हो के इज़्ज़त और मरतबा पाने का सही रास्ता है। बिल्कुल उसी तरह जिस तरह दूसरे इंकलाबियों ने तकलीफ़ें उठाई तुम्हें भी मुश्कलात उठानी होंगी।" दुश्मन का हमला किसी भी वक्त हो सकता था। इसलिए मैं उसके दुश्मनों पर जासूस लगा देता। एक बार मुझे बताया गया के दुश्मन उसे कत्ल करने की तैयारी कर रहें हैं। मैंने फौरन ज़रूरी हिफ़ाज़ती इकदामात किए ताकि इस मंसूबें को नाकाम बनाया जा सके। जब लोगों (नजदी मुहम्मद के हामी) ने दुश्मनों के इस मंसूबे के बारे में सुना, तो वो उनसे और ज़्यादा नफ़रत करने लगे। इस तरह उनके बिछाए गए जाल में वो फँस गए। नजदी मुहम्मद ने मुझ से वादा किया के वो मंसूबे की तमाम छः दफ़ात को अमली जामा पहनाएगा और कहा, "फिलहाल मैं उन पर सिर्फ़ थोड़ा अमल कर सकता हूँ।" वो अपने तौर पर ठीक कह रहा था क्योंकि उस वक्त उसके लिए मुमकिन न था के वो तमाम बातों को पूरे तौर पर अमली जामा पहना सके।

काबा को मिस्मार करने वाली शर्त उसके लिए बिल्कुल नामुमकिन थीं। इसी वजह से उसने इसे (कावा) बुत करार देने वाली बात बिल्कुल मना करदी। मज़ीद उसने कुरआन की तहरीफ़ शुदा नकल की छपाई से भी मअज़री ज़ाहिर करदी। इन मामलात में उसे सब से ज़्यादा खतरा मक्का में तशरीफ़ और

इस्तांबुल की हुकूमत से था। उसने मुझ से कहा, "अगर हमने ये दो एलान कर दिए तो हम पर एक बड़ी ताकतवत फौज हमला कर सकती है।" मैंने उसकी मआज़रत कुबूल करली। क्योंकि वो बिल्कुल सही था। हालात बिल्कुल भी साज़गार थे। दो साल बाद मुश्तरका दौलत की विज़ारत देरिय्या के अमीर मुहम्मद बिन सऊद की खुशामद करके उसे भी अपनी डगर पर लाने में कामयाब हो गई। उन्होने मुझे ये बताने के लिए एक पैगाम रसां भेजा और मुझे कहा गया के दानो मुहम्मद के बीच बाहिमी मुहब्बत और इशतराक कायम किया जाए। मुसलमानों भरोसा हासिल करने के लिए हमने नजदी मुहम्मद को मज़हबी तौर पर जबकि मुहम्मद बिन सऊद को सियासी तौर पर इस्तेमाल किया। ये एक तारीखी हकीकत हैं के मज़हबी बुनयादों पर कायम होने वाली रियास्तें ज़्यादा अरसे तक कायम रहती हैं और यही ज़्यादा ताकतवर और मरऊब कुन भी होती हैं।

हम लगातार ताकतवर से ताकतवर होते गए। हमने **देरिय्या** शहर को अपनी राजधानी बनाया। और हमने अपने नए मज़हब को **वहाबी** मज़हब का नाम दिया। विज़ारत ने खुफ़िया तौर पर अंदर ही अंदर वहाबी हुकूम की मदद की और उसे मज़बूत बनाया। नई हुकूमत ने ग्यारह ऐसे अंग्रेज़ी अफसरों को खरीद लिया जो अरबी ज़बान और सहराई जंग का तर्जुबा रखते थे गुलामों के भैस में। हमने इन अफसरों की मदद से अपने मंसूबे बनाए। दोनों मुहम्मद ने हमारी पैरवी की। जब हमें विज़ारत की तरफ़ से कोई एहकामात नहीं मिलते थे तो हम अपने फ़ैसले खुद कर लिया करते थे।

हम सबने कबाइली लड़कियों से शादियाँ कीं। हम सब मुसलमान बीवीयों की शौहरों पर जान निसारी की खुशी से बहुत लुतफ़ अंदोज़ हुए। इस तरह हमने कबाइलियों से मज़बूत रिश्तेदारी कायम करली। अब हर चीज़ सही जा रही हैं। हमारी मरकज़ियत भी रोज़बरोज़ जानदार होती जा रही हैं। अगर काई नागहानी मुसीबत नाज़िल न हो तो हम वो फल ज़रूर हासिल करेंगे

जिसको हमने खुद तैयार किया हैं। क्योंकि हमने जो ज़रूरी था वो सब किया है और बीज बोया हैं।

तनबीहः जो शख्स किताब को ध्यान से पड़ेगा उसे इल्म हो जाएगा के इस्लाम का सबसे बड़ा दुश्मन अंग्रेज़ हैं और ये अच्छी तरह जान जाएंगे के वहाबी फिरका इनकी पैदावार हैं जो सारी दुनिया में सुन्नी मुसलमानों पर हमले कर रहें हैं और अंग्रेज़ इनकी मदद कर रहे हैं।

ये किताब दस्तावेज के साथ ये साबित करती है के वहाबी फिरका अंग्रेज़ कफफार ने इस्लाम को खत्म करने के इरादे से कायम किया। हमने यहाँ तक सुना हैं के मुनाफ़कीज हर मुल्क में वहाबी अकाईद फैलाने की भर पूर कोशिश कर रहें हैं। यहाँ तक के कुछ लोग ये दावा करते हैं के हेमफ़र के एतराफ़ात खयाली कहानियाँ हैं जो दूसरे लोगों ने लिखी हैं मगर ये लोग अपने दावे को साबित करने के लिए हकीकी सुबूत नहीं दे सके हैं।

वो लोग जो वहाबी अकाइद की किताबें पढ़ते हैं और उनके अंदरूनी और ज़रूरी हकाईक भी जानते हैं वो ये मानते हैं के ये एतराफ़ात सही हैं। वहाबी इस्लाम को मिस्मार करने में मदद करते हैं। ताहम वो जितना मरज़ी ज़ोर लगाएँ या जितनी ज़्यादा कोशिश करें वो कभी भी अहल अस-सुन्ना को खत्म नहीं कर सकते, जो सच्चे मुसलमान हैं। बल्कि वो इन कोशिशों से खुद ही फना हो जाएंगे। क्योंकि अल्लाह तआला ने सूरह इसरा की **81** वीं आयत के ज़रिए ये खुशखबरी सुनाई हैं के जो भी मलऊन लोग होंगे उन्हें सही रास्ते पर चलने वाले लोगों के हाथों शिकस्त उठाना पड़ेगी और वो नेस्ती नाबूद होंगे।

दूसरा बाब

इस्लाम के खिलाफ़ अंग्रज़ों की दुश्मनी

जो लोग पहले बाब में दिए गए अंग्रेज़ जासूस के ऐतराफ़ात पढ़ेंगे उन्हें इस बात का अंदाज़ा हो जाएगा के सारी दुनिया में अंग्रेज़ मुसलमानों के बारे में क्या सोचते हैं। मंदरजाज़ेल लिखी गई बातें उन मालूमात का खुलासा हैं के अंग्रेज़ जासूसों ने मुश्तरका दौलत की विज़ारत की तरफ़ से मिलने वाली हिदायत पर किस तरह अमल किया और ईसाई पादरी/राहिब किस किस्म के मंसूबों पर अमल करते रहे हैं। अंग्रेज़ बहुत ज़्यादा खुद पसंद और मुतकविर लोग हैं। जो आला हैसियत वो अपने आप और अपने मुल्क से मंसूब करते हैं अगर वो हैसियत किसी और से मंसूब कर दी जाए तो अंग्रेज़ उनसे सख्त नफ़रत करने लगते हैं। अंग्रेज़ों के मुताबिक ज़मीन पर तीन ग्रप हैः पहला ग्रुप अंग्रेज़ हैं, जो अपने बारे में इस खुशफ़हमी का शिकार हैं के वो ऐसी मखलूक हैं जिसे अल्लाह तआला ने तमाम इंसानो से मुमताज़ बनाया है। दूसरा ग्रुप सफ़ेद फ़ाम युरोपी और अमरिकी हैं। ये लोग भी किसी हद तक इज़्ज़तदार हैं क्योंकि इनकी इज़्ज़त का एतराफ़ बहुत महरबानी और रहमदिली से किया जाता है। तीसरा ग्रप उन लोग का है जो इन दोनो ग्रपों में से किसी एक में भी पैदा होने की खुशकिस्मती नहीं रखते। वो इंसानों और जानवरों के बीच के किस्म की मखलूक हैं। वो बिल्कुल भी इज़्ज़त के लायक नहीं; नाही वो आज़ादी खुद मुखतारी और अलग मुलक जैसे बुनियादी हकूक के काबिल नहीं समझा जाता। बल्कि ये ख्याल किया जाता हैं के ये लोग दूसरों खसूसन अंग्रेज़ की गुलामी के लिए पैदा किए गए हैं।

दूसरे लोगों के लिए ऐसे मिलान खातिर रखने की वजह से अंग्रेज़ कभी भी अपनी नोआबादियो के मकीलों के बीच नहीं रहते बल्कि उनकी नोआबादियों में क्लब, रक्स गाहें, हमाम और स्टोर होते हैं जो सिर्फ़ अंग्रेज़ लोगों के लिए हैं। मकामी लोग इन जगाहों में दाखिल नहीं हो सकते।

फ्रांसिसी लेखक marcelle pernean, जो बिसवीं सदी में हिंदुस्तान में अपनी सय्याहत के लिए मश्हूर हैं अपनी किताब **हिंदुस्तान के सफ़र की याददाश्तें/NOTES ON MY TRAVEL TO INDIA** में मंदरजाज़ेल बयान करता हैंः

"मैंने एक हिंदुस्तानी आलिम से मुलाकात का वक्त तए किया। वो आलिम यूरोप में इतना ज़्यादा मशहूर था के उसे मुखतलिफ़ युनिवर्सिटियों की जानिब से प्रोफ़ेसरी की पेशकश की गई थी। हम दोनो ने हिंदुस्तान में मौजूद एक ब्रिटिश क्लब में मिलने का फ़ैसला किया। जब वो हिंदुस्तानी आलिम वहाँ पहुँचा तो अंग्रेज़ अमले ने उसकी शौहरत से कतअ नज़र उसे अंदर दाखिल होने से मना कर दिया और उसे उस वक्त इजाज़त मिली जब मैंने तमाम मामले को भाँपते हुए ये इसरार किया के ब्रिटिश में इस हिंदुस्तानी क्लब में दाखिल की इजाज़त हासिल हैं।

अंग्रेज़ों ने दूसरे लोगों के साथ जानवरों से भी बरतरीन सुलूक किया। उनकी सबसे बड़ी कालोनी इंड़िया हैं, जहाँ उन्होने सालों तक जंसी मज़ालिम और वहशियाना सुलूक का जुर्म किया, अम्रितसर शहर में मज़हबी रसम की अदाएगी के लिए आए हुए हिंदुओं के एक ग्रप ने अंग्रेज़ ईसाई राहिब के सामने सिर न झुकाया जिस पर उस राहिब ने ब्रिटिश जनरल डायर से शिकायत करदी। इतनी सी बात पर इबादत में मसरूफ़ हिंदुओं पर गोली चलाने का हुकूम दे दिया। सिर्फ़ दस मिनट में सात सौ लोग मारे गए जबकि हज़ार से ज़्यादा ज़ख्मी हो गए। जनरल सिर्फ़ इस बात से मुतईन नहीं हुआ उसने लोगों

को मजबूर किया के वो जानवरों की तरह हाथ और पाओं की मदद से रिंग कर ज़मीन पर चलें तीन दिन तक ऐसा किया गया। एक शिकायत की रिपोर्ट तैयार करके लंदन भेजी गई जिस पर हुकूमत ने तफ़शीश का हुकूम सादर किया।

जब हिंदुस्तान भेजे गए तफ़शीशी अफसर ने जनरल से पूछा के उसने किस वजह से निहथ्थे लोगों पर गोलियाँ चलवाई तो जनरल ने जवाब दिया, "मैं हिंदुस्तान में अंग्रेज़ फौज का कमांड़र हूँ। मैं यहाँ होने वाले आपरेशनो के लिए हुकूम देता हूँ मैंने ऐसा हुकूम दिया क्योंकि मैं उसे सही समझता हूँ।" जब इंसपेक्टर ने पूछा के लोगों को ज़मीन पर रेंगने का हुकूम देने की क्या वजह थी, तो जनरल ने जवाब दिया, "कुछ हिंदुस्तानी अपना सिर खुदा के सामने झुकाते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता था के एक अंग्रेज़ औरत भी हिंदुओं के खुदा के जितनी मुकददस हैं। इसलिए उन्हें उस औरत के सामने भी सिर झुकाना होगा। सिर्फ़ खुदा के सामने सिर झुकाना उस औरत की बेइज़्ज़ती है।" जब इंस्पेकटर ने उसे याद दिलाया के उन लोगों को खरीदारी और दूसरे कामों के लिए बाहर जाने की ज़रूरत भी पेश आ सकती थी तो जनरल ने जवाब दिया, "अगर ये लोग इंसान होते तो गलियों में मुँह के बल रेंगना कभी कुबूल नहीं करते। ये लोग सपाट छतों वाले घरों में रहते थे। वो अपनी छतों पर इंसानो की तरह चल सकते थे।" जनरल की ये बातें ब्रिटिश अखबारात में सुरखियों में छपी और उसे कौमी हिरो बना दिया गया। [डायर, रिनालड़ एडर्वड़ हेरी **1281** [ए .डी. **1864**] में पैदा हुआ और **1346** [ए .डी. **1927**] में लंदन में मरा। दुनिया की तारीख उसे इस तरह पेश करती हैं "एक मशहूर अंग्रेज़ जनरल जिसे अम्रितसर में ब्रिटीश मज़ालिम के खिलाफ़ होने वाली बग़ावत को पूरे शहर को खून की झील में तबदील करके **13** अप्रेल **1919** को कुचल डाला था।" जब पूरे हिंदुस्तान में अंग्रेज़ हुकूमत के खिलाफ़ बड़े पेमाने पर मुज़ाहरे शुरू हो गए तो उसे रिटायर कर दिया गया। ताहम ब्रिटीश हाऊस आफ लार्डस

ने फ़ैसला किया के उसके अमाल काबिले तहसीन हैं इसलिए उसकी मदद करनी चाहिए।ये हकीकत इस बात को वाज़ेह करती हैं के ब्रिटीश नवाब और अवाम दूसरे लोगों को किस नज़र से देखते हैं।] अंग्रेज़ अपनी इन कालोनियों में जहाँ के मकीन गोरे और असली यूरोपी हों, में बनिस्वत उन कालोनियों/नोआबादियों के हों जहाँ के मुकीम काले, सांवले या ग़ैर यूरोपी हो, मुखतलिफ़ इंतेज़ामी निज़ाम अपनाते हैं।पहला तवका मराअत याफता हैं क्योंकि उन्हें जुज़वी आज़ादी हासिल थी।जबकि दूसरा ग्रुप हर वक्त उनकी ज़ालमाना कारवाइयों से चींखता रहता था।नोआबदियों का पहला 'dominions' कहलाया जाने वाला ग्रुप दाखली मामलात में खुदमुखतार था ताहम खारजी मामलात ब्रिटीश के हाथ में थे ऐसी नौआबादियों की मिसालें केनेडा/चनदा, ऑस्ट्रेलिया और नयूज़िलैण्ड आदि हैं।

नौआबादियों से मुतअल्लिक मआमलात दो विज़ारतों के सपरूर किए जाते थे।ये मुश्तरका दौलत की विज़ारत और हिंदुस्तानी विज़ारत हैं।मुश्तरका दौलत की विज़ारत का सरबराह **वज़ीरे मुमलकत बराए महकमा नौआबादयात** कहलाता हैं।इस सेक्रेटरी (या वज़ीर) के दो कोनसिलर और चार मातहत होते हैं।एक कोनसिलर दारूलडलूम/house of connons से मुतंखिब किया जाता हैं।जबकि दूसरा कोनसिलर और चार मातहत मुस्तकिल तौर पर ऑफिस में होते हैं।हुकूमती तबदीली का इन ओहदों पर कोई असर नहीं पड़ता।चार मातहतों में से एक कनेडा और ऑस्ट्रेलिया और चंद दूसरे जज़ीरों से मुतअल्लिक मआमलात संभालता हैं, दूसरा जुनबी अफ़्रीका के मआमलात का ज़िम्मेदार होता हैं, तीसरा मशरीकी व मग़रीबी अफ़्रीका पर हुकूमरानी करता हैं जबकि आखिरी को हिंदुस्तान के मआमलात सौंपे जाते हैं।

पुर तअफ़ुन बुनयादों, इस्लाम दुश्मनी, मुतलकुल अनानी, धोकेबाज़ी और खबासत पर मुबनी ब्रिटीश सरकार पहले पहल अपने आपको ऐसी रियास्त का नाम देती थी जिस पर "बाज़ मुल्क मसलन केनेड़ा, जुनूबी अफ़्रीका, फिजी,

जज़ाइर बहरे अलकाहिल पापुआ, टाँगा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटीश बलोचिस्तान, बर्मा, अदन, सुमालिया, बोरनियो, बरूनाई, सरावाक भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, मलेशिया, इंडोनिशिया, हाँक काँग, चीन के बाज़ हिस्से, साएपरास, मालटा, (और 1300 [ए .डी. 1882]) में मिस्र, सुडान, नाजर, किनया, नाएजिरिया, युगांडा, ज़िम्बाबवे, ज़ामबिया, मलावी, बहामस, ग्रेनाडा, घयाना, बोस्तवाना, घमबिया, घाना, साएरा लिओन, तनज़ानिया और सिंगापुर अंग्रेज़ों के कबज़े में थे। दुनिया के इन मुल्कों को अपने मज़हब, ज़बानों, रस्मो रिवाज़ और सखाफ़त को खोना पड़ा। मज़ीद ये के उनके कुदरती वसाइल और कुदरती ज़राए को ब्रिटीश ने नाजाइज़ तौर पर इस्तेमाल किया।

19 वीं सदी में अपने हमलों के इखतेताम पर अंग्रेज़ों ने दुनिया के एक चौथाई हिस्से को अपने कब्ज़े में कर लिया, दुनिया की एक चौथाई से ज़्यादा आबादी की नौआबादी बना दिया।

अंग्रेज़ नौआबादियों में हिंदुस्तान सबसे शानदार और सबसे अहम था। ये हिंदुस्तान की कसीर आबादी (जो उस वक्त 30 करोड़ और अब 70 करोड़ से ज़ायदा है), और उसकी लाज़वाल कुदरती दौलत थी जिसने ब्रिटीश को आलमगिर हुकूमरानी हासिल करने की हिम्मत दी। पहली जंगे अज़ीम में ब्रिटीश ने 15 लाख हिंदुस्तानी अवाम को जंगी सिपाही के तौर पर इस्तेमाल किया और हिंदुस्तानी खज़ानों में से दस खरब नकद भी इस्तेमाल किया। उन्होंने इन असासों का इस्तेमाल ज़्यादातर उसमानिया सलतनत को टुकड़े करने में किया। अमन के ज़माने में भी हिंदुस्तानी ही था जिसने ब्रिटीश की बड़ी सनअतों को सहारा दिया और इस तरह ब्रिटिश मआशीयत और खज़ाने को तबाह होने से बचाए रखा। हिंदुस्तान के अहम नौआबादी होने के दो असबाब थेः पहला, ये के हिंदुस्तानी एक ऐसा मुल्क था जहाँ इस्लाम वसीअ पैमाने पर फैला हुआ था, जिसे ब्रिटीश तमाम दुनिया पर कब्ज़ा करने के मंसूबे में सबसे बड़ी रूकावट

समझते थे, और मुसलमान इस मुल्क में ताकत में भी थे। दूसरी वजह, हिंदुस्तान के कुदरती खज़ाने थे।

हिंदुस्तान को अपने कबज़े में रखने के लिए ब्रिटीश ने उन तमाम मुसलमान मुल्कों पर हमला कर दिया जिन का हिंदुस्तान से आमदो रफ़त का राबता था, उनके बीच फितने और शर्र के बीज बोए और भाई को भाई से लड़वाया, उन मुल्कों को अपने कब्ज़े में लेकर उनकी कौमी दौलत को ओर कुदरती दौलत को वापिस अपने मुल्क में भिजवाया।

ब्रिटीश पालिसी की फ़ितरत में शामिल जबली ग़दराना खसलतें साबित करती हैं के उन्होने सलतनत-ए उसमानिया में उठने वाली तहरीकों की बहुत बारिकी और खुफ़िया तरीके से मदद की और उसमानिया सलतनत की कोई सियासी चालों के ज़रिए से रूस के साथ जंग में लगा दिया और इस तरह उन्हें ऐसे हालात में फंसा दिया के उनके लिए हिंदुस्तान की मदद करना नामुमकिन हो गया। हिंदुस्तान के पहले युरोपी आबादकार पुर्तगाली थे। जो हिंदुस्तान के मालाकार साहिली इलाके के शहर कलकत्ता की बंदरगाह पर **904** [ए . डी. **1498**] में लंगरअंदाज़ हुए। पुर्तगालियों ने तिजारत में दाखिल होकर हिंदुस्तान की तिजारत पर कब्ज़ा कायम कर लिया मगर कुछ अरसे बाद ही उनकी ये हुकूमरानी डच ने ले ली। वो जिन्होंने डच से इंडिया की तिजारत छिनी वो फ्रेंच थे। ताहम कुछ अरसे बाद इन सब लोगो को ब्रिटीश के आगे सिर झुकाना पड़ा।

जैसा के किताब **अस-सुरतल-उल-हिंदिया** (जिसका मतलब '**हिंदुस्तानी इंकलाब**') **में** बयान किया गया हैं, ये अलामा मुहम्मद फ़ज़ल-ए हक़ खैर आबादी, हिंदुस्तान के एक अज़ीम इस्लामी आलिम के ज़रिए लिखी गई और उनकी **अल-यवाकीत-उल-मिहरिय्या** नाम की आलोचना में बयान हैं, ये **1008** [ए. डी. **1600**] का साल था जब ब्रिटीश ने अकबर शाह से कलकत्ता

में तिजारती मकर्ज़ खोलने के लिए इजाज़त माँगी।उसी साल महारानी एलिज़ाबेथ अव्वल ने ईस्ट इंड़िया कम्पनी के कवाईद की मंज़ूरी दी।इन कवाईद के तहत कम्पनी के इजाज़त दी गई के वो ब्रिटेन में फौजी भरती करें और अपने फौजी बहरी बैढ़े के कयाम और हिंदुस्तान में तिजारती व फौजी मुहिमों को मुंज़म करने के लिए उन्हें मसलह करें।

अंग्रेज़ों ने शाह आलम अव्वल के वक्त में कलकत्ता में ज़मीन खरीदी।([1] शाह-ए-आलम बिन आलमगीर ने **1124** [सी.ई. **1712**] में वफ़ात पाई)।अपनी ज़मीन की हिफ़ाज़त के बहाने फौजियों को वहाँ ले आए।अकबर शाह मज़हबी मआमलात को बराबर मानने वाला ख़राब आदमी था।दर हकीकत, उसने सारे मज़हबों के आलिमों को बुलाया ओर तमाम मज़हबों पर मुबनी एक मज़हब कायम करने की कोशिश की, ओर इस नए मज़हब का सरकारी एलान जारी किया, **990** [ए.डी. **1582**] में जिसका नाम उसने **दीन-ए-इलाही** (इलाही मज़हब) रखा।उस वक्त से उसकी मौत तक, इस्लामी आलिमों की इज़्ज़त पूरे हिंदुस्तान खास तौर पर शाही महल में मुसलमान कम होते रहें और जिन लोगों का झुकाओ अकबर शाह के नए मज़हब की तरफ़ था उनकी खास इज़्ज़त की जाने लगी।ये उन्ही दिनों की बात हैं जब ब्रिटीश हिंदुस्तान में दाखिल हुए।जब अंग्रेज़ो ने **1126** [ए.डी. **1714**], में सुल्तान फ़रूख सर शाह का कामयाब इलाज किया तो बदले में उन्हें ये ईनाम मिला के वो पूरे हिंदुस्तान में जहाँ चाहें ज़मीन खरीद लें।शाह आलम **2** की तख्त नशीनी **1174** [ए.डी. **1760**] के बाद उन्होने अपनी हुकूमरानी बंगाल से लेकर बस्ती हिंदुस्तान और राजस्थान तक फैला दी।उन्होने पूरे हिंदुस्तान में फितना व फ़साद बरपा कर दिया।**1218** [ए.डी. **1803**] में आखिरकार ब्रिटीशो ने शाह आलम **2** को पूरे तौर पर अपने काबू में कर लिया।जो अहकामात वो दिल्ली से जारी करते वो अब शाह के नाम से जारी किए जाने लगे।इस तरह उन्हें ब्रिटीश के गर्वनर जनरल की ताकत को शाह-ए आलम **2**

के बराबर करने में कोई ज़्यादा वक्त नहीं लगा। उन्होने हिंदुस्तानी सिक्कों पर से मुसलमान हिंदुस्तानी बादशाहों के नाम मिटा दिए। **1253** [सी. ई. **1837**] में बहादुर शाह **2** बादशाह बना। लेकिन वो ब्रिटीश मज़ालिम के सामने ज़्यादा देर खड़ा न रह सका और, आवाम के इसरार और फौज की हिम्मत दिलाने पर ब्रिटीश के खिलाफ़ **1274** [ए . डी. **1857**] में एक अज़ीम बग़ावत का आग़ाज़ कर दिया। ताकि वो सिक्कों पर दोबारा अपना नाम कुंदा करवा सके और खुतबा दोबारा उसका नाम लेकर दिया जाने लगे। मगर इस बग़ावत पर अंग्रेज़ो का रददे अमल इंतेहाई शदीद और ज़ालिमाना था। ब्रिटीश फौज ने दिल्ली में दाखिल होकर उसे तबाह कर दिया, घरों और दुकानों में लूट मार की और दौलत व जाएदाद हर चीज़ पर कबज़ा किया। उन्होने इस बात की परवाह किए बग़ैर के वो बूढ़ा हैं या मर्द हैं या औरत, जवान हैं या बच्चा, तमाम मुसलमानों पर तलवारकशी की। वो इतनी वसीअ तबाही थी के लोगों को पीने के लिए पानी तक न मिला।

बहादुर शाह **2** के एक सिपाहसलार जनरल बखत खान ने सुल्तान को अपनी फौज से हथियार डालने के लिए कहा। इसी तरह एक और सिपाहसलार मिर्ज़ा इलाही बख्श ने अंग्रेज़ उमरा के दिल में जगह करने के लिए बहादुर शाह को धोका दिया और कहा के अगर वो अपनी फौज छोड़ दें और हार मान लें तो वो अंग्रेज़ उमरा को कायल करने में कामयाब हो जाएगा के तुम बिल्कुल बेकसूर थे और तुम्हें बग़ावत की सरबराही पर मजबूर कर दिया गया और इस तरह तुम अंग्रेज़ हुक्काम से माफ़ी पा लोगे। बस बहादुर शाह ने अपनी फौज के अहाम अफ़राद को छोड़ दिया और हुमायू शाह के मकबरें में पनाह ली जो दिल्ली में किला-ए-मोअल्ला से दस किलोमिटर था।

रजब अली शाह नामी एक धोकेबाज़ बादशाह को अंग्रेज़ पादरी हडसन के पास ले गया, हडसन अपनी ग़ैर अखलाकी सरगर्मियों की वजह से बदनाम था और अंग्रेज़ फौज में जासूस आफ़िसर के तौर पर काम करता

था। उस शख़्स ने अपनी आदत के मुताबिक अंग्रेज़ फौज के सिपाहसलार जनरल विलसन को खबर दी और उससे बादशाह को गिरफ्तार करने के लिए मदद माँगी। जब विलसन ने उसको जवाब दिया के उसके पास कोई उजरती सिपाही मौजूद नहीं तो हडसन ने तजरीज़ किया के वो ये काम सिर्फ़ चँद लोगों की मदद से कर सकता हैं बशर्त ये के बादशाह को इस बात की ज़मानत दी जाए जो हार मान लेने की सूरत में उसे उसके घर वालों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाएगा। पहले पहल विलसन ने ये तजवीज़ रद करदी मगर बाद में राज़ी हो गया। उसके बाद हडसन **90** लोगों को अपने साथ लेकर हुमायूँ शाह के मकबरे पर पहुँचा और बादशाह को यकीन दिलाया के उसे उसके बेटों और उसकी बीवी को कोई गज़ंद नहीं पहुँचाई जाएगी। पादरी की बात को सच्चा मानते हुए, बहादुर शाह ने हथियार डाल दिए। बादशाह के दो बेटे और एक पोते ने हार नहीं मानी थी इसलिए हडसन ने उन्हें गिरफ्तार करना चाहा। लेकिन उनके पास इतने मुहाफ़िज़ थे के उन्हें गिरफ्तार करना नामुमकिन था। इसलिए उसने जनरल विलसन की इजाज़त माँगी के उन्हें भी ज़मानत दी जाए के अगर वो हथियार डाल देंगे तो उन्हें नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा। बादशाह के बेटों और पोते के पास कई पैग़ाम रसान भेजने के बाद, हडसन बदमाश उन्हें ये यकीन दिलाने में कामयाब हो गया के उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुँचाएगा। ये लोग भी पादरए के फरेब में आ गए और हथियार डाल दिए। जैसे ही हडसन ने बादशाह के दो बेटों और पोते को गिरफ्तार किया तो अपने वादे के बरखिलाफ़ उन्हें जज़ीरों में जकड़ और उनकी जान बख़शी के बजाए उन्हें कत्ल करने का पक्का इरादा कर लिया।

जब शाह के दो बेटों और पोते को दिल्ली ले जाया जा रहा था उनके बंधे हाथों के साथ तो हडसन ने जवान शहज़ादों को नंगा कर शहीद कर दिया। उसने उनका ख़ून पिया। लोगों को डराने के लिए उसने उनकी लाशों को किलाबंद शहर के दरवाज़े पर लटका दिया। दूसरे दिन उसने उनके सिर गर्वनर

जनरल हेनी बरनार्ड को भेज दिए। फिर, उसने उन शहीदों के गोशत से बने हुए सूप का एक पियाला शाह और उसकी बीवी को भेज दिया। बहुत ज़्यादा भूखे होने की वज़ह से, उन्होंने जल्दी से कुछ हिस्सा अपने मुँह में उंडेल लिया। हाँलाकि उन्हें मालूम नहीं था के वो किस किस्म का गोशत था मगर न वो उसे चबा सके और नही निगल सके। बजाए इसके उन्होने उलटी करदी और सूप को ज़मीन पर नीचे रख दिया। हडसन बदमाश ये देखकर कहने लगा, "तुमने इसे क्यों नहीं खाया, ये इंतेहाई मज़ेदार सूप हैं। मैंने इसे तुम्हारे बेटों के गोशत से बनाया हैं।

1275 [ए.डी. **1858**] में बहादुर शाह **2** को तखत से हटा दिया गया और युरोपियों के कत्ले आम और बग़ावत कराने के जुर्म में कानूनी कारवाई की गई। **29** मार्च को उसे उमर कैद की सज़ा सुनाई गई और देश निकालके रंगून भेज दिया गया। नवंबर **1279** [ए .डी. **1862**] के दोरान्न इस्लामी गुरग़ानी/मुग़ल सलतनत के आखिरी सुल्तान बहादुर शाह का अपने मुल्क से दूर एक अंधेरी ज़मीन में मर गया। दूसरी तरफ़, अल्लामा (मुहम्मद) फ़ज़ल-ए हक़ को अन्डामान आइसलेन्ड को काल कोटरी मे बंद कर **1278**[सी **1861**] अंग्रेज़ों ने शहीद कर दिया ।

हिंदुस्तान को अपना मातहत मुल्क करार दे दिया। सल्तनते उसमानिया को इस जंग में ग़र्क करके मिदहत पाशा ने इस्लामी दुनिया पर सब से कारी ज़र्ब लगाई, वो बदनाम ज़माना श्काच मैसन अंजुमन का बाकाएदा रूकन था। सुलतान अब्दुल अज़ीज़ खान को शहीद करना ब्रिटीश हुकूमत के लिए उसकी एक ओर आला खिदमत थी।

ब्रिटीशे ने खुसूसी ऐजेण्टों की तरबीयत की और उन्हें उसमानिया हुकूमत में ऊंचे औहदो पर फ़ाइज़ कर दिया। ये आला ओहदे वाले नाम के तो उसमानी थे लेकिन बोलने और दिमाग़ से ब्रिटीश थे। मुसतफ़ा रासिएद पाशा इन सब

आदमियों में सबसे ज़्यादा रूसवा था, उसे आफिस में सिर्फ़ **6** दिन हुए थे मुसलमानों का आखिरी बड़ा बने जब उसने ब्रिटीश को **28** अक्टूबर **1857** को हिंदुस्तान के मुसलमानों पर दिल्ली में लूट मार और ज़ुल्म करने के लिए मुबारकबाद दी।

उससे पहले ब्रिटीश ने उसमानिया सलतनत से अपने फौजियों को मिस्र के रास्ते भारत भेजने की इजाज़त तलब की ताकि ये फौजी इन मुसलमानों को कुचल सकें जिन्होंने हिंदुस्तान में अंग्रेज़ों के मज़ालिम के खिलाफ़ बग़ावत कर दी थी। ये इजाज़त अंग्रेज़ जासूसों की मदद से ब्रिटीश को मिल गई।

ब्रिटीश ने हिंदुस्तान में नए स्कूल खोलने पर पाबंदी लगादी, बल्कि उन्होने सारे मदरसे और प्राइमरी स्कूल भी बंद करवा दिए जो इस्लामी शरीअत की बुनियादी और इमतियाज़ थे, और उन्होने सारे आलिमों और मज़हबी मुंतज़मीन को भी शहीद कर दिया गया जो अवाम की रहनुमाई कर सकते थे। इस मोके पर हम मुनासिब समझते हैं के एक सच्ची कहानी बयान करते हैं जो हमारे एक दोस्त ने हमें हिंदुस्तान और पाकिस्तान के सफ़र के वापसी पर सुनाई **1391** [ए.डी. **1971**]।

"सरहिंद शहर में औलिया इमामे रब्बानी और दूसरे कददस अल्लाह सिरहू के मज़ारों पर जाने के बाद, मैं पहले पानीपत शहर और फिर दिल्ली चला गया। पानीपत की सबसे बड़ी मस्जिद में जुमें की नमाज़ अदा की। उसके बाद इमाम की दावत पर उनके घर चला गया। रास्ते में, मैंने एक बड़ा दरवाज़ा देखा जो मेटी कड़ियों वाली ज़ंज़ीर के साथ बाँध दिया गया था। दरवाज़े पर लगे कुतबे से मालूम होता था के वो प्राइमरी स्कूल हुआा करता था। मैंने इमाम से पूछा ये बंद क्यों हैं। इमाम ने बताया ये **1367** [ए.डी. **1947**] से बंद हैं। ब्रिटीश ने हिंदुओं को अपना आला बनाकर इस कज़बे के तमाम मुसलमान मर्द, औरत, बच्चों और बूढ़ों को कत्ल करवाया। ये उस दिन से बंद हैं। ये ज़ंज़ीर

और ताला हमें अंग्रेज़ों की उस जुल्म और सफ़ाफ़ाकी की याद दिलाता है। हम लोग तो महालरीन हैं जो बाद में आकर यहाँ बस गए।”

अंग्रेज़ों ने तमाम इस्लामी आलिमों, इस्लामी किताबों और इस्लामी स्कूलों का खात्मा कर दिया, और यही वो अमल हैं जो वो तमाम मुसलमान मुल्कों के साथ अपनाते हैं। इस तरह इन चीज़ों के खात्में से नौजवान नसल को तमाम दीनी इकदार से नाआशना ओर बैगाना कर दिया गया।

बदनाम अंग्रेज़ लार्ड मिकाले जैसे ही **1834** में कलकत्ता पहुँचा, उसने तमाम इकसाम की अरबी और फारसी इशाअत पर पाबंदी लगादी और हुकूम दिया के जो किताबें इशाअत के मरहले में हैं उन्हें बंद कर दिया जाए, और उसके इस बरताओ की अंग्रेज़ रफ़ीककारों ने इंतेहाई हिमायत की। ये जुल्म सिर्फ़ मुस्लिम अकसरियत के इलाकों, खासतौर से बंगाल में लागू किया गया।

हिंदुस्तान में एक तरफ़ तो ब्रिटीशो ने इस्लमी मदरसें बंद कर दिए और दूसरी तरफ़ **165** कॉलिज खोले, जिन में से आठ लड़कियों के लिए थे। जो तालिबे इल्म इन कालिजों में पढ़ते थे उनका ब्रेन वाश करके उन्हें उनके बापो के मज़हब, और आबाओ अजदाद से मुखतलिफ़ बनाया जा रहा था। जिस अग्रेज़ फौज ने हिंदुस्तान में मज़कूरा मज़ालिम और वहशियाना अमाल का जुर्म किया उस फौज का दो तिहाई उन मकामी लोगों पर मुशतमिल था जिन का ब्रेन वाश करके उन्हें अपनी कौम का मुखतलिफ़ बनाकर ईसाइ या बिकाऊ बना दिया गया। **1249** [सी. ई. **1833**] में नाफ़िज़ किए जाने वाले कानून ने ईसाई सरगरमियों के फ़ैलाओ और प्राटेस्ट फ़िरके इस्तहकाम में मदद दी। इन ईसाई अज़ाईम व हरकात के फ़ैलाओ और हिंदुस्तान के मुकम्मल तौर पर अग्रेज़ों की हुकूमती में आने से पहले ब्रिटीश मुसलमानों के मज़हबी अकाइद का एहतराम करता था; मुसलमानों की मज़हबी छुट्टियों को मानने के लिए वो लोग तौप के गोलों से धमाके करते थे, उनकी मस्जिदों और दूसरी इबादत गाहों

की तामीर में मदद की पेशकश करते थे, यहाँ तक के मुकददस अदारों और जगाहों मसलन मसाजिद मदरसे और मज़ारो वग़ेरा की तामीर में भी हिस्सा लिया करते थे। **1833** और **1838** में ब्रिटीश से आने वाले महकमों के पैग़ामात में अग्रेज़ों को इस किस्म की चीज़ों में हिस्सा लेने से मना कर दिया गया। जैसा के ये बातें साबित करती हैं के इस्लाम मज़हब पर हमला करने के लिए जो मंसूबे उन्होने बनाए थे वो पहले दुनिया के मुसलमानों को दोस्त और मददगार बनकर धोका देना था और ये जज़बा उन्होने दूर दूर तक फ़ैलाया के वो मुसलमानों से मौहब्वत रखते हैं और इस्लाम की खिदमत करना चाहतें हैं, और फिर, ये मकसद हासिल करने के बाद, आहिस्ता आहिस्ता सारी इस्लामी ज़रूरयात, कितावें, स्कूलों, और आलिमों को तहस नहस कर दिया जाए। ये उनकी दोहरी पॉलिसी मुसलमानों के लिए बहुत नुकसान वाली रहीं बल्कि इस्लाम के लिए तबाहकुत रहीं।

बाद में, उन्होने अंग्रेज़ी को सरकारी ज़बान करार दिलाने और मकामी लोगों की नई नसल को ईसाई बनाने की कोशिश और तेज़ करदी। इस मकसद में कामयाबी के लिए उन्होने ऐसे स्कूल कायम किए जो पूरे तौर पर मिशनरियों के काबू में थे। दर हकीकत, ब्रिटीश के वज़ीर आज़म लार्ड पालर्मसटन और दूसरे कई ब्रिटीश लार्डस कहा करते थे के "खुदा ने ब्रिटीश को हिंदुस्तान इसलिए दिया है ताकि हिंदुस्तानी लोग ईसाइयत की नस्लों को हासिल करके उनका मज़ा ले सकें।"

लार्ड मिकाले ने अपनी सारी ताकत और मदद इस बात पर लगा दी के हिंदुस्तान में एक ब्रिटीश कौम कायम की जाए जो रंग और खून में हिंदुस्तानी हो लेकिन इच्छाओं, सोच, खयाालात, अखलाक और ज़हनी पहुँच में अंग्रेज़ हों। इसलिए, ईसाइयों के कायम करदा स्कूलों में ज़्यादा ध्यान और वक्त अंग्रेज़ी ज़बान और अदब और ईसाइयत की तालीमात पर था। सांईसी इल्म, (जैसे के हिसाब, फ़िज़िक्स कैमिस्टरी, वग़ैरह), को पूरे तौर पर नज़रअंदाज़

कर दिया गया था। इस तरह ऐसे लोगों की तादाद पैदा की गई जो सिवाए अंग्रेज़ी ज़बान के और अदब के कुछ और नहीं आता था। फिर इन लोगों को शहरी इंतेज़ामिया में नौकरियाँ दी गई।

इस्लामी कानून हैं के जो शख्स अपना ईमान छोड़ेगा वो एक मुरतदद बन जाएगा, जबकि हिंदू भी, उसको जो हिंदू मज़हब से दूर हो जाए उन्हें ग़ैर मज़हब करार दे देते हैं, लोग जो ईसाइयत अपना लेते थे वो अपने वालदेन की जाएदाद हासिल नहीं कर सकते थे। इन कानून को खत्म करने के लिए, मिशनरियों ने एक कानून बनाया, जिसे पहले **1832** में बंगाल में लागू किया गया, और उसके बाद **1850** में, पूरे हिंदुस्तान में लागू किया गया, इस तरह, इससे ये मुमकिन हुआ के ईसाइयत अपनाने वाले मुरतदिद और ग़ैर मज़हबियों को अपने वालदेन की जाएदाद में हिस्सा मिल सकें। इस वजह से, हिंदुस्तान में मौजूद अंग्रेज़ी स्कूलों को अंग्रेज़ी हिंदुस्तानी **शैतानी रजिस्टर** बोला करते थे। [हिंदुस्तान में और उस्मानिया सलतनत में सरकारी ब्यूरों और अदारों को दफ़तर (रजिस्टर) कहा जाता था।] फ्रेंच लेखक marcalle permean जब वापिस चला गया तो एक किताब शाय की। वो अपनी इस किताब में कहता हैं, "कलकत्ता, हिंदुस्तान का सबसे बुनियादी शहर, इतनी ज़्यादा खराब हालत में था के लंदन और पैरिस के आस पास में मौजूद गुरबत से बदहाल बस्तियाँ भी उसकी मिसाल देने के लिए इंतेहाई नाकाफ़ी हैं। लोग और जानवर एक साथ कोठरियों में रहते हुए, रोते हुए बच्चे और तड़पते हुए बीमार लोग। इसके अलावा तुम ऐसे लोग भी देखोगे जो लगातार शराब और मंशियात के इस्तेमाल की वजह से, ज़मीन पर इस तरह लेटे हुर जैसे कोई मरे हुए लोग। इन बेहद भूके, मुसिबत के मारे, कमज़ोर और थके हुए लोगों को देखकर, कोई शख्स भी अपने आप से ये सवाल करने की हिम्मत नहीं कर सकता के ये लोग ज़मीन पर क्या कर सकते हैं।

"लोगों के झूठ कारखानों की तरफ़ घसीटते चले जाते थे, और इन लोगों को ये कारखाने कितना अपने मुनाफ़ों में से देने वाले थे? ज़रूरतयात, मुशकलात, वबाई वीमारियाँ, शराब और मंशियात पहले से कमज़ोर, नहीफ़ और वेबस लोगों को तबाह व बरबाद कर रहे हैं। ज़मीन पर किसी और जगह इंसानी ज़िंदगी के साथ इतनी बेशर्मी और बदसलूकी वाला सुलूक नहीं किया जाता जितना के यहाँ पर। कोई काम और मेहनत यहाँ सख्त, मुश्किल और सहत के लिए नुकसान नहीं समझी जाती। अगर कोई मज़दूर मर जाता हैं तो उसकी कोई अहमियत नहीं हैं। उसकी जगह कोई दूसरा ले लेता हैं ब्रिटीश सरकार के लिए अगर कोई सोचने वाली बात हैं तो वो ये हे के किस तरह पैदावर और कीमतें बढ़ाई जाएँ और किस तरह ज़्यादा से ज़्यादा दौलत कमाई जाए।"

विलियमस जेंनिगस बरयन, एक साबिक यू .एस का खारजा सेक्रेटरी ने सबूतों के साथ साबित किया के ब्रिटीश सरकार रूस से ज़्यादा ज़ालिम और कमीने थे; जो बयान उसने अपनी किताब **हिंदुस्तान में ब्रिटीश सरकार british domination in india** में लिखा हैं वो मंदरजाज़ेल हैंः "हिंदुस्तानी लोगों की ज़िंदगी को भलाई और खुशी से सरफ़राज़ करने का दावा करने वाली ब्रिटीशो ने लाखों हिंदुस्तानियों को उनकी कब्रों तक पहुँचाया। ये कौम (अंग्रेज़) जो हर जगाह शेखी घाड़ती फिरती हैं के उसने कानूनी अदालतें और नज़मों ज़बत कायम किया दरहकीकत इस कौम ने हिंदुस्तान को सियासी ग़बन के ज़रिए उसकी बुनियादों तक लूट ड़ाला। डाकाज़ानी शायद किसी हद तक एक सही नाम हो ताहम कोई दूसरा लफ़ज़ अंग्रेज़ों की सफ़फ़ाकी को इतनी अच्छी तरह बयान नहीं कर सकता।

"ईसाई होने का दावा करने वाले अंग्रेज़ो का ज़मीर इस बात पर भी राज़ी नहीं होता के वो हिंदुस्तान के मुसलमानों की मदद के लिए पुकारी गई आवाज़ सुनें।"

मिस्टर होडबर्ट केमबटन/mister hodbert kembtan ने अपनी किताब **हिंदुस्तानी की ज़िंदगी।life of the india** में कहा, "एक हिंदुस्तानी अपने आका [अंग्रेज़] के ज़रिए अज़िज़यत दिया जाता हैं, ताहम वो फिर भी तब तक काम करता रहता हैं जब तक के वो अपना सब कुछ गंवा नहीं देता, जब तक वो मर नहीं जाता।"

हिंदुस्तानी मुसलमान जिन्हें ब्रिटीश की दूसरी नौआबादियों में नौकरियाँ दी गई थीं वो उससे ज़्यादा बदतर हालत में थे।1834 में ब्रिटीश सनतकारों ने अफ्रीकियों के बजाए हिंदुस्तानी मज़दूरों को भरती करना शूरू किया।हज़ारों मुसलमान हिंदुस्तान से साऊथ अफ्रीकी नौआबादी में भेजे गए।इन मज़दूरों की हालतें जिन्हें **कूली** कहा जाता था, गुलामों से भी खराब थी।उन्हें एक समझौते जिसे **दस्तावेज़ मज़दूर** कहा जाता था उसके तहत बेबस कर दिया जाता था।इस समझौते के मुताबिक, कूली को पाँच साल के लिए दस्तावेज़ी तौर पर महदूद कर दिया जाता था।इस अरसे के दौरान वो ना तो अपना काम छोड़ सकता था और नही शादी कर सकता था; उसे दिन ओर रात रोते हुए कोड़ो के नीचे काम करना होगा।मज़ीद ये के उसे सालाना तीन ब्रिटीश सोने के सिक्के टेक्स के तौर पर देने होंगे। "ये हकीकतें पूरी दुनिया में इशाअत के ज़रिए एलान की गई जैसे के **हिंदुस्तान में मज़दूर**, **post-lecture in the university of new York"**

गाँधी, एक मश्हूर हिंदुस्तानी हुकमरान, ब्रिटेन से तालिम हासिल करके हिंदुस्तान वापिस आए।वो एक ईसाईयत वज़न हिंदुस्तानी बेटे थे।दरहकीकत, उनका बाप पोरबंदर शहर के थे।जब 1311 [ए.डी. 1893] में उन्हें ब्रिटीश कंपनी की तरफ़ से जुनबी अफ्रीका भैजा गया और उन्होने वहाँ हिंदुस्तानियों की हालत देखी और कितने वहशयाना बरताव उनके साथ किया जाता था वो सब देखकर, उन्होने अंग्रेज़ो के खिलाफ़ जदोजहद शुरू करदी।हालाँकी वो ई साईयत ज़दा शख्स का बेटे थे फिर भी ब्रिटीश ज़ुल्म और सफ़्फ़ाकी बरदाशत

नहीं कर पाए। ये उनका उस तहरीक तरफ़ पहला कदम था जो तहरीक बाद में उनकी शौहरत का बाइस बनी।

ब्रिटीश ने तमाम मुस्लिम दुनिया पर जिस हिकमत अमली का मुज़ाहिरा किया उसकी बुनियादें इस तीन हरफ़ी नारे पर मुबनी हैंः "उनके ईमान को तोड़ दो, तबाह करदो और उस पर हुकूमरानी करो।"

उन्होने अपनी इस पालिसी/हिकमत अमली को हर मुमकिन पूरा किया, चाहे किसी भी तरह।

सबसे पहली चीज़ जो उन्होने हिंदुस्तान में ढूँढी वो थी ऐसे लोगों की तलाश जो उनकी खिदमत कर सकें। उन लोंगों का इस्तेमाल करके, उन्होने फितने की आग भड़काई। इस मकसद के लिए सबसे मुनासिब हिंदू थे जो मुसलमानों की हुकूमत में रहें थे, इसलिए उन्होने इन लोगों को इस्तेमाल किया। हिंदू मुसलमानों की मुनसिफ़ाना हुकूमरानी में अमल भरी ज़िंदगी गुज़ार रहे थे, जब अंग्रेज़ों ने उन तक रसाई हासिल की और उन्हें इस बात पर उकसाया के हिंदुस्तान के असल मालिक वो हैं और ये के मुसलमान मज़हबी कुरबानी के नाम पर हिंदूओं के खुदाओं को कत्ल कर रहें हैं, और ये के इस अमल को जल्द ही खत्म कर देना चाहिए। अब हिंदू उनकी तरफ़ हो गए। उन्होने कुछ को उजरती सिपाहियों के तौर पर भरती कर लिया। इस तरह इस्लाम के खिलाफ़ हिंदूओं की नफ़रत, अंग्रेज़ो की बरबरियत और दौलत की लालच को साथ मिलाकर मलका एलीज़ेबथ/queen Elizabeth की एक फौज की तशकील की नसीहत को पूरा किया गया। मुसलमान गर्वनर और हिंदू महाराजाओं के बीच में इख्तलाफ़ पैदा किए गए। इसी दौरान, नापुख्ता ईमान वाले मुसलमानों को भी खरीद लिया गया।

अंग्रेज़ sir lord strachey, जो कई मरतबा मकामे बादशाह के तौर पर काम कर चुका था और जो (हिंदुस्तानी तंज़ीम) एक रूकन भी था, मुस्लिम-हिंदू दुश्मनी के बारे में वो कहता हैं, "जो कुछ भी किया जाएगा हुकूमरानी करने के लिए या इख्तलाफ़ पैदा करने के लिए, वो हमारी सरकार की पालिसी के मुताबिक होगा। हमारी पालिसी के लिए सबसे बड़ी मददगार हिंदुस्तान में मौजूदा दो खुदमुखतार समाज हैं जो एक दूसरे के खिलाफ़ हैं।" इस बरबरियत को सगीन बनाने के लिए ब्रिटीश **1164** [ए. डी. **1750**] से **1287** [ए. डी. **1870**] तक हिंदुओ की मदद लगातार करती रही और मुसलमानों के खिलाफ़ सारी लूट मार और कत्लों ग़ारत में उनका साथ दिया।

1858 से हिंदु-मुस्लिम झगड़े बढ़ते ही चले गए। अंग्रेज़ हिंदुओं को मुसलमानों के खिलाफ़ भड़काते और फिर जब हिंदू हमला करते तो उसे बैठकर मज़े लेते। कोई एक साल भी उन खूनी वाकयात और फितना अंग्रेज़ फसादात के बग़ैर नहीं गुज़ारा जो गाय को मज़हबी कुरबानी के तौर मानने से शुरू होते और सैंकड़ो बल्कि हज़ारों मुसलमानों की मौत पर खत्म होते। दोनो इतराफ़ से फितना और फसाद कराया। कहने के लिए एक तरफ़ मुसलमनों में ये यकीन फ़ैला दिया के एक गाय की कुरबानी सात भेड़ों की कुरबानी से ज़्यादा पाक होगी, जबकि दूसरी तरफ़, हिंदुओं में ये अफ़वाह फैलाई गई के अपने खुदाओं को मौत से बचाना उन्हें दूसरे जहान में ज़्यादा सवाब दिलाएगा। उनकी ये फितना उनके हिंदुस्तान से जाने के बाद भी जारी रहा। हम इस हकीकत की वज़ाहत एक वाक्य से करना चाहेंगे जो **इतलाऊत** नामी रिसाले में लिखा हुआ था, जिसे ईरान में वज़ीरे आज़म मुसददीक के वक्त में शाए किया गया।

एक कुरबानी वाले दिन दो दाढ़ी वाले मुसलमान पगड़ियाँ शैर चौग़े पहने हुए एक गाय को कुरबानी के लिए खरीद कर लाए। घर के रास्ते में, जब वो एक हिंदू इलाके से गुज़र रहे थे, एक हिंदू ने उन्हें रोका और पूछा के वो गाय के साथ किया करेंगे। जब उन्होने कहा वो उसकी कुरबानी करेंगे, तो हिंदू

चिल्लाने लगा, “ए, लोगों! मदद! ये आदमी हमारे खुदा को कत्ल करने के लिए ले जा रहा हैं।” और दोनो मुसलमान भी चिल्लाए, “ए मुसलमानों! मदद! ये लोग हमारी कुरबानी पर कब्ज़ा कर रहें हैं।” हिंदू और मुसलमान उस जगह पर जमा हो गए और लाठियों और चाकूओं से लड़ाई करनी शुरू करदी। सैकड़ों मुसलमान मारे गए। बाद, में, वो दो लोग जो हिंदुओं के इलाके से गाय ले जा रहें थे, ब्रिटिश सिग़रतखाने में जाते हुए देखे गए। इससे ये नतीजा निकला के ये वाक्या अंग्रेज़ों के ज़रिए भड़काया गया। वो मरासला निगार जिसने ये वाक्या बयान किया मज़ीद कहता हैं, “हम जानते हैं तुमने मुसलमानों के कुरबानी के दिन को किस तरह खराब किया।” इस किस्म की तरकीबों और दूसरे लातादाद मज़ालिम से उन्होने मुसलमानों को तबाह और बरबाद करने की कोशिश की।

नोट ः कुरबानी का दिन मुसलमानों के मज़हबी दिनों में से एक दिन जिसमें वो एक भेड़, एक गाए या एक ऊँट को मज़हबी तौर पर कुरबान करते हैं।)

बाद में, जब उन्होने देखा के हिंदू आहिस्ता आहिस्ता उनके खिलाफ़ उठ रहें हैं, तो **1287** [ए.डी. **1870**] से हिंदुओं के खिलाफ़ मुसलमानों की मदद शुरू करदी।

फिर ऐसे अजीब मुसलमान नमूदार हुए जिनके नाम तो मुसलमान थे मगर वो अहल-अस सुन्नत के खिलाफ़ थे, वो कहते थे तलवार से जिहाद करना फर्ज़ नहीं हैं, और उन चीज़ों को हालाल करार देते थे। जिन्हें इस्लाम ने हराम करार दिया था और इस्लाम के ईमान के उसूलों को बदलने की कोशिश की। सर सय्यद अहमद, गुलाम कादियान, अब्दुल्लाह अहमद ग़ज़नवी, इसमाईल दहलवी, नज़ीर हुसैन दहलवी, सिदिक हसन खान भौपाली, राशीद अहमद कनकुही, वहीद उज़-ज़मान हेदर आबादी, अशरफ़ अली तहानवी, और मुहम्मद इसहाक, जो शाह अब्दुल अज़ीज़ के पोते थे, वो उनमें से चंद थे। इन लोगों की

हिमायत करके, अंग्रेज़ों ने दूसरे नए फिरके पैदा कराए। उन्होने लोगों को इन फिरकों को मनाने के लिए जददाजिहद शुरू करदी।

इन फिरकों में सबसे बुरा **कादियानी** फिरका था, जो **1296** [ए.डी. **1879**] में नमूदार हुआ। उसके बानी गुलाम अहमद कहता था के ये फर्ज़ है (इस्लाम के एहकामात) के जिहाद (मज़हबी जंग) किया जाए असलह के इस्तेमाल के ज़रिए और जो जिहाद फर्ज़ हैं वो नसीहत हैं। बिल्कुल यही बात अंग्रेज़ी जासूस हेमफ़र ने नजदी मोहम्मद से कही थी।

गुलाम अहमद एक मुनाफिक था जो इसाईली ग्रुप से तअल्लुक रखता था। वो **1326** [सी.ई. **1908**] में मर गया ब्रिटीशे ने उसे रकम के ज़रिए खरीदा था। पहले पहल उसने मुजददीद होने का दावा किया; फिर उसने अपने वादे को आगे बढ़ाते हुए कहा के वो वादा करदा महंदी हैं; उसका अगला कदम था के वो ईसा मसीह है। आखिरकार, उसने ये एलान किया के वो एक नबी हैं जिसे एक नए मज़हब के साथ मबऊस किया गया है। जो लोग उसके धोके में आ गए, वो उन्हें अपनी उम्मत कहता था और दावा करता था के कुरआनी आयत में उसकी आमद का पहले से बताया गया है और ये के उसने किसी भी दूसरे नबी से ज़्यादा चमत्कार दिखाए हैं। उसने इलज़ाम लगाया जो उसकी बात नहीं मानेंगे वो काफ़िर हो जाएंगे। उसका फिरका पंजाब और बम्बई के जाहिल लोगों में फ़ैलता गया। कादयानी फिरका अभी तक यूरोप और अमरिका में **अहमदिया** के नाम पर फैल रहा हैं।

सुन्नी मुसलमानों का कहना था के असलेह की मद से जिहाद करना फर्ज़ हैं और ब्रिटीश की खिदमत करना बिदअत हैं। जो मुसलमान ये बाते बताते या मश्वरा देते उन्हें ज़ालिमाना तरीके से सज़ा दी जाती और अकसरियत को कत्ल कर दिया जाता। सुन्नी किताबों को जमा करके उन्हें तबाह कर दिया जाता।

इस्लामी आलिम जिन्हें खरीदा नहीं जा सकता था या जो ब्रिटीश के मकासिद पूरे नहीं करते थे उन्हें मुसलमान कौम से अला कर दिया जाता। उन्हें फाँसी नहीं दी जाती थी के कहीं वो मश्हूर न हो जाएँ, बल्कि उन्हें अंडामान जज़ीरे की बदनाम ज़ेरे ज़मीन कोठरियों में ऊपर कैद कर दिया जाता था। तमाम मुसलमान आलिमों को दौराने इंकलाब बाग़ियों का साथ देने के बदले में इसी ज़ेरे ज़मीन कोठरियों में कैद किया जाता था। [बिल्कुल उसी तरह, जब उन्होने पहली जंगे अज़ीम के बाद उसमानिया पाशा और आलिमों को जिलावतन करके मालटा के जज़ीरे पर भेज दिया था।]

मुसलमान को धोका देने के लिए के वो उनकी इस्लाम के खिलाफ़ बुख्ज़ समझ नहीं पाएँ, उन्होने फतवे जारी किए जो हिंदुस्तान को दारूल हर्ब के बजाए दारूल-इस्लाम करार देते थे, और इन फतवों को सब तरफ़ फैलाया।

